website: www.royalpatrika.com
G-mail: royalpatrika@gmail.com
Yahoo: royal_patrika@yahoo.com

R.N.I. No. RAJHIN/2012/48736

# दैनिक रॉयल पत्रिका

वर्ष : 14 | अंक : 109 | पेज: 8 | जयपुर, रविवार, 29 मार्च 2026 | मूल्य: 1.50 रुपये

## नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री केपी ओली और पूर्व गृह मंत्री गिरफ्तार

नई दिल्ली (एजेंसी)। बालेंद्र शाह ने नेपाल के प्रधानमंत्री के रूप में शपथ लेने के कुछ घंटे बाद ही बड़ी कार्रवाई की है। देश के पूर्व प्रधानमंत्री और सीपीएन-यूएमएल के चेयरमैन केपी शर्मा ओली को पिछले साल हुए जेन-जी आंदोलन के खिलाफ कार्रवाई के मामले में गिरफ्तार कर लिया गया है। नेपाल पुलिस ने ओली के साथ-साथ पूर्व गृह मंत्री रमेश लेखक को भी गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी के



बाद वर्तमान गृह मंत्री सुदान गुरुंग ने फेसबुक पोस्ट के जरिए इसकी जानकारी दी और लिखा कि 'वादा तो वादा है।' बता दें, नेपाल में 8 और 9 सितंबर 2025 को तत्कालीन सरकार के खिलाफ भ्रष्टाचार और बेरोजगारी को लेकर जेन-जी ने विरोध प्रदर्शन शुरू किया। यह प्रदर्शन देखते ही देखते हिंसक हो गया और इसमें कई लोगों की जान गई। वहीं, दोनों पूर्व मंत्रियों की गिरफ्तारी के बाद गृह मंत्री सुदान गुरुंग ने अपने फेसबुक पेज पर पोस्ट में लिखा, "वादा तो वादा है: कोई भी कानून से ऊपर नहीं है। हमने पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली और जाने वाले गृह मंत्री रमेश लेखक को हिरासत में लिया है। यह किसी के खिलाफ बदला नहीं है; यह बस न्याय की शुरुआत है। मेरा मानना है कि देश अब एक नई दिशा में जा रहा है।" नेपाली मीडिया द हिमालयन टाइम्स के अनुसार, ओली को शनिवार की सुबह उनके गुंडू स्थित घर से गिरफ्तार किया गया। कल रात से ही पुलिस की एक टीम गुंडू में उनके घर से ओली को गिरफ्तार करने की कोशिश कर रही है। पुलिस ने आज सुबह ओली की सरकार के तत्कालीन गृह मंत्री रमेश लेखक को भक्तपुर के कुटुंजे में उनके घर से गिरफ्तार किया। द हिमालयन टाइम्स ने बताया कि पुलिस ने ओली और लेखक को जेन-जी आंदोलन में शामिल होने के आरोपों के सिलसिले में गिरफ्तार किया है, जिसमें 8 सितंबर को 19 लोग मारे गए थे। नेपाल के इतिहास में पहली बार चीफ एग्जीक्यूटिव को हत्या के शक में हिरासत में लिया गया है। पहले, पूर्व प्रधानमंत्रियों को आपराधिक शिकायतों की जांच के सिलसिले में हिरासत में नहीं लिया गया था, लेकिन राजनीतिक घटनाओं और विरोध प्रदर्शनों के कुछ मामलों में वे पुलिस की निगरानी में थे। तीन दिन पहले मीडिया में सार्वजनिक हुई जांच आयोग की रिपोर्ट के अनुसार, पूर्व प्रधानमंत्री ओली, तत्कालीन गृह मंत्री रमेश लेखक, पूर्व पुलिस महानिरीक्षक चंद्रकुबेर खापुंग और अन्य को क्रिमिनल कोड 2017 की धारा 182 का उल्लंघन करने के शक में हिरासत में लिया गया था। नए प्रधानमंत्री बालेंद्र शाह के शपथ लेने के कुछ ही घंटों के अंदर, एक कैबिनेट मीटिंग में गौरी बहादुर कार्की के नेतृत्व वाले जांच कमीशन की रिपोर्ट को लागू करने का फैसला किया गया, जिसमें सुरक्षाकर्मियों को छोड़ दिया गया। गृह मंत्री सुदान गुरुंग ने कैबिनेट के फैसले की पुष्टि से पहले पुलिस को 8 सितंबर की घटना की जांच करने का निर्देश दिया था। इसके बाद लॉ सेक्रेटरी परश्वोर धुंगाना ने पूरी रात कमीशन की रिपोर्ट को अमल में लाने और जरूरी बातचीत का ड्राफ्ट तैयार करने में बिताई।

## इंडिगो फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग, बड़ा हादसा टला

नई दिल्ली। दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा पर शनिवार (28 मार्च) सुबह उस समय हड़कंप मच गया, जब इंडिगो की फ्लाइट 6E-579 ने फुल इमरजेंसी घोषित कर दी। यह विमान विशाखापट्टनम




से दिल्ली आ रहा था। जानकारी के मुताबिक, उड़ान के दौरान विमान के एक इंजन में अचानक खराबी आ गई, जिसके बाद पायलट ने तुरंत सूझबूझ दिखाते हुए इमरजेंसी कॉल दी। सुबह करीब 10:39 बजे इमरजेंसी घोषित की गई और रनवे 28 पर सभी सुरक्षा इंतजाम सक्रिय कर दिए गए। उस समय विमान में कुल 161 यात्री और क्रू मेंबर सवार थे। लैंडिंग का अनुमानित समय 10:52 बजे था। राहत की बात यह रही कि विमान में पर्याप्त ईंधन मौजूद था और कोई खतरनाक सामान नहीं था। इमरजेंसी की सूचना मिलते ही एयरपोर्ट पर दमकल विभाग, एम्बुलेंस और मेडिकल टीमें तुरंत स्टैंडबाय पर तैनात कर दी गईं। रनवे के आसपास क्रैश फायर रेस्क्यू यूनिट भी सक्रिय कर दी गई थी, ताकि किसी भी स्थिति से तुरंत निपटा जा सके। बताया जा रहा है कि यह Boeing 737-800 विमान था, जो दो इंजन वाला होता है। तकनीकी खराबी के कारण एक इंजन फेल हो गया, जिसके बाद पायलट ने सिंगल इंजन पर विमान को सुरक्षित उतारा। यह प्रक्रिया बेहद चुनौतीपूर्ण होती है और खास ट्रेनिंग के तहत ही संभव हो पाती है। घटना के बाद नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (DGCA) ने भी बयान जारी किया है। शुरुआती जांच में पता चला है कि इंजन में तेज कंपन के बाद खराबी आई थी। फिलहाल विमान को ग्राउंड कर दिया गया है और तकनीकी टीम द्वारा विस्तृत जांच की जा रही है। इस पूरी घटना में सभी यात्री सुरक्षित हैं, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया।

## सपा वालों ने नोएडा को बनाया था अपनी लूट का एटीएम - प्रधानमंत्री मोदी

नई दिल्ली (एजेंसी)। गौतम बुद्ध नगर जिले के जेवर में नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के उद्घाटन के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने समाजवादी पार्टी और कांग्रेस पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि पहले सपा वालों ने नोएडा को अपनी लूट का एटीएम बना लिया था। कांग्रेस और उत्तर प्रदेश की पिछली सरकारों ने इस एयरपोर्ट की नींव तक नहीं पड़ने दी थी। जेवर में एयरपोर्ट के उद्घाटन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, "यह एक ऐसा एयरपोर्ट बन रहा है, जहां हर दो मिनट में एक जहाज उड़ान भरेगा। पहले सपा वालों ने नोएडा को अपनी लूट का एटीएम बना लिया था। लेकिन आज भाजपा सरकार में वही नोएडा उत्तर प्रदेश के विकास का सशक्त इंजन बन रहा है। जेवर एयरपोर्ट 'डबल इंजन' सरकार की कार्य संस्कृति का भी बहुत अच्छा उदाहरण है।" उन्होंने कहा कि 2003 में अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार ने इस एयरपोर्ट को मंजूरी दी थी, लेकिन एयरपोर्ट नहीं बना। केंद्र में कांग्रेस और यहां (उत्तर प्रदेश) की पहले की सरकारों ने सालों तक




इस एयरपोर्ट की नींव तक नहीं पड़ने दी। 2004 से 2014 तक यह एयरपोर्ट फाइलों में ही दबा रहा था। जब हमारी सरकार बनी तो उस समय उत्तर प्रदेश में सपा की सरकार की थी। शुरू के दो तीन सालों में सपा वालों ने इस पर काम नहीं होने दिया, लेकिन जैसे ही यहां भाजपा की सरकार बनी, तो जेवर एयरपोर्ट की नींव पड़ी, निर्माण भी हुआ और आज उद्घाटन भी हो गया है। पीएम मोदी ने कहा, "नोएडा को पहले अंधविश्वास के कारण अपने हाल पर छोड़ दिया गया था, कुर्सी जाने के डर से पहले के सत्ताधारी यहां आने से डरते थे। मुझे याद है, जब यहां सपा सरकार थी और मैंने नोएडा आने का कार्यक्रम बनाया, तो मुख्यमंत्री इतने डरे हुए थे कि वे उस कार्यक्रम में नहीं आए। मुझे भी डराने की कोशिश की गई, कहा गया कि 'नोएडा मत जाइए मोदी जी, अभी-अभी प्रधानमंत्री बने हैं।' मैंने कहा कि 'मैं उस धरती का आशीर्वाद लेने जा रहा हूं, जो मुझे लंबे अरसे तक सेवा करने का मौका देगी।' आज वही इलाका पूरी दुनिया का स्वागत करने के लिए तैयार है। यह पूरा क्षेत्र आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को सशक्त कर रहा है।" कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि किसी भी देश में एयरपोर्ट सिर्फ एक सामान्य सुविधा नहीं होती। ये एयरपोर्ट प्रगति को भी उड़ान देते हैं। साल 2014 से पहले देश में सिर्फ 74 एयरपोर्ट थे, आज 160 से अधिक एयरपोर्ट हो चुके हैं। अब महानगरों के अलावा, देश के छोटे-छोटे शहरों तक भी हवाई कनेक्टिविटी पहुंच रही है। पहले की सरकारें मानती थीं कि हवाई यात्रा सिर्फ अमीरों के लिए होनी चाहिए, लेकिन भाजपा सरकार ने सामान्य भारतीयों के लिए भी हवाई यात्रा को आसान बना दिया है।

## PM मोदी के आरोपों पर अखिलेश यादव का पलटवार, बोले– उम्र और पद का मान हमारे संस्कार में



नोएडा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार (28 मार्च) को नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के उद्घाटन के दौरान समाजवादी पार्टी (सपा) पर तीखा हमला बोला। इस दौरान पीएम मोदी ने इतना तक कह दिया कि पहले सपा वालों ने नोएडा को अपनी लूट का एटीएम बना लिया था। वहीं अब पीएम मोदी के इस बयान को लेकर सपा मुखिया अखिलेश यादव की प्रतिक्रिया सामने आई है। सपा चीफ अखिलेश यादव ने कहा है कि उम्र और पद का मान करना हमारे संस्कार में है और हमेशा रहेगा। सपा चीफ अखिलेश यादव ने एक्स पर लिखा-"हमारे प्रदेश में मेहमान बनकर आए हैं, हम उनको मेहमान मानकर ही सम्मान सहित विदा करेंगे। जाने वालों की बात का बुरा नहीं माना जाता है, जब हार साक्षात दिखने लगती है तो इंसान को न अपने पद का मान रहता है, न ही अपने कथन पर नियंत्रण। उम्र और पद का मान करना हमारे संस्कार में है और हमेशा रहेगा। सादर विदाई!"

**पीएम मोदी ने क्या कहा था?**

नोएडा इंटरनेशल एयरपोर्ट के उद्घाटन समारोह में पीएम मोदी ने कहा कि जिस नोएडा को अंधविश्वास की वजह से अपने हाल पर छोड़ दिया गया था। कुर्सी जाने के डर से पहले के सत्ताधारी यहां आने से डरते थे, यहां की सपा सरकार थी और मैंने नोएडा आने का कार्यक्रम बनाया तो सीएम इतने डरे हुए थे कि उस कार्यक्रम में नहीं आए। मुझे भी डराने की कोशिश की कि अभी अभी पीएम बने हो नोएडा मत जाओ। सपा वालों ने इस एयरपोर्ट का काम नहीं होने दिया, कांग्रेस और यूपी की पहले की सरकारों ने इस एयरपोर्ट की नींव नहीं पड़ने दी। पहले सपा वालों ने नोएडा को अपनी लूट का एटीएम बना लिया था, लेकिन आज बीजेपी सरकार में वही नोएडा यूपी के विकास का सशक्त इंजन बन रहा है।

## पेरिस में G7 विदेश मंत्रियों की बैठक : सर्जियो गोर ने विदेश मंत्री जयशंकर और रुबियो से की मुलाकात



नई दिल्ली (एजेंसी)। अमेरिका के विदेश सचिव मार्को रुबियो G7 विदेश मंत्रियों की बैठक में शामिल होने के लिए फ्रांस पहुंचे। इस मौके पर रुबियो का साथ देने के लिए भारत में अमेरिका के राजदूत सर्जियो गोर भी फ्रांस पहुंचे। फ्रांस में उन्होंने रुबियो के साथ-साथ भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर से मुलाकात की। इसकी जानकारी उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर दी। मुलाकात की तस्वीरें साझा कर राजदूत गोर ने लिखा, "फ्रांस में G7 मंत्री स्तरीय मीटिंग के लिए के साथ जुड़कर खुशी हुई। हमारे सहयोगियों और साझेदारों के साथ अच्छी चर्चा हुई।" अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने G7 देशों के विदेश मंत्रियों के साथ इस बैठक में कहा कि ईरान के खिलाफ अमेरिकी सैन्य अभियान समय-सीमा के अनुसार या उससे आगे चल रहा है। उन्होंने उम्मीद जताई कि इसके लक्ष्य महीनों नहीं, बल्कि कुछ हफ्तों में पूरे हो जाएंगे। हालांकि, ये बात अमेरिकी सरकार ने पहले भी कही है। रुबियो ने कहा कि इस मिशन की शुरुआत से ही स्पष्ट रूपरेखा तय की गई थी। उन्होंने कहा, "हम ईरान की नौसेना को नष्ट करेंगे, उनकी वायुसेना को नष्ट करेंगे। हम मूल रूप से उनकी मिसाइल और ड्रोन बनाने की क्षमता को उनकी फैक्ट्रियों में खत्म कर देंगे।" उन्होंने जोड़ा कि इस अभियान का उद्देश्य "मिसाइल लॉन्चरों की संख्या को काफी कम करना" है, ताकि ईरान "इनके पीछे छिपकर परमाणु हथियार बनाने और दुनिया को धमकाने" में सक्षम न रहे। रुबियो ने कहा कि प्रगति लगातार हो रही है। "हम इस ऑपरेशन में समय-सीमा के अनुसार या उससे आगे हैं और उम्मीद है कि इसे उचित समय पर महीनों में नहीं, बल्कि कुछ हफ्तों में पूरा कर लिया जाएगा। प्रगति बहुत अच्छी है।" उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि जमीनी सैनिकों की जरूरत नहीं होगी। इन लक्ष्यों को बिना किसी ग्राउंड ट्रूप्स के हासिल किया जा सकता है। रुबियो ने ऑपरेशन के बाद संभावित जोखिमों की भी चेतावनी दी, खासकर होर्मुज स्ट्रेट में, जो वैश्विक तेल आपूर्ति का एक महत्वपूर्ण मार्ग है। उन्होंने कहा कि ईरान वहां टोल प्रणाली लागू करने की कोशिश कर सकता है, जिसे उन्होंने "अवैध," "अस्वीकार्य," और "दुनिया के लिए खतरनाक" बताया।

## 'कभी पैर टूट जाता है, कभी पट्टी बांध लेती हैं' — अमित शाह का ममता बनर्जी पर तंज, चुनाव से पहले तेज हुई सियासत

कोलकाता। पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव 2026 से पहले राज्य में राजनीतिक हलचल काफी तेज हो गई है। इस बीच केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार (28 मार्च, 2026) को बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर तंज कसते हुए तीखे आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि ममता बनर्जी ने हमेशा विक्टिम कार्ड का पॉलिटिक्स खेला है। कभी उनका पैर टूट जाता है, कभी वो अपने सिर पर पट्टी बांध लेती हैं, कभी बीमार हो जाती हैं और कभी चुनाव आयोग के आगे बेचारा बनकर चुनाव आयोग को गालियां देती हैं। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल की जनता ममता बनर्जी के विक्टिम कार्ड की पॉलिटिक्स को बहुत अच्छे से समझ चुकी है। चुनाव आयोग जैसी संवैधानिक संस्था को गाली देना यह बंगाल की संस्कृति को शोभा नहीं देता है।



**कोलकाता में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोले अमित शाह**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बंगाल में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले कोलकाता का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली तृणमूल कांग्रेस (TMC) सरकार के 15 सालों के शासनकाल का एक चार्जशीट जारी किया, जिसमें उन्होंने राज्य में कानून-व्यवस्था, घुसपैठ और राष्ट्रीय सुरक्षा के मुद्दों पर ममता सरकार की कड़ी आलोचना की। अमित शाह ने राज्य के चुनाव को राष्ट्रीय सुरक्षा से जोड़ते हुए आरोप लगाया कि बंगाल के रास्ते होने वाली घुसपैठ पूरे देश के लिए खतरा है। उन्होंने दावा किया कि असम में पहले से भारतीय जनता पार्टी (BJP) की सरकार है, जहां काफी हद तक घुसपैठ पर रोक लगाई जा चुकी है, लेकिन पश्चिम बंगाल अब भी एक संवेदनशील रास्ता बना हुआ है। उन्होंने कहा, 'असम में घुसपैठ बंद हो चुकी है और अब घुसपैठियों के लिए सिर्फ बंगाल ही घुसने का रास्ता बचा है।'

**सीमा सुरक्षा के लिए जमीन उपलब्ध कराने पर बोले अमित शाह**

अमित शाह ने चेतावनी दी कि अवैध प्रवासी न सिर्फ देश के संसाधनों पर अतिरिक्त बोझ डालते हैं, बल्कि वह स्थानीय लोगों की नौकरियां भी छीनतें हैं। उन्होंने ममता सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि भारत-बांग्लादेश सीमा के 600 किलोमीटर हिस्से में बाड़ लगाने के लिए जमीन उपलब्ध नहीं कराई गई। उन्होंने वादा किया कि अगर बंगाल में भाजपा सत्ता में आती है तो सिर्फ 45 दिनों के भीतर इस समस्या का समाधान किया जाएगा।

## अर्थ आवर 2026: इंडिया गेट एक घंटे रहेगा अंधेरे में

नई दिल्ली (एजेंसी)। अर्थ आवर 2026 के तहत शनिवार रात 8:30 बजे से 9:30 बजे तक इंडिया गेट की लाइटें बंद कर दी जाएंगी। यह पहल वर्ल्ड वाइल्डलाइफ फंड द्वारा चलाई जाती है, जिसका मकसद लोगों को जलवायु परिवर्तन और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना है। इस दौरान देशभर के लोगों, संस्थानों और सार्वजनिक स्थानों से अपील की गई है कि वे एक घंटे तक गैर-जरूरी बिजली और लाइटें बंद रखें। अर्थ आवर सिर्फ एक प्रतीकात्मक कदम नहीं है, बल्कि यह ऊर्जा बचत, कार्बन उत्सर्जन कम करने और प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा का संदेश देता है।

## होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजर रहे भारत के तेल जहाज, सुरक्षा में नौसेना अलर्ट


नई दिल्ली (एजेंसी)। ईरान और अमेरिका के बीच जारी अघोषित युद्ध के बीच भारत ईंधन संकट को लेकर चिंतित है। इस बीच एक राहत भरी खबर सामने आ रही है। सूत्रों के अनुसार, भारत के लिए पेट्रोलियम उत्पाद लेकर आ रहे दो और जहाज स्ट्रेट ऑफ होर्मुज (Strait of Hormuz) से गुजर रहे हैं। दोनों पर तिरंगा लगा हुआ है। इन जहाजों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए भारतीय नौसेना के युद्धपोतों को अलर्ट पर रखा गया है। आपको बता दें कि स्ट्रेट ऑफ होर्मुज़ वैश्विक तेल आपूर्ति का एक प्रमुख मार्ग है और यहां किसी भी तरह की बाधा का सीधा असर अंतरराष्ट्रीय बाजारों पर पड़ सकता है। सूत्रों के मुताबिक, आने वाले दिनों में भारत के लिए पेट्रोलियम उत्पाद लेकर और भी जहाज इस मार्ग से गुजरने वाले हैं। ऐसे में नौसेना की सक्रिय तैनाती यह सुनिश्चित करने के लिए की जा रही है कि




किसी भी तरह की आपूर्ति बाधित न हो और जहाज सुरक्षित रूप से अपने गंतव्य तक पहुंच सकें। इससे भारत में पेट्रोल-डीजल या एलपीजी की दिक्कत नहीं हो। आपको बता दें कि हाल ही में ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा था कि उनके देश ने भारत, पाकिस्तान, रूस समेत 'मित्र राष्ट्रों' के समूह के जहाजों को होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने की अनुमति दे दी है। मुंबई स्थित ईरानी दूतावास के पोस्ट में अराघची के हवाले से कहा गया है कि ईरान ने भारत, चीन, रूस, इराक और पाकिस्तान को उन देशों की सूची में शामिल किया है, जिनके जहाजों को इस महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग से सुरक्षित आवाजाही की अनुमति दी जायेगी। उन्होंने इन देशों को 'मित्र राष्ट्र' बताया। होर्मुज जलडमरूमध्य वैश्विक ऊर्जा व्यापार के लिए राह है, जो दुनिया की कुल तेल और गैस आपूर्ति के लगभग पांचवें हिस्से को नियंत्रित करता है। ईरान की नाकेबंदी ने वैश्विक समुद्री व्यापार को गंभीर रूप से बाधित किया है, जिसके नतीजे में ऊर्जा क्षेत्र की कीमतों में भारी उछाल आया है। वहीं, ऊर्जा आयात पर अत्यधिक निर्भर कुछ देशों ने 'राष्ट्रीय ऊर्जा आपातकाल' घोषित कर दिया है। ईरान ने कहा है कि यह मार्ग केवल 'मित्र' देशों के लिए खुला रहेगा और यह कुछ शर्तों पर निर्भर है। संयुक्त राष्ट्र में ईरानी मिशन ने पुष्टि की है कि केवल वे जहाज ही इस जलडमरूमध्य से गुजर सकते हैं, जिन्होंने न तो ईरान के खिलाफ कार्रवाइयों में भाग लिया है और न ही उनका समर्थन किया है और जो ईरानी अधिकारियों के साथ समन्वित सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन करते हैं। यह घटनाक्रम ऐसे समय में आया है, जब खाड़ी क्षेत्र में तनाव और बढ़ गया है, जिससे शिपिंग में व्यवधान पैदा हुआ है, यातायात काफी कम हो गया है और ऊर्जा बाजार बढ़ते दबाव में हैं। भारत अपनी जरूरत का लगभग 85 प्रतिशत तेल और लगभग आधा प्राकृतिक गैस आयात करता है, जिसमें से लगभग आधा तेल और आधे से अधिक लिक्विफाइड नेचुरल गैस (एलएनजी) की खेप होर्मुज से होकर गुजरती है। पिछले हफ्ते भारतीय अधिकारियों ने उन रिपोर्टों को खारिज कर दिया था, जिनमें कहा गया था कि ईरान ने सुरक्षित मार्ग पर चर्चा के बदले जब्त तीन तेल टैंकरों को छोड़ने की मांग की थी।

## रूस 1 अप्रैल से स्थानीय उत्पादनकर्ताओं के गैसोलीन एक्सपोर्ट पर लगाएगा बैन

नई दिल्ली (एजेंसी)। मध्य पूर्व संकट के बीच रूस 1 अप्रैल से घरेलू प्रोड्यूसर्स द्वारा गैसोलीन एक्सपोर्ट पर बैन लगाएगा। रूस के सरकारी बयान के अनुसार, उपप्रधानमंत्री अलेक्जेंडर नोवाक ने शुक्रवार को यह बात कही। यह बैन 31 जुलाई तक लागू रहेगा। रूस की ओर से जारी आधिकारिक बयान में कहा गया कि डिप्टी पीएम नोवाक ने ऊर्जा मंत्री, फेडरल एंटीमोनोपॉली सर्विस, सेंट पीटर्सबर्ग एक्सचेंज और उद्योग कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। इस बैठक में स्थिति की समीक्षा और चर्चा के बाद यह कदम उठाया गया है। सरकारी न्यूज एजेंसी टास ने इस मामले से जुड़े दो सूत्रों के हवाले से बताया कि रूस के इस कदम का मकसद घरेलू फ्यूल की कीमतों को स्थिर करना है। मीटिंग के दौरान, नोवाक ने इस बात पर जोर दिया कि वैश्विक तेल और पेट्रोलियम प्रोडक्ट मार्केट में इन-दिनों उथल-पुथल मचा हुआ है। इसके बावजूद, विदेशी बाजार में रूसी ऊर्जा संसाधनों की ज्यादा डिमांड एक सकारात्मक फैक्टर बनी हुई है। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि ऑयल



रिफाइनिंग वॉल्यूम मार्च 2025 के स्तर पर बना हुआ है, जिससे पेट्रोलियम प्रोडक्ट्स की सप्लाई स्थिर रहेगी। औद्योगिक कंपनियों ने घरेलू डिमांड को पूरा करने के लिए काफी गैसोलीन और डीजल रिजर्व, साथ ही रिफाइनरी क्षमता के ज्यादा इस्तेमाल की पुष्टि की है। बता दें, होर्मुज स्ट्रेट से आम तौर पर 20 मिलियन बैरल तेल गुजरता है। हालांकि, ईरान के साथ इजरायल और अमेरिका के संघर्ष की वजह से होर्मुज स्ट्रेट से शिपिंग में काफी परेशानी आ रही है। हालात को देखते हुए होर्मुज स्ट्रेट में शिपिंग कॉस्ट भी बढ़ा दी गई है। इसका असर वैश्विक स्तर पर दिखई दे रहा है। ग्लोबल ऑयल की कीमतें बढ़ गई हैं। यूएन ने जहाजों को होर्मुज स्ट्रेट से सुरक्षित निकालने में मदद करने के लिए यूएन के टॉप लॉजिस्टिक्स अधिकारी जॉर्ज मोरेरा दा सिल्वा के नेतृत्व में एक नई टास्क फोर्स बनाई है। न्यूयॉर्क में ईरान के यूएन दूत, अली बहरीनी, ने शुक्रवार को कहा कि तेहरान ने संयुक्त राष्ट्र की अपील मान ली है कि मानवीय शिपमेंट के सुरक्षित रास्ते को और तेज करने में मदद की जाए। यूएन के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने कहा कि अगर यह पहल सफल होती है, तो इससे देशों में "संघर्ष के लिए डिप्लोमैटिक तरीके में भरोसा बनाने में भी मदद मिल सकती है और यह एक बड़े राजनीतिक समाधान की दिशा में एक अहम कदम होगा।

रॉयल पत्रिका

## संपादकीय....

# समझौते में 'रेड लाइन' बन रही मुसीबत

ईरान के साथ युद्ध में करीब चार हफ्तों बाद अमेरिका ने समझौते की इच्छा जताई है। यह पूरी दुनिया के लिए अच्छी खबर है, लेकिन शांति की खातिर दोनों पक्षों को अपनी जिद छोड़नी होगी।

अमेरिका की शर्तें। रिपोर्ट्स के मुताबिक, अमेरिका ने पाकिस्तान के जरिये ईरान तक 15 सूत्रीय युद्धविराम प्रस्ताव भेजा है। इसमें तेहरान के परमाणु और बैलिस्टिक मिसाइल प्रोग्राम को बंद करने और होर्मुज स्ट्रेट को पूरी तरह खोलने जैसी मांगें हैं। कुछ रिपोर्ट में दावा किया गया है कि ईरान ने भी अपनी मांगें रखी हैं, जिसमें सबसे अहम यह है कि अमेरिका को पश्चिम एशिया में अपने सभी सैन्य ठिकाने बंद करने होंगे।

समझौते की कोशिश। ये लाइनें लिखे जाने तक इन प्रस्तावों को लेकर कोई स्पष्टता नहीं थी। पाकिस्तान में ईरान के राजदूत रजा अमीरी मुकद्दम ने वॉशिंगटन और तेहरान के बीच किसी तरह की बातचीत से इनकार किया है। ईरान के एक सैन्य प्रवक्ता ने भी ट्रंप के प्रस्ताव का मजाक उड़ाया। लेकिन, अहम यह है कि अब कम से कम शांति की चर्चा तो हो रही है।

भरोसे की कमी। ईरान और अमेरिका एक-दूसरे से जो चाहते हैं, वह मुश्किल है। कमोबेश इन्हीं मामलों पर फरवरी में भी बातचीत अटकी थी। इन बिंदुओं को वह रेड लाइन कह सकते हैं, जिसे पार करना दोनों देशों के लिए असंभव है। लेकिन, आमतौर पर युद्ध के बीच बातचीत इसी तरह से शुरू होती है। यह उम्मीद नहीं कर सकते कि दोनों देश सीधे आमने-सामने बैठ जाएंगे और उनकी बात बन जाएगी। दोनों को कॉमन ग्राउंड तलाशना होगा। तभी शांति की राह तैयार होगी। अमेरिका और ईरान के बीच भरोसे की कमी उन्हें सीधी बातचीत शुरू करने से रोक रही है। इससे पहले हुईं सारे वार्ताएं नाकाम रही हैं और उनके दरम्यान ही अमेरिका-इस्राइल ने हमले शुरू कर दिए। ऐसे में तेहरान की हिचक समझी जा सकती है।
ताकत समाधान नहीं। बातचीत पर आगे बढ़ने के लिए यह भी जरूरी है कि पहले ईरान पर हमले बंद किए जाएं। यह नहीं हो सकता कि ट्रंप संघर्षविराम का प्रस्ताव भेजें और साथ में पश्चिम एशिया में अपने सैनिकों की संख्या भी बढ़ाते जाएं। अब तक के संघर्ष ने इतना तो बता दिया कि ताकत के जोर से सिर्फ तबाही ही मिलेगी। ट्रंप को इस्राइल को भी हमले रोकने के लिए मनाना चाहिए, क्योंकि अगर एक भी पक्ष समझौते का पालन नहीं करता है, तो शांति को कोई मतलब नहीं रह जाएगा।

## सामाजिक न्याय की अवधारणा

# धर्म, जाति और धर्मांतरण: सुप्रीम कोर्ट का ऐतिहासिक निर्णय



ललित गर्ग

**भारत जैसे बहुधर्मी और बहुजातीय देश में सामाजिक और धार्मिक संतुलन का बने रहना राष्ट्रीय एकता और अखंडता के लिए अत्यंत आवश्यक है। यदि समाज लगातार जाति, धर्म और वर्ग के आधार पर बदलता और विभाजित होता रहेगा, तो इसका प्रभाव सामाजिक समरसता और राष्ट्रीय एकता पर पड़ना स्वाभाविक है। इस दृष्टि से धर्मांतरण का प्रश्न केवल व्यक्तिगत स्वतंत्रता का प्रश्न नहीं रह जाता, बल्कि यह सामाजिक और राष्ट्रीय संतुलन का भी प्रश्न बन जाता है। आरक्षण व्यवस्था का उद्देश्य भी यही था कि जो लोग सामाजिक रूप से वंचित हैं, उन्हें शिक्षा, रोजगार और सामाजिक सम्मान के क्षेत्र में अवसर मिल सके। लेकिन यदि धर्म परिवर्तन के बाद भी लोग आरक्षण का लाभ लेते रहेंगे, तो इससे आरक्षण व्यवस्था का मूल उद्देश्य प्रभावित होगा और वास्तविक जरूरतमंद लोगों के अधिकारों पर भी प्रभाव पड़ेगा। इससे समाज में असंतोष और असंतुलन भी उत्पन्न हो सकता है। इसलिए सुप्रीम कोर्ट का यह निर्णय आरक्षण व्यवस्था को अधिक न्यायसंगत, पारदर्शी और उद्देश्यपूर्ण बनाने की दिशा में भी महत्वपूर्ण माना जा सकता है। यह निर्णय यह स्पष्ट करता है कि संविधान की सुविधाएँ अधिकार हैं, लेकिन उनका दुरुपयोग नहीं होना चाहिए...**

**धर्म, जाति और धर्मांतरण का प्रश्न भारत के सामाजिक, सवैधानिक और राष्ट्रीय जीवन से जुड़ा अत्यंत संवेदनशील और जटिल विषय है। हाल ही में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिया गया यह निर्णय कि यदि अनुसूचित जाति का कोई व्यक्ति हिन्दू, सिख या बौद्ध धर्म छोड़कर किसी अन्य धर्म को स्वीकार कर लेता है तो वह अनुसूचित जाति का सवैधानिक दर्जा और उससे जुड़े लाभों का अधिकारी नहीं रहेगा, केवल एक सामान्य कानूनी निर्णय नहीं है, बल्कि यह भारतीय संविधान की मूल भावना, सामाजिक न्याय की अवधारणा और राष्ट्रीय एकता की आवश्यकता को ध्यान में रखकर दिया गया एक दूरगामी और ऐतिहासिक निर्णय है। इस निर्णय को भारतीय न्याय व्यवस्था की परिपक्वता, संतुलन और दूरदर्शिता का प्रतीक कहा जा सकता है। भारत में अनुसूचित जाति की व्यवस्था का निर्माण किसी धर्म विशेष को लाभ देने के लिए नहीं किया गया था, बल्कि उन सामाजिक वर्गों को संरक्षण और अवसर देने के लिए किया गया था, जो सदियों से सामाजिक भेदभाव, अस्पृश्यता और सामाजिक बहिष्कार का सामना करते रहे थे। संविधान निर्माताओं ने यह माना था कि समाज में जो ऐतिहासिक अन्याय और सामाजिक असमानता रही है, उसे दूर किए बिना वास्तविक समानता स्थापित नहीं की जा सकती। इसी कारण आरक्षण और विशेष कानूनी संरक्षण की व्यवस्था की गई। यह व्यवस्था मूलतः सामाजिक भेदभाव पर आधारित थी, आर्थिक आधार पर नहीं। इसलिए अनुसूचित जाति का प्रश्न धर्म से अधिक सामाजिक संरचना से जुड़ा हुआ था।**

जब कोई व्यक्ति धर्म परिवर्तन कर ऐसे धर्म को स्वीकार करता है, जहां जाति व्यवस्था को मान्यता नहीं दी जाती, तो फिर यह प्रश्न स्वाभाविक रूप से उठता है कि क्या उसे उसी आधार पर अनुसूचित जाति के लाभ मिलते रहने चाहिए। इसी प्रश्न को लेकर वर्षों से देश में बहस चलती रही है। कई मामलों में यह देखा गया कि व्यक्ति ने धर्म परिवर्तन कर लिया, वह दूसरे धर्म की धार्मिक और सामाजिक व्यवस्था में सक्रिय भी हो गया, लेकिन वह अनुसूचित जाति के आरक्षण, छात्रवृत्ति, नौकरी में आरक्षण और एससी/एसटी एक्ट जैसे कानूनों का लाभ लेना चाहता था। इससे एक प्रकार की कानूनी और सामाजिक विसंगति उत्पन्न हो रही थी। सुप्रीम कोर्ट का यह निर्णय इसी विसंगति को दूर करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है और यह स्पष्ट करता है कि संविधान द्वारा दी गई सुविधाओं का उपयोग उसी सामाजिक संदर्भ में किया जा सकता है, जिसके लिए वे बनाई गई थीं। धर्मांतरण का प्रश्न भारत में केवल धार्मिक आस्था का विषय नहीं रहा है, बल्कि कई बार यह सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक और जनसंख्या संतुलन से भी जुड़ जाता है। देश के विभिन्न क्षेत्रों में विशेषकर गरीब, वंचित और अनुसूचित जाति तथा जनजाति वर्गों में धर्मांतरण की घटनाएँ समय-समय पर सामने आती रही हैं। कई बार धर्मांतरण शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और सामाजिक सहायता के माध्यम से हुआ, तो कई बार लालच, प्रलोभन, दबाव या सामाजिक परिस्थितियों के कारण भी धर्म परिवर्तन के आरोप लगे। इसी कारण कई राज्यों ने धर्मांतरण को नियंत्रित करने के लिए कानून बनाए, ताकि बल, प्रलोभन या धोखे से होने वाले धर्म परिवर्तन को रोका जा सके, लेकिन इन कानूनों का प्रभाव उतना व्यापक नहीं हो पाया जितनी अपेक्षा थी। जब किसी विशेष सामाजिक वर्ग का बड़े पैमाने पर धर्म परिवर्तन होता है, तो उसका प्रभाव केवल धर्म पर ही नहीं पड़ता, बल्कि जातीय संरचना, सामाजिक संतुलन, राजनीतिक प्रतिनिधित्व और सामाजिक संबंधों पर भी पड़ता है। धीरे-धीरे यह स्थिति सामाजिक और धार्मिक संतुलन को प्रभावित करने लगती है। भारत जैसे बहुधर्मी और बहुजातीय देश में सामाजिक और धार्मिक संतुलन का बने रहना राष्ट्रीय एकता और अखंडता के लिए अत्यंत आवश्यक है। यदि समाज लगातार जाति, धर्म और वर्ग के आधार पर बदलता और विभाजित होता रहेगा, तो इसका प्रभाव सामाजिक समरसता और राष्ट्रीय एकता पर पड़ना स्वाभाविक है। इस दृष्टि से धर्मांतरण का प्रश्न केवल व्यक्तिगत स्वतंत्रता का प्रश्न नहीं रह जाता, बल्कि यह सामाजिक और राष्ट्रीय संतुलन का भी प्रश्न बन जाता है। आरक्षण व्यवस्था का उद्देश्य भी यही था कि जो लोग सामाजिक रूप से वंचित हैं, उन्हें शिक्षा, रोजगार और सामाजिक सम्मान के क्षेत्र में अवसर मिल सके। लेकिन यदि धर्म परिवर्तन के बाद भी लोग आरक्षण का लाभ लेते रहेंगे, तो इससे आरक्षण व्यवस्था का मूल उद्देश्य प्रभावित होगा और वास्तविक



जरूरतमंद लोगों के अधिकारों पर भी प्रभाव पड़ेगा। इससे समाज में असंतोष और असंतुलन भी उत्पन्न हो सकता है। इसलिए सुप्रीम कोर्ट का यह निर्णय आरक्षण व्यवस्था को अधिक न्यायसंगत, पारदर्शी और उद्देश्यपूर्ण बनाने की दिशा में भी महत्वपूर्ण माना जा सकता है। यह निर्णय यह स्पष्ट करता है कि संविधान की सुविधाएँ अधिकार हैं, लेकिन उनका दुरुपयोग नहीं होना चाहिए। भारत की सबसे बड़ी शक्ति उसकी विविधता में एकता है। यहां अनेक धर्म, जातियां, भाषाएं और संस्कृतियां होते हुए भी देश एक है। लेकिन यदि धर्म, जाति और जनसंख्या संतुलन को लेकर लगातार राजनीतिक और सामाजिक प्रयोग होते रहेंगे, तो इससे राष्ट्रीय एकता प्रभावित हो सकती है। धर्मांतरण यदि पूरी तरह से व्यक्तिगत आस्था और विचार की स्वतंत्रता के आधार पर हो तो वह व्यक्ति का अधिकार है, लेकिन यदि वह लालच, भय, दबाव, सामाजिक अलगाव या राजनीतिक उद्देश्य से प्रेरित हो, तो वह केवल धार्मिक परिवर्तन नहीं, बल्कि सामाजिक और राष्ट्रीय संतुलन को प्रभावित करने वाली प्रक्रिया बन जाता है। इसलिए इस विषय पर संतुलित, संवेदनशील और राष्ट्रीय दृष्टि से विचार करना आवश्यक है। सुप्रीम कोर्ट का यह निर्णय इसी व्यापक परिप्रेक्ष्य में महत्वपूर्ण है। यह निर्णय केवल यह नहीं कहता कि धर्म परिवर्तन के बाद अनुसूचित जाति का दर्जा समाप्त हो जाएगा, बल्कि यह निर्णय संविधान की मूल भावना को भी स्पष्ट करता है कि सामाजिक न्याय का आधार सामाजिक वास्तविकता है, न कि केवल कानूनी तकनीक। यह निर्णय यह भी स्पष्ट करता है कि संविधान द्वारा दी गई सुविधाओं का उद्देश्य समाज में समानता और न्याय स्थापित करना है, न कि कानूनी व्यवस्था का दुरुपयोग होने देना।

## रामनवमी पर विशेष

मुनीष भाटिया




# आध्यात्मिक चेतना और दर्शन के शाश्वत प्रतीक हैं श्रीराम

मानव जीवन एक सतत यात्रा है-सत्य, प्रेम और आत्मबोध की यात्रा। इस यात्रा में राम एक मार्गदर्शक प्रकाश की तरह हमारे साथ रहते हैं। वे केवल इतिहास या ग्रंथों तक सीमित नहीं हैं, बल्कि प्रत्येक व्यक्ति के अंतर्मन में बसने वाली वह चेतना है, जो हमें सही और गलत का भेद सिखाती है। उनका नाम केवल धार्मिक अनुष्ठानों का हिस्सा नहीं, बल्कि जीवन को सार्थक बनाने की अनुभूति है। आज का समाज अनेक विभाजनों में बंट चुका है-जाति, धर्म, भाषा और क्षेत्र के आधार पर। इन विभाजनों ने मानवता की मूल भावना को कमजोर कर दिया है। लेकिन राम का जीवन हमें यह सिखाता है कि मानवता ही सबसे बड़ा धर्म है। उन्होंने अपने आचरण से यह सिद्ध किया कि सच्चा धर्म वही है, जो सबको साथ लेकर चले। शबरी के प्रेम से सिक्त बेर स्वीकार करना, निषादराज को आत्मीय मित्र बनाना और हनुमान जैसे भक्त को हृदय से लगाना-ये सभी प्रसंग यह दर्शाते हैं कि राम के लिए कोई भी ऊंच-नीच या भेदभाव नहीं था। वे समरसता और समानता के सच्चे प्रतीक हैं। राम को "मर्यादा पुरुषोत्तम" इसलिए कहा जाता है क्योंकि उन्होंने जीवन के हर संबंध और हर भूमिका में मर्यादा का पालन किया। चाहे वह पुत्र के रूप में पिता के वचन का पालन हो, राजा के रूप में प्रजा के प्रति उत्तरदायित्व, या एक मित्र के रूप में निष्ठा-हर स्थान पर उन्होंने आदर्श स्थापित किए। आज जब व्यक्ति अपनी इच्छाओं और स्वार्थों के कारण मर्यादाओं का उल्लंघन कर रहा है, तब राम का जीवन हमें अनुशासन और संयम का महत्व याद दिलाता है। उन्होंने चौदह वर्षों का वनवास सहर्ष स्वीकार कर यह सिद्ध किया कि कर्तव्य और वचन की मर्यादा सर्वोपरि होती है। राम का जीवन इस बात का प्रमाण है कि मनुष्य अपने कर्मों और आचरण से ही महान बनता है। वे हमें यह समझाते हैं कि "पुरुष" से "पुरुषोत्तम" बनने की यात्रा बाहरी उपलब्धियों से नहीं, बल्कि आंतरिक शुद्धता, सत्यनिष्ठा और कर्तव्यपरायणता से तय होती है। जब व्यक्ति लोभ, मोह, अहंकार और वासना जैसे बंधनों से मुक्त होकर निष्काम भाव से कर्म करता है, तभी वह अपने वास्तविक स्वरूप के निकट पहुंचता है। राम का यह संदेश हमें आत्मोन्नति की ओर प्रेरित करता है। मानव की सबसे बड़ी चुनौती उसकी अनियंत्रित इच्छाएं हैं, जो उसे भ्रम और पतन की ओर ले जाती हैं। इसके विपरीत, रावण का चरित्र यह दर्शाता है कि ज्ञान और शक्ति होते हुए भी यदि व्यक्ति अपने अहंकार और वासना पर नियंत्रण नहीं रखता, तो उसका विनाश निश्चित है। इस प्रकार राम और रावण का अंतर केवल बाहरी नहीं, बल्कि आंतरिक मूल्यों का अंतर है। राम का सबसे महत्वपूर्ण संदेश "निष्काम कर्म" का है- ऐसा कर्म, जिसमें फल की अपेक्षा न हो। जब व्यक्ति बिना स्वार्थ के अपना कर्तव्य निभाता है, तो वह न केवल मानसिक शांति प्राप्त करता है, बल्कि समाज के लिए भी प्रेरणा बनता है। आज का मनुष्य भौतिक सुख-सुविधाओं की दौड़ में इतना व्यस्त हो गया है कि उसने आंतरिक संतोष और शांति को पीछे छोड़ दिया है। राम का मार्ग हमें सादगी, संतुलन और आत्मिक संतोष की ओर लौटने का आह्वान करता है। सत्य और धर्म राम के जीवन के मूल आधार रहे हैं। उन्होंने हर परिस्थिति में सत्य का साथ दिया, चाहे वह कितना ही कठिन क्यों न हो। यह हमें सिखाता है कि सच्चाई का मार्ग भले ही चुनौतीपूर्ण हो, लेकिन अंततः वही स्थायी विजय का मार्ग है। इसी संदर्भ में आज के समय में राम के आदर्शों की प्रासंगिकता और भी बढ़ जाती है।

आधुनिक जीवन की भागदौड़, प्रतिस्पर्धा और मानसिक तनाव के बीच व्यक्ति स्वयं से दूर होता जा रहा है। ऐसे में राम का जीवन हमें आत्मचिंतन की ओर प्रेरित करता है। वे सिखाते हैं कि बाहरी सफलता के साथ-साथ आंतरिक संतुलन भी आवश्यक है। यदि मन अशांत है, तो कोई भी उपलब्धि हमें संतुष्टि नहीं दे सकती। इसलिए राम का मार्ग केवल नैतिकता का ही नहीं, बल्कि मानसिक शांति और संतुलन का भी मार्ग है। इसके अतिरिक्त, राम का जीवन नेतृत्व और सामाजिक उत्तरदायित्व का भी अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत करता है। उन्होंने राजा के रूप में सदैव प्रजा के हित को सर्वोपरि रखा। आज के नेतृत्वकर्ता यदि राम के इस गुण को अपनाएं, तो समाज में न्याय और विश्वास की स्थापना हो सकती है। राम हमें यह भी सिखाते हैं कि सच्चा नेतृत्व वही है, जो त्याग, सेवा और समर्पण पर आधारित हो, न कि केवल सत्ता और अधिकार पर। अंततः, राम कोई दूरस्थ आदर्श नहीं, बल्कि हमारे भीतर जागृत होने वाली वह चेतना हैं, जो हमें एक बेहतर मनुष्य बनने की प्रेरणा देती है। उनका संदेश सरल है-सत्य का अनुसरण करो, धर्म का पालन करो, और मानवता को सर्वोपरि रखो। यही जीवन का सार है, और यही सच्चे अर्थों में राम को जीना है।

*(लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)*

# धैर्य के साथ करें आत्ममूल्यांकन




संकलित

दर्शन

प्रकृति हमेशा एक मार्गदर्शक के रूप में हमें प्रेरित व उत्साहित करती रहती है। हर पेड़, पौधे, फूल, पत्ती का एक मौन संदेश हुआ करता है और वह है कि स्वयं को निरंतर गतिमान और संतुलित रखने के लिए धैर्य चाहिए। पेड़ों पर मंजरी या बौर आने के तुरंत बाद ही तो फल नहीं आ जाता। हौले-हौले ही यह प्रक्रिया सम्पन्न होती है। माटी, हवा और पानी से जिस तरह एक पौधा धीरज रखकर खुद को पुष्पित और पल्लवित करता है, हमें भी ऐसा ही जीवन दर्शन अपनाना चाहिए। महर्षि अरविंद अपने पास आने वाले जिज्ञासु को यह मंत्र देते थे कि मनुष्य अपने सारे जीवन का वास्तुकार स्वयं ही है। हम अपनी रुचि और सोच-विचार के हिसाब से दिनचर्या तय करते हैं। अपने तौर तरीके से दिन बिताते हैं। सब सामान्य रहता है, तो हम खुश रहते हैं। लेकिन इस दिनचर्या में कुछ जरा-सा भी कुछ अनचाहा हुआ नहीं कि हम सिर पीटने लगते है। हमारा धैर्य डोल जाता है। हमारी पसंद से बने हुए जीवन की हलचल और हिचकोले हमें विचलित कर देते हैं। हम गलती से भी आत्म अवलोकन नहीं करते।हम अपनी भूमिका न देखकर किसी और पर दोष मढ़ देते हैं। ऐसा प्रदर्शित करते हैं कि इस हालत के लिए उनके अलावा सब ही जिम्मेदार हैं। आरोप लगाने और खुद साफ बच जाने के इस पल में हम चतुराई से यह सच छिपा जाते हैं कि कर्म का नियम कुछ और ही है। कर्म का सिद्धांत यह साफ कहता है कि हमारे हर दुख कष्ट आदि के लिए हम ही जिम्मेदार हैं, कोई दूसरा नहीं।

# श्रमरहित पराश्रित जीवन विकास के द्वार बंद करता है



संकलित

प्रेरणा

महर्षि वेदव्यास ने एक कीड़े को तेजी से भागते हुए देखा। उन्होंने उससे पूछा- हे क्षुद्र जंतु, तुम इतनी तेजी से कहाँ जा रहे हो? उनके प्रश्न ने कीड़े को चोट पहुंचाई और वह बोला- हे महर्षि, आप तो इतने ज्ञानी हैं। यहां क्षुद्र कौन है और महान कौन? क्या इस प्रश्न और उसके उत्तर की सही-सही परिभाषा संभव है? कीड़े की बात ने महर्षि को निरुत्तर कर दिया। फिर भी उन्होंने उससे पूछा- अच्छा यह बताओ कि तुम इतनी तेजी से कहाँ जा रहे हो? कीड़े ने कहा- मैं तो अपनी जान बचाने के लिए भाग रहा हूं। देख नहीं रहे, पीछे से कितनी तेजी से बैलगाड़ी चली आ रही है। कीड़े के उत्तर ने महर्षि को चौंकाया। वे बोले, तुम तो इस कीट योनि में पड़े हो। यदि मर गए तो तुम्हें दूसरा और बेहतर शरीर मिलेगा। इस पर कीड़ा बोला- महर्षि, मैं तो इस कीट योनि में रहकर कीड़े का आचरण कर रहा हूँ, परंतु ऐसे प्राणी असंख्य हैं, जिन्हें विधाता ने शरीर तो मनुष्य का दिया है, पर वे मुझसे भी गया-गुजरा आचरण कर रहे हैं। कीड़े की बातों में महर्षि को सत्यता नजर आई। वे सोचने लगे कि वाकई जो मानव जीवन पाकर भी देहासक्ति और अहंकार से बंधा है, जो ज्ञान पाने की क्षमता पाकर भी ज्ञान से विमुख है, वह कीड़े से भी बदतर है। महर्षि ने कीड़े से कहा- नन्हें जीव, चलो हम तुम्हारी सहायता कर देते हैं। कीड़ा बोला- किंतु मुनिवर श्रमरहित पराश्रित जीवन विकास के द्वार बंद कर देता है। कीड़े के कथन ने महर्षि को ज्ञान का नया संदेश दिया।

## राम की मूर्ति को अंतिम रूप



महाराष्ट्र के नागपुर में चल रहे नवरात्रि उत्सव के दौरान राम नवमी से पहले एक कलाकार भगवान राम की मूर्ति को अंतिम रूप दे रहा है।

## आज की पाती

### परमात्मा बेईमानी-चालाकी सब देखते हैं

दुनिया की नजर से बचकर हम चालाकियां और बेईमानियां कर सकते हैं, लेकिन जो हमारे कर्मों का लेखा-जोखा रख रहा है, उससे हम कुछ नहीं छुपा सकते। हम सब जानते हैं कि भगवान कण-कण में विराजमान हैं, लेकिन फिर भी कुछ लोग इस अटल सच्चाई को नजरअंदाज करते हुए बेईमानी और अन्य गलत कामों को करने से परहेज नहीं करते, बेशक उन्होंने बुरे कर्मों का नतीजा भुगता ही क्यों न हो, लेकिन फिर भी वो दुनिया से नजर बचाकर बेईमानी और चालाकी करने से बाज नहीं आते। परमात्मा हमारी अंतरात्मा पर भी नजर रखता है, वो हमारी सोच, मन, मस्तिष्क में क्या चल रहा है, उसको भी देखता है। परमात्मा की नजर में हमारे कर्म रिकॉर्ड होते हैं।

*- विजय देवागंन, कुम्हारी*

## ट्रेंड

### शांति और स्थिरता पर चर्चा



राष्ट्रपति ट्रंप से फोन पर पश्चिम एशिया की स्थिति पर विचारों का उपयोगी आदान-प्रदान हुआ। भारत तनाव कम करने और जल्द से जल्द शांति बहाल करने का समर्थन करता है। हमने शांति और स्थिरता के प्रयासों के संबंध में संपर्क में रहने पर सहमति जताई।

**- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### ट्रांसजेंडर विधेयक



भाजपा सरकार का ट्रांसजेंडर व्यक्ति संशोधन विधेयक ट्रांसजेंडरों के सवैधानिक अधिकारों और पहचान पर खुला हमला है। यह प्रतिगामी विधेयक ट्रांसजेंडर लोगों से उनकी स्वयं की पहचान करने का अधिकार छीन लेता है, जो सर्वोच्च न्यायालय के फैसले का उल्लंघन है।

**- राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस**

### आईपीडी टावर की उपेक्षा



जयपुर के महिला चिकित्सालय (सांगानेरी गेट) में बन रहा आईपीडी टावर भी आज भाजपा सरकार की उपेक्षा का शिकार है। हमारी कांग्रेस सरकार ने फरवरी 2023 में इस प्रोजेक्ट का काम शुरू किया था।

**- अशोक गहलोत, पूर्व सीएम, राजस्थान**

### बिहार में अपराध



बिहार में अपराधियों का काम अब पुलिस कर रही है। दारू पीकर दरोगा किसी को भी गोली मार देता है और दरोगा का कुछ नहीं बिगड़ता। ये भ्रष्ट असामाजिक तत्व हमारे लोगों के संयम और अनुशासन को कमजोरी ना समझें।

**-तेजस्वी यादव, पूर्व डिप्टी सीएम, बिहार**

## करंट अफेयर

# ईरान में छिड़ी जंग से ज्यादा परेशान ये मुल्क


ईरान में अमेरिका और इजरायल की ओर से ताबड़तोड़ हमले हो रहे हैं। ईरान के तेल कुएं हों या फिर गैस फील्ड, सभी को अमेरिका और इजरायल ने टारगेट किया है। वहीं ईरान ने भी संयुक्त अरब अमीरात, सऊदी अरब, कतर और बहरीन समेत कई ऐसे देशों पर हमले किए हैं, जहां से बड़ी संख्या में तेल और गैस की सप्लाई दुनिया भर में की जाती है। इस जंग ने स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को भी बाधित किया है, जहां से दुनिया का करीब 20 फीसदी तेल कारोबार होता है। इसके चलते भारत समेत कई देशों में तेल और गैस का संकट पैदा हो गया है। इसकी वजह है कि भारत ने अपनी तेल की जरूरतों को डाइवर्सिफाई किया है। वहीं पाकिस्तान, जापान, थाइलैंड और कोरिया जैसे देशों को ज्यादा परेशानी है। एक रिपोर्ट के अनुसार खाड़ी देशों से अपनी जरूरत का सबसे ज्यादा तेल आयात पाकिस्तान करता है। इसके बाद दूसरा नंबर जापान, तीसरा थाईलैंड और चौथा साउथ कोरिया का है। इसके बाद 5वां नंबर भारत का आता है। साफ है कि ईरान में चल रही जंग से भारत के मुकाबले कहीं ज्यादा परेशान पाकिस्तान है। इस संकट के चलते एक तरफ सप्लाई पर असर पड़ा है तो वहीं कच्चे तेल के दाम भी 100 डॉलर के ऊपर लगातार बने हुए हैं।



## ऑफ बीट

# कई ग्लुटेन मुक्त उत्पादों में कैलोरी-शर्करा अधिक

अमेरिकी उपभोक्ता अक्सर ग्लुटेन-मुक्त उत्पादों के लिए अधिक भुगतान करते हैं, फिर भी ये उत्पाद आमतौर पर ग्लुटेन युक्त विकल्पों की तुलना में कम प्रोटीन और अधिक शर्करा एवं कैलोरी प्रदान करने वाले होते हैं। वर्तमान में कई ग्लुटेन-मुक्त उत्पादों में फाइबर, प्रोटीन और आवश्यक पोषक तत्वों की कमी होती है। इसके अलावा, ग्लुटेन-मुक्त उत्पादों में आमतौर पर ग्लुटेन युक्त अन्य उत्पादों की तुलना में अधिक शर्करा पाई जाती है। ग्लुटेन-मुक्त आहार के लंबे समय तक सेवन का संबंध 'बॉडी मास इंडेक्स' (बीएमआई) में वृद्धि और पोषण संबंधी कमियों से है। ग्लुटेन-मुक्त उत्पाद को अमेरिका में ऐसे उत्पाद के रूप में परिभाषित किया जाता है जिनमें ग्लुटेन प्रति 10 लाख में 20 भाग से कम या उसके बराबर होता है। लेकिन ग्लुटेन-मुक्त उत्पाद में बड़े पैमाने पर गेहूं, राई, जौ और कभी-कभी जई की कमी होती है, जबकि ये सभी 'रबीनॉक्सिलन' के समृद्ध स्रोत हैं जो एक महत्वपूर्ण स्टार्च रहित पॉलीसेकेराइड है। अरबीनॉक्सिलन कई स्वास्थ्य लाभ प्रदान करता है, जिसमें लाभकारी आंत बैक्टीरिया को बढ़ावा देना, पाचन को बढ़ाना, रक्त शर्करा के स्तर को नियंत्रित करना और संतुलित आंत माइक्रोबायोटा का समर्थन करना शामिल है।



रॉयल पत्रिका

# कालाबाजारी एवं ओवरप्राइसिंग पर प्राथमिकी दर्ज कर लाइसेंस निरस्तीकरण की करें कार्रवाई - भजनलाल शर्मा

## » पीएनजी और सीजीडी नेटवर्क के विस्तार को दें प्राथमिकता

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सभी जिला कलक्टर्स को प्रतिदिन एलपीजी के संबंध में नियमित समीक्षा कर जमीनी परिस्थितियों का फीडबैक लेने के निर्देश दिए हैं। साथ ही, कालाबाजारी एवं ओवरप्राइसिंग में लिप्त संस्थाओं या व्यक्तियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर लाइसेंस निरस्तीकरण की कार्रवाई एवं बार-बार उल्लंघन करने वालों को ब्लैकलिस्ट करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि आकस्मिक निरीक्षण कर अनियमितताओं पर तत्काल कार्रवाई तथा स्टॉक रजिस्टर एवं वास्तविक भंडारण का मिलान भी सुनिश्चित किया जाए। शर्मा ने शनिवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित बैठक में एलपीजी आपूर्ति के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। उन्होंने खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग, पुलिस एवं अन्य संबंधित विभागों को संयुक्त टीमों के तहत विशेष अभियान चलाने के लिए निर्देशित किया। साथ ही, सभी जिलों में एलपीजी और आवश्यक वस्तुओं के गोदामों, एजेंसियों एवं वितरण केंद्रों का नियमित निरीक्षण करने के निर्देश दिए।



**शिकायतों का 24 घंटे में करें त्वरित समाधान**

मुख्यमंत्री ने जिले में हेल्पलाइन एवं शिकायत पोर्टल की पूर्ण सक्रियता एवं प्रभावशीलता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शिकायतों का 24 घंटे में त्वरित समाधान हो तथा इसकी नियमित मॉनिटरिंग कर मुख्य सचिव स्तर पर रिपोर्ट दी जाए। वहीं, सोशल मीडिया, स्थानीय मीडिया एवं पंचायत स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाएं। उन्होंने कहा कि अफवाह या गलत सूचना के कारण उत्पन्न कृत्रिम मांग को तुरंत नियंत्रित करने के साथ ही मांग और आपूर्ति की वास्तविक स्थिति का भी दैनिक आकलन किया जाए।

**ओटीपी आधारित वितरण और डायरी में एंट्री अनिवार्य रूप से हो लागू**

शर्मा ने सभी जिला कलक्टर्स को केंद्र सरकार द्वारा जारी एलपीजी आवंटन संबंधी दिशा-निर्देशों की जिलों में पूर्ण अनुपालना सुनिश्चित करवाने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि ओटीपी आधारित वितरण और डायरी में एंट्री को अनिवार्य रूप से लागू करवाया जाए। साथ ही, पाइप्ड नैचुरल गैस (पीएनजी) एवं सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन (सीजीडी) नेटवर्क के विस्तार को प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने कहा कि पाइपलाइन बिछाने संबंधी सभी स्वीकृतियां 24 घंटे के भीतर जारी हों। वहीं, औद्योगिक संस्थानों को पीएनजी अपनाने के लिए भी प्रेरित किया जाए। बैठक में बताया गया कि केंद्र सरकार की नवीन एसओपी के तहत व्यवसायिक गैस सिलेंडर की आवश्यकतानुसार आपूर्ति सुनिश्चित करवाई जा रही है। प्रदेश में 27 मार्च तक 3 हजार 741 निरीक्षण किए गए हैं, इनमें 1 हजार 506 गैस एजेंसियों का निरीक्षण शामिल है। उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार द्वारा आमजन को सहायता उपलब्ध करवाने के लिए हेल्पलाइन नंबर 14435, 112 और 181 संचालित किए जा रहे हैं। बैठक में मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास, पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा, संबंधित विभाग के अधिकारी एवं जिला कलक्टर्स वीसी के माध्यम से जुड़े।

# जल प्रबंधन परियोजनाओं की गणना समयबद्ध पूर्ण, प्रदेश को मिला राष्ट्रीय पुरस्कार

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। जल संसाधन प्रबंधन के क्षेत्र में राजस्थान ने एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। वृहद एवं मध्यम सिंचाई परियोजनाओं की प्रथम गणना समय पर पूर्ण करने पर जल शक्ति मंत्रालय ने राज्य को शील्ड एवं प्रशंसा प्रमाण पत्र से सम्मानित किया है। यह सम्मान डॉ. अम्बेडकर इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित विश्व जल दिवस कॉन्क्लेव के दौरान प्रदान किया गया। राज्य की ओर से मुख्य अभियंता (एसडब्ल्यूआरपीडी) ने सम्मान प्राप्त किया। जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने विभागीय अधिकारियों और अभियंताओं के पूर्ण जिम्मेदारी से किए कार्यों की सराहना करते हुए इसे टीम वर्क का परिणाम बताया।




परियोजनाओं से संबंधित आंकड़ों का संकलन, सत्यापन एवं पोर्टल पर अपलोडिंग का कार्य अधिशासी अभियंता से लेकर मुख्य अभियंता स्तर तक समयबद्ध रूप से संपन्न किया गया। राज्य स्तर पर आयोजित प्रशिक्षण एवं कार्यशालाओं के माध्यम से इस प्रक्रिया को गति प्रदान की गई। निर्धारित समय से पूर्व कार्य पूर्ण करना प्रशासनिक दक्षता और प्रभावी जल प्रबंधन की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है। उल्लेखनीय है कि जल संसाधनों के प्रभावी प्रबंधन, योजना निर्माण एवं नीति निर्धारण को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से जल शक्ति मंत्रालय के निर्देशन में देशभर में वृहद एवं मध्यम सिंचाई परियोजनाओं की प्रथम गणना, लघु सिंचाई परियोजनाओं की सातवीं गणना, जल निकायों की द्वितीय गणना तथा स्प्रिंग्स की प्रथम गणना का कार्य प्रक्रियाधीन है। राजस्थान में इस गणना के लिए जल संसाधन विभाग को नोडल विभाग तथा निदेशक (नहर), जयपुर को राज्य नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है, जबकि अन्य गणनाओं के लिए राजस्व विभाग को नोडल विभाग बनाया गया है।

# आवासन मण्डल की समृद्धि योजना को 'स्कॉच गोल्ड अवार्ड'

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। राजस्थान आवासन मण्डल की समृद्धि अपार्टमेंट योजना को SKOCH गोल्ड अवार्ड मिला है। मण्डल की ओर से आवासन आयुक्त डॉ. रश्मि शर्मा ने यह अवार्ड शनिवार को दिल्ली के इंडिया हैबिटेट सेंटर में आयोजित समारोह में ग्रहण किया। आवासन आयुक्त डॉ. रश्मि शर्मा ने कहा की मण्डल को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान प्राप्त होने से आमजन में मण्डल की प्रतिष्ठा फिर से कायम हुई है। उन्होंने स्कॉच गोल्ड अवार्ड मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए मण्डल की पूरी टीम को बधाई दी है। उन्होनें बताया कि समृद्धि आवासीय योजना में दो प्रकार के फ्लैट बनाये गए थे जिसमें 960 वर्ग फ़ीट वाले फ्लैट की कीमत 33 लाख अनुमानित थी वहीं 1100 वर्गफीट की कीमत 36 लाख अनुमानित थी , लेकिन मण्डल ने उसी उच्च गुणवत्ता के साथ प्रत्येक फ्लैट 960 वर्ग फ़ीट वाला 31 लाख में एवं 1100 वर्गफीट वाला 35 लाख में दिया है। उन्होंने बताया की हाल ही में राज्य सरकार द्वारा



आयोजित शहरी सेवा शिविर में नगरीय विकास एवं आवासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने समृद्धि अपार्टमेंट के 159 आवंटियों को आवंटन पत्र सौंपे थे। डॉ. शर्मा ने कहा की राजस्थान हाउसिंग बोर्ड ने अपनी योजनाओं में गुणवत्ता, पारदर्शिता और समयबद्धता को प्राथमिकता दी है। उन्होंने बताया कि "समृद्धि अपार्टमेंट" परियोजना आम नागरिकों को किफायती दरों पर आधुनिक सुविधाओं से युक्त आवास प्रदान करने का सफल उदाहरण है। उन्होंने कहा कि बोर्ड अब पारंपरिक निर्माण से आगे बढ़कर तकनीकी नवाचार और नागरिक सुविधा केंद्रित परियोजनाओं पर कार्य कर रहा है। उल्लेखनीय है की इससे पूर्व विगत दो वर्षों में मण्डल को फाउन्टेन स्क्वायर पार्क एवं एक्सपॉजिशन ग्राउन्ड के लिए आईबीसी अवार्ड, मण्डल मुख्यालय को ऊर्जा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा बीईई की 5 स्टार रेटिंग का अवार्ड, मण्डल की माही योजना को नारोडको द्वारा अवार्ड तथा एसएस रेजीडेंसी को इंडियन कंक्रीट इंस्टीट्यू द्वारा अवार्ड मिल चुका है।

# एक दिवसीय कैरियर मार्गदर्शन एवं रोजगार शिविर का सफल आयोजन

## » 76 अभ्यर्थियों का मौके पर ही हुआ चयन



जयपुर (रॉयल पत्रिका)। राज्य सरकार के कौशल, रोजगार एवं उद्यमिता विभाग की वार्षिक कार्य योजना वर्ष 2025-26 के क्रियान्वयन के अंतर्गत उप प्रादेशिक रोजगार कार्यालय, जयपुर द्वारा शुक्रवार को राजकीय रामचन्द्र खेतान पॉलिटेक्निक महाविद्यालय, झालाना, जयपुर परिसर में एक दिवसीय कैरियर मार्गदर्शन एवं रोजगार शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जगदीश नारायण निर्वाण, संयुक्त निदेशक एवं रोजगार मेला प्रभारी, रोजगार सेवा निदेशालय, राजस्थान, जयपुर द्वारा दीप प्रज्वलित कर शिविर का शुभारंभ किया गया। उन्होंने अपने प्रेरक उद्बोधन में युवाओं को कौशल उन्नयन एवं रोजगार के अवसरों का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य विनोद जांगिड ने अतिथियों एवं नियोजकों का स्वागत करते हुए अभ्यर्थियों को करियर चयन एवं रोजगार संभावनाओं के संबंध में मार्गदर्शन प्रदान किया। उप निदेशक, रोजगार विभाग, श्रीमती नवरेखा ने विभागीय योजनाओं की जानकारी देते हुए वर्तमान रोजगार परिदृश्य एवं उपलब्ध अवसरों पर प्रकाश डाला। वहीं, राजस्थान कौशल एवं आजीविका विकास निगम के जिला कौशल समन्वयक राघवेन्द्र सिंह ने विभिन्न कौशल विकास योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। उप क्षेत्रीय रोजगार कार्यालय, जयपुर की उप निदेशक श्रीमती नवरेखा ने बताया कि शिविर में लगभग 876 बेरोजगार अभ्यर्थियों ने भाग लिया। इस दौरान 26 निजी क्षेत्र के संस्थानों द्वारा साक्षात्कार आयोजित किए गए, जिनमें 427 अभ्यर्थियों का प्राथमिक चयन किया गया तथा 76 अभ्यर्थियों का मौके पर ही अंतिम चयन कर रोजगार के अवसर प्रदान किए गए। कार्यक्रम के अंत में राजकीय रामचन्द्र खेतान पॉलिटेक्निक महाविद्यालय के सहायक निदेशक संजय माथुर ने सभी निजी संस्थानों के प्रतिनिधियों, अभ्यर्थियों एवं आयोजकों का आभार व्यक्त किया।

# विद्यार्थी ज्ञान परम्परा से जुड़कर देश को गौरवान्वित करें- राज्यपाल

## » प्रेरणा स्थल, पंडित दीनदयाल उपाध्याय अनुसंधान केंद्र एवं हस्तशिल्प प्रदर्शनी का किया उद्घाटन

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा कि विद्यार्थी प्राचीन भारतीय ज्ञान परम्परा जुड़कर नालंदा एवं तक्षशिला जैसे विश्वविद्यालयों की तरह भारत का विश्वभर में गौरव बढ़ाएं। उन्होंने कहा कि भारत का स्वर्णिम अवसर हमारे विश्वविद्यालय हैं। नई शिक्षा नीति के आलोक में उन्हें सभी मिलकर उत्कृष्ट बनाने का प्रयास करें। राज्यपाल बागडे शनिवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि देश में आर्थिक एवं सामाजिक परिवर्तन के साथ-साथ गरीबी को शिक्षा के माध्यम से ही दूर किया जा सकता है। उन्होंने राजस्थान के शिक्षा क्षेत्र में योगदान देने वाले महानुभावों का स्मरण करते हुए कहा कि हीरालाल शास्त्री, स्वामी केशवानंद एवं सावित्री भाटी जैसे व्यक्तियों ने राजस्थान में शिक्षा को एक विशिष्ट स्थान दिलाया। राज्यपाल ने कहा कि राजस्थान वीरों और वीरांगनाओं की पावन धरती है। यहीं से भारतीय सेना में सबसे अधिक जवान भर्ती होते हैं। शेखावाटी की यह धरती ऐतिहासिक रूप से देश की आर्थिक रीढ़ रही है। यहां के व्यापारियों ने देश के उद्योग-व्यापार जगत को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।




बजाज, बिरला, अग्रवाल, मोदी समेत अनेक प्रमुख औद्योगिक घरानों की नींव इसी भूमि से जुड़ी है। राज्यपाल बागडे ने कहा कि देश की आजादी से पूर्व घनश्याम दास बिड़ला ने महात्मा गांधी के साथ मिलकर देश में उद्योगों को प्रारंभिक रूप देने में महत्वपूर्ण योगदान दिया था। राज्यपाल ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय को याद करते हुए कहा कि वे व्यक्ति नहीं, बल्कि अपने आप में एक संस्था और एक महान चिंतक थे। उनके द्वारा प्रतिपादित एकात्म मानववाद राष्ट्र को दी गई अनूठी विरासत है। उनका मूल विचार था कि व्यक्ति से बड़ा समाज है। राज्यपाल ने दीक्षांत समारोह में विद्यार्थियों से कहा कि यह समारोह शिक्षा का अंत नहीं, बल्कि जीवन की नई शुरुआत है। विद्यार्थी अपनी शिक्षा का उपयोग आमजन और राष्ट्र के सर्वांगीण विकास के लिए करें। राज्यपाल ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि हाल के वर्षों में यूपीएससी और आरपीएससी जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं में छात्राओं की सफलता दर लगातार बढ़ रही है। उन्होंने जोर देकर कहा कि विद्यार्थियों में बौद्धिक क्षमता के साथ-साथ शारीरिक क्षमता का भी विकास आवश्यक है। प्राचीन भारत की गुरुकुल पद्धति की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि गुरुकुल में कला, इंजीनियरिंग, चरित्र निर्माण और नैतिक मूल्यों सहित सर्वांगीण शिक्षा प्रदान की जाती थी।

राज्यपाल ने कहा कि जीवन में आगे बढ़ने के लिए सहनशीलता अत्यंत जरूरी है। व्यक्ति तभी सफलता की ऊंचाइयों को छू पाता है। उन्होंने राजस्थान को कौशल की खान बताते हुए रणकपुर जैन मंदिर का उदाहरण दिया। उन्होंने कहा कि इस अनुपम मंदिर को बारीकियों के साथ तैयार करने में पूरे 64 वर्ष लगे।

# एसीएस ने ली विभागीय अधिकारियों की बैठक

## » योजनाओं की जानकारी लेकर की प्रगति की समीक्षा

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। सामाजिक न्याय व अधिकारिता विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव दिनेश कुमार ने शनिवार को विभागीय अधिकारियों की बैठक लेते सभी योजनाओं की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कुमार ने मुख्यालय अंबेडकर भवन के सभागार में आयोजित बैठक में विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की अन्य राज्यों से तुलना करते हुए उन्हें और प्रभावी बनाने के दिए निर्देश दिए। उन्होंने योजनाओं की प्रगति की मासिक रिपोर्ट बनाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने 50 प्रतिशत से कम प्रगति वाली योजनाओं की समीक्षा कर उनका व्यापक प्रचार-प्रसार करने के भी निर्देश दिए। साथ ही योजनाओं में किसी भी तरह के फ्रॉड को रोकने और योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में एआई तकनीक के इस्तेमाल पर भी जोर दिया। अतिरिक्त मुख्य सचिव ने बैठक में सामाजिक सुरक्षा पेंशन, पालनहार योजना,




आयुष्मान बाल संबल योजना, अंतरजातीय विवाह, मुख्यमंत्री अनुप्रति कोचिंग योजना, आवासीय विद्यालय, उत्तर मैट्रिक छात्रवृत्ति, पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति, मुख्यमंत्री कन्यादान योजना, कामकाजी महिला छात्रावास सहित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली। इस दौरान मुख्यमंत्री बजट घोषणा, मुख्यमंत्री निर्देशों की समीक्षा, कोर्ट केसों की वस्तुस्थिति, विभागीय पदोन्नति, ऑडिट पैराज, भारत सरकार से बजट आवंटन एवं उपयोगिता प्रमाण पत्र की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सामाजिक कल्याण की योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्ति तक तय समयावधि में पहुंचाना सुनिश्चित करें। निदेशक आशीष मोदी ने पीपीटी प्रेजेंटेशन के जरिए सभी योजनाओं की बिंदुवार जानकारी दी और वित्तीय और प्रशासनिक प्रगति से अवगत कराया। इस दौरान वित्तीय सलाहकार श्रीमती अंजू सिंह, अतिरिक्त निदेशक जेपी बैरवा, श्रीमती नसीम खान, रामेश्वर लाल परसोया, श्रीमती रीना शर्मा, सूंडाराम मीणा, अशोक जांगिड़, अरविंद कुमार सैनी सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# जयपुर की शैक्षणिक यात्रा पर सिक्किम राज्य महिला आयोग

## » राज्य महिला आयोग की कार्यप्रणाली का किया अवलोकन

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। सिक्किम राज्य महिला आयोग की माननीय अध्यक्ष टेनी डोमा भूटिया के नेतृत्व में आयोग का एक प्रतिनिधिमंडल शुक्रवार को शैक्षणिक यात्रा पर जयपुर पहुँचा। प्रतिनिधिमंडल में माननीय सदस्य सकुन राय, जुन्नू छेत्री, ताशी डोमा तमांग, सुनीता सुनवार, पामु शेरपा, रान माया तमांग, रूपा मंगर, नवमित लेप्चा, पारबती आचार्य, देविका बिस्ता तथा सदस्य सचिव योथा लेप्चा शामिल रहे। राजस्थान राज्य महिला आयोग की सदस्य सचिव श्रीमती दीप्ति जोशी ने आयोग के दल का आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर रजिस्ट्रार सह विशेषाधिकारी समरेन्द्र सिंह सिकरवार ने प्रतिनिधिमंडल को



राजस्थान राज्य महिला आयोग की कार्यप्रणाली, संगठनात्मक संरचना एवं महिलाओं से संबंधित नवीनतम कानूनों की विस्तृत जानकारी दी। शैक्षणिक भ्रमण के दौरान सिक्किम राज्य महिला आयोग के दल ने महिला पुलिस थाना, जयपुर शहर (पूर्व), महिला सुरक्षा एवं सलाह केन्द्र (पूर्व) तथा वन स्टॉप सेंटर (अपराजिता केन्द्र), जयपुरिया अस्पताल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने महिला सुरक्षा, परामर्श सेवाओं एवं पीड़ित सहायता से संबंधित व्यवस्थाओं का अध्ययन कर जानकारी प्राप्त की। दौरे के दौरान दोनों राज्यों के बीच महिला सशक्तिकरण एवं सुरक्षा के क्षेत्र में अनुभवों के आदान-प्रदान पर भी चर्चा की गई।

# चिकित्सा स्वास्थ्य सेवा में क्रिटिकल केयर विंग डूंगरपुर जिले के लिए बड़ी सौगात

## » जल्द से जल्द कार्य पूरा करने का हमारा प्रयास - चिकित्सा मंत्री

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर ने डूंगरपुर जिला अस्पताल के निर्माणाधीन क्रिटिकल केयर विंग के निरीक्षण के दौरान कहा कि चिकित्सा सेवा के क्षेत्र में क्रिटिकल केयर विंग डूंगरपुर जिले के लिए बहुत बड़ी सौगात है तथा हमारा प्रयास है कि इसका कार्य जल्द से जल्द पूरा हो ताकि इसकी सेवाओं का लाभ आमजन को मिल सकें। इस दौरान उन्होंने प्रगतिरत कार्य, कार्य पूर्ण होने की समयावधि, आवश्यक चिकित्सा संसाधनों के लिए टेंडर, वर्क आर्डर एवं प्रक्रियाओं की जानकारी ली। उन्होंने कार्य को शीघ्रता से पूर्ण करने के निर्देश दिए ताकि चिकित्सा सेवाओं का बेहतर लाभ मरीजों को मिल सकें। उल्लेखनीय है कि डूंगरपुर जिला चिकित्सालय में 18700 लाख की लागत से क्रिटिकल केयर विंग का भवन का निर्माण किया जा रहा है।



**'ओपीडी के नए भवन हेतु भी प्रस्ताव मांगा'-**

खींवसर ने कहा कि डूंगरपुर जिले में ओपीडी लेवल बहुत ज्यादा है तथा मरीजों को बेहतर सुविधा मिल सकें इसलिए प्रशासन एवं संबंधित अधिकारियों को नये भवन के प्रस्ताव बनाकर भेजन के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि डूंगरपुर को चिकित्सा सेवा क्षेत्र में अव्वल बनाने का हमारा प्रयास है ताकि यहां के निवासियों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध हो सकें।

**'फूड कॉर्नर की सराहना'-**

इस दौरान उन्होंने चिकित्सालय में मरीजों एवं उनके साथ आए परिवारजन को उचित मूल्य पर भोजन उपलब्ध कराने के लिए स्थापित किए गए फूड कॉर्नर का निरीक्षण करते हुए उसकी सराहना की। उन्होंने इस दौरान वहां पर भोजन कर रहें लोगों से संवाद कर जानकारी भी ली।

**'युवाओं को रोजगार देने के लिए प्रतिबद्ध'-**

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा युवाओं को रोजगार देने की प्रतिबद्धता को निभाते हुए चिकित्सकों एवं नर्सिंग कर्मियों की भर्ती के बाद तथा सबसे ज्यादा नियुक्तियां जनजाति क्षेत्र में ही दी गई ताकि चिकित्सा सुविधाओं को बेहतर किया जा सकें। उन्होंने कहा कि चिकित्सकों के उच्च शिक्षा के लिए जाने पर रिक्त हुए पदों पर भी पुनः भर्ती होने पर नियुक्तियां की जाएगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने युवाओं को रोजगार देने के क्षेत्र में सबसे अधिक पहल करते हुए चिकित्सा क्षेत्र में पचास हजार से अधिक भर्तियां की गई है, जिसमें से लगभग तीस हजार की नियुक्तियां की गई है और आगे भी यह प्रक्रिया जारी है। हमारा प्रयास रहेगा कि युवाओं को अधिक से अधिक रोजगार उपलब्ध करवायें। निरीक्षण के दौरान डूंगरपुर जिला कलेक्टर अंकित कुमार सिंह, अधीक्षक मेडिकल कॉलेज डॉ महेंद्र डामोर, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अलंकार गुप्ता, अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विपिन मीणा सहित अन्य चिकित्सा अधिकारी मौजूद रहें।

# जेडीए की भूमि एवं संपत्ति निस्तारण समिति की 220वीं बैठक संपन्न

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। जयपुर विकास प्राधिकरण (जेडीए) की भूमि एवं संपत्ति निस्तारण समिति की 220वीं बैठक में शहर के समग्र विकास, सार्वजनिक परिवहन के विस्तार और आधारभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। आयुक्त सिद्धार्थ महाजन की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में जयपुर मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड को नॉन-फेयर रेवेन्यू गतिविधियों हेतु ग्राम मानपुरा (तहसील मौजमाबाद) में 7.45 हेक्टेयर तथा ग्राम भोजपुरा (तहसील फागी) में 10.0529 हेक्टेयर भूमि आवंटित करने का निर्णय लिया गया। यह निर्णय मेट्रो परियोजना को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने में मदद करेगी। इसके अतिरिक्त, शहर में निर्बाध विद्‌त आपूर्ति सुनिश्चित करने की दिशा में जयपुर विद्‌त वितरण निगम लिमिटेड को 33/11 केवी जीएसएस के निर्माण हेतु ग्राम चकवाड़ा (तहसील फागी) में 1000 वर्गमीटर भूमि आवंटन को भी मंजूरी प्रदान की गई। इन फैसलों से जयपुर में विद्‌त अवसंरचना के सुदृढ़ीकरण और शहरी सुविधाओं के व्यापक विकास को रफ़्तार मिलेगी। बैठक में सचिव निशांत जैन, अतिरिक्त आयुक्त डॉ. प्रिया बलराम, उप आयुक्त दिग्गज चाँगल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# आवश्यक नम्बर

रॉयल पत्रिका

**बिजली फॉल्ट के लिए**

| | |
|---|---|
| टोल फ्री नंबर | 18001806507 |
| वॉट्सएप नंबर | 9414037085 |
| कस्टमर केयर | 2203000 |
| आईवीआरएस | 1912 |

**कचरा गाड़ी के लिए**

| | |
|---|---|
| ग्रेटर | 2747400 |
| सीवरेज लीकेज | 2607500 |
| हेरिटेज | 2607500 |
| टोल फ्री नंबर | 14420 |

**पुलिस की मदद के लिए**

| | |
|---|---|
| साइबर क्राइम | 1930/2360094 |
| कंट्रोल रूम | 2388435/36/37/38 |
| ट्रैफिक कंट्रोल रूम | 2565630 |
| चाइल्ड हेल्पलाइन | 1098 |
| महिला हेल्पलाइन | 1090 |
| मुख्यमंत्री पोर्टल | 181 |

**पानी के लिए**

| | |
|---|---|
| जलदाय कार्यालय | 2706624 |
| फायर ब्रिगेड | 2747400 |

**मेडिकल इमरजेंसी के लिए**

| | |
|---|---|
| एंबुलेंस | 102/108 |
| एसएमएस इमरजेंसी | 2518333 |
| महिला चिकित्सालय | 22610616 |
| जनाना हॉस्पिटल | 22378721 |
| SDMH | 22574189 |
| SMS ब्लड बैंक | 22518222 |
| कल्याण ब्लड बैंक | 22721771 |

**घायल पशुओं के लिए**

| | |
|---|---|
| नगर निगम | 2747400 |
| बर्ड बाइक | 9887345580 |
| हेल्प इन सफरिंग | 8107299711 |
| जनमंच ट्रस्ट | 7230055800 |
| पशु चिकित्सालय | 2747400 |

# टीबी मुक्त भारत अभियान में पाली जिले का बढ़ा मान, राज्य स्तर पर डॉ. उजमा जबीन ने प्राप्त किया सम्मान

» *विश्व क्षय रोग दिवस पर राज्य-स्तरीय सम्मान समारोह एवं कार्यशाला आयोजित*

» *कुल 5 तरह की कैटेगरी में 4 सम्मान पाली जिले को मिले*

**मोहम्मद यासीन**

पाली (रॉयल पत्रिका)। राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम (NTEP) के अंतर्गत विश्व क्षय रोग दिवस के अवसर पर शुक्रवार को जयपुर में राज्य-स्तरीय सम्मान समारोह एवं कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस समारोह में टीबी कार्यक्रम में सराहनीय कार्य करने पर पाली जिले को सम्मानित किया गया। सीएमएचओ डॉ. विकास मारवाल ने बताया कि चिकित्सा विभाग की ओर से जयपुर में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में वर्ष 2025 के दौरान राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाले जिला एवं राज्य स्तर के अधिकारियों एवं कार्मिकों को सम्मानित किया गया। उन्होंने बताया कि जयपुर में आयोजित कार्यक्रम में पाली जिले को टीबी मुक्त भारत अभियान में उत्कृष्ट कार्य के फलस्वरूप यह पुरस्कार मिला। डॉ. मारवाल ने बताया कि कार्यक्रम में टीपीटी में 2 रैंक, डिफ्रेंसिव टीबी केअर में 2 रैंक, निक्षय पोषण योजना में 4 रैंक व एक्सरे जांच करने में 4 रैंक मिली है। कुल 5 तरह की कैटेगरी में 4 सम्मान पाली जिले को मिले है। ये सम्मान पली जिले व चिकित्सा




विभाग के लिए गर्व की बात है। जयपुर में यह पुरस्कार पाली जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. उजमा जबीन ने प्राप्त किया। सीएमएचओ ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य क्षय रोग उन्मूलन के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा बेहतर कार्य करने वालों को प्रोत्साहित करना रहा। कार्यक्रम के दौरान राज्य के जिला क्षय रोग अधिकारी, जिला प्रजनन एवं बाल स्वास्थ्य अधिकारी सहित अन्य स्वास्थ्य अधिकारियों के लिए क्षय रोग उन्मूलन के विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा व्याख्यान प्रस्तुत किए गए। साथ ही बाल क्षय रोग परामर्श सत्र का भी आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों में क्षय रोग की पहचान, उपचार एवं प्रबंधन पर विस्तार से चर्चा की गई। इस कार्यक्रम में एसटीडीसी अजमेर एवं आईआरएल के अधिकारी, भारत सरकार एवं डब्ल्यूएचओ के परामर्शदाता, एसएनओ, आरबीएसके के पीडी, एसएनओ, आयुष्मान आरोग्य मंदिर तथा एनटीईपी से जुड़े विकास भागीदारों के प्रतिनिधियों ने सक्रिय सहभागिता निभाई। कार्यक्रम के माध्यम से राज्य में क्षय रोग उन्मूलन के लिए समन्वित प्रयासों को और अधिक सुदृढ़ बनाने पर बल दिया गया। साथ ही सभी जिलों को लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु प्रभावी रणनीतियों के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया गया। अंत में आयोजकों द्वारा सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करते हुए क्षय रोग मुक्त राजस्थान के लक्ष्य को समयबद्ध रूप से प्राप्त करने का संकल्प दोहराया गया।

# भाजपा ग्रामीण मंडल का आवासीय प्रशिक्षण वर्ग कल से शुरू, ग्रामीण क्षेत्र के कार्यकर्ता होंगे प्रशिक्षित

सवाई माधोपुर (रॉयल पत्रिका)। भारतीय जनता पार्टी की केन्द्रीय योजना के अनुसार आयोजित किए जा रहे पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 के तहत भाजपा ग्रामीण मंडल का दो दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण शिविर रविवार दिनांक 29 मार्च 2026, दोपहर 1 बजे से ग्राम पढ़ाना में शुरू होगा। मंडल अध्यक्ष अशोक राज मीना ने बताया की शिविर में रात्रि विश्राम की भी व्यवस्था रहेगी, प्रशिक्षण में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश उपाध्यक्ष छगनलाल माहुर, जिलाध्यक्ष मानसिंह गुर्जर उपस्थित रहेंगे, प्रशिक्षण वर्ग मे सात सत्र होंगे, जिनमें जिले के वरिष्ठ नेता और पदाधिकारी वक्ता के रूप में उपस्थित रहेंगे। प्रशिक्षण वर्ग मे जिला व मंडल पदाधिकारी,कार्यकारिणी सदस्य,



बूथ अध्यक्ष,शक्ति केंद्र संयोजक, विभिन्न मोर्चों के पदाधिकारी, पंचायत समिति व जिला परिषद सदस्य, प्रधान सहित वरिष्ठ कार्यकर्ता भाग लेंगे। प्रशिक्षण वर्ग के पहले दिन वैचारिक अधिष्ठान और पार्टी के इतिहास-विकास पर सत्र होंगे, जबकि दूसरे दिन बूथ प्रबंधन, मन की बात, कार्य विस्तार और सरकार की उपलब्धियों पर विभिन्न वक्ताओं की ओर से प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण वर्ग की व्यवस्थाओं को लेकर जिला महामंत्री विनोद अटल, मंडल प्रभारी सुरेन्द्र शर्मा, मंडल अध्यक्ष अशोकराज मीणा, युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष मुरली गौतम, मंडल महामंत्री एवं उपसरपंच हाबूलाल मीणा, पंडित बुद्धिप्रकाश शर्मा ने प्रशिक्षण स्थल का दौरा किया और बैठक व्यवस्था, आवास व्यवस्था, भोजन व्यवस्था और अन्य सुविधाओं का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय मेडिकल कॉलेज "परिसर- में वन्दे मातरम्" संगोष्ठी का आयोजन

**मोहम्मद अली पठान**

चूरू (रॉयल पत्रिका)। जिला मुख्यालय पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (ABVP), चूरू द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय मेडिकल कॉलेज, चूरू "परिसर- में वन्दे मातरम्" अभियान के अंतर्गत संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर उपस्थित विद्यार्थियों एवं शिक्षकों में देशभक्ति, जागरूकता और सांस्कृतिक गौरव का वातावरण देखने को मिला। संगोष्ठी का उद्देश्य युवा पीढ़ी को वन्दे मातरम् के महत्व, उसके इतिहास तथा राष्ट्रनिर्माण में उसकी भूमिका से अवगत कराना रहा, ताकि वे अपने देश और उसकी विरासत के प्रति अधिक संवेदनशील बन सकें। कार्यक्रम में पंडित दीनदयाल उपाध्याय मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. एम. एम. पुकार ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि "वन्दे मातरम्" केवल एक गीत नहीं, बल्कि भारत की आत्मा और राष्ट्रीय चेतना का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि आज की युवा तरुणाई को देश के क्रांतिकारियों और महापुरुषों के योगदान के साथ-साथ इतिहास की सही जानकारी होना अत्यंत




आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपने अतीत को समझकर उससे प्रेरणा लेने और अपने वर्तमान को सशक्त बनाने का आह्वान किया। साथ ही वक्ताओं ने वन्दे मातरम् के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह गीत स्वतंत्रता संग्राम के दौरान देशवासियों के लिए प्रेरणा का प्रमुख स्रोत बना और आजादी की लड़ाई में एक सशक्त स्वर के रूप में उभरा।इस अवसर पर डॉ. रेणु बम्बल ने कहा कि महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय स्तर पर इस प्रकार की गतिविधियाँ विद्यार्थियों को अपनी सांस्कृतिक विरासत और राष्ट्रीय मूल्यों से जोड़ने का प्रभावी माध्यम हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम युवा शक्ति को जागरूक करने के साथ-साथ उन्हें सकारात्मक दिशा प्रदान करते हैं। केंद्रीय कार्यसमिति सदस्य अभिनव सिंह ने बताया कि विद्यार्थी परिषद वन्दे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने पर देशभर के परिसरों में जाकर इसके महत्व को विद्यार्थियों तक पहुँचाने का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि परिषद की निरंतर सक्रियता और छात्रों से जुड़ाव के कारण यह संगठन आज विद्यार्थियों की पहली पसंद बनता जा रहा है।कार्यक्रम के अंत में एबीवीपी चूरू के जिला संयोजक एवं राज्य विश्वविद्यालय कार्य प्रदेश संयोजक कुलदीप सिंह जागावत ने उपस्थित सभी विद्यार्थियों एवं शिक्षकों का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर जिला कार्यालय मंत्री सुरेश शर्मा, नगर मंत्री लोकेश ज्यानी, नगर सह मंत्री गर्व रक्षक, नगर SFS प्रमुख वीरेन्द्र पचार आदि उपस्थित रहे।

# लापरवाही - नाले का अधूरा निर्माण बन रहा हादसों का सबब

लाडनूं (रॉयल पत्रिका)। शहर के भीड़-भाड़ वाले क्षेत्र तेली रोड के तिराहे पर नगर पालिका मंडल लाडनूं के ठेकेदार की गंभीर लापरवाही सामने आई है। यहा पर ठेकेदार द्वारा नाला निर्माण कार्य अधूरा छोड़ दिया गया है। जिससे आमजन की जान जोखिम में पड़ गई है। जानकारी के अनुसार ठेकेदार द्वारा नाले का निर्माण बिना चैंबर बनाए ही बीच में रोक दिया गया। जिसके कारण नाला पूरी तरह खुला पड़ा है। इस लापरवाही के चलते आए दिन हादसों की आशंका बनी हुई है। शुक्रवार को यहां एक बाइक सवार खुले नाले में औंधे मुंह गिर गया। मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए उसे बाहर निकाला, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। गौरतलब है कि तेली रोड तिराहा शहर का मुख्य टी प्वाइंट है। जहां से दिनभर बड़ी संख्या में वाहन गुजरते हैं। इसके बावजूद जिम्मेदारों द्वारा इस गंभीर समस्या की अनदेखी की जा रही है। ठेकादार और नगर पालिका मंडल लाडनूं की इस लापरवाही के मामले में स्थानीय आम नागरिकों सहित सामाजिक कार्यकर्ता मो. मुश्ताक खान



कायमखानी ने रोष जताया है, तथा समय रहते इस अधुरे बंद पड़े कार्य को जनहित में तुरंत प्रभाव से पुरा कराने की मांग की है अन्यथा कोई बड़ा हादसा होने पर इसकी पुरी जिम्मेदारी संबंधित ठेकादार और नगर पालिका मंडल लाडनूं की होगी। कायमखानी ने प्रशासन से जल्द से जल्द नाला निर्माण कार्य पूरा करवाने और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने की मांग की है, ताकि भविष्य में किसी बड़े हादसे से बचा जा सके। इनका कहना है, निर्माण कार्य की प्रक्रिया चालू है इसलिए समस्या हो रही है। नाले का अधूरा निर्माण शीघ्र पूर्ण कर आमजन को राहत प्रदान की जाएगी।

# रामनवमी पर बीदासर में उमड़ा आस्था का सैलाब, भगवा रंग में रंगा पूरा बीदासर



बीदासर (रॉयल पत्रिका)। रामनवमी के पावन अवसर पर नगर में निकली भव्य भगवा रैली ने आस्था, उत्साह और एकता का ऐसा अद्त दृश्य प्रस्तुत किया कि पूरा शहर मानो भगवामय हो उठा। सड़कों पर जनसैलाब उमड़ पड़ा और चारों ओर "जय श्रीराम" के जयघोष से वातावरण गूंजायमान हो गया। विश्व हिन्द परिषद, बजरंग दल सहित विभिन्न हिन्द संगठनों के संयुक्त तत्वावधान में निकली इस विराट शोभायात्रा की शुरुआत राणी सती (सत्ती माता) मंदिर से हुई। हाथों में केसरिया ध्वज, भगवान श्रीराम, बजरंगबली व देवी-देवताओं की आकर्षक झांकियों के साथ सैकड़ों नहीं बल्कि हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। रैली जैसे-जैसे मुख्य बाजारों से गुजरी, पूरा नगर भगवा रंग में रंगता चला गया। जगह-जगह लोगों ने पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया। बैंड-बाजों, डीजे और ढोल-नगाड़ों की धुन पर युवाओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। रामराज्य फिर आएगा" और राजतिलक की करो तैयारी व जय श्री राम के नारों से गूंजती इस शोभायात्रा में युवाओं का जोश चरम पर रहा। कई जगहों पर रैली का भव्य स्वागत किया गया और श्रद्धालुओं के लिए जलपान की व्यवस्था भी की गई। रैली के दौरान सुरक्षा व्यवस्था भी चाक-चौबंद रही। प्रशासन और पुलिस के अधिकारी पूरे समय मुस्तैद नजर आए, जिससे आयोजन शांतिपूर्ण और व्यवस्थित तरीके से संपन्न हुआ। इस अवसर पर शोभायात्रा में गढ़ के ठाकुर किशन सिंह विदावत, विहिप के जिला उपाध्यक्ष प्रहलाद सिंह राजपुरोहित,संजय कुमार मोदी, कमल दुगड़, शुभम जैन, सुजल सैन, सहित सैकडों लोगों ने भाग लिया शोभायात्रा को लेकर तहसीलदार अमर सिंह बोचला, बीदासर थानाधिकारी दिलीप सिंह , सी आई पुष्पेंद्र झाझड़िया सहित छापर, सांडवा, बीदासर थाने के अनेक पुलिस कर्मी उपस्थित रहे।

# 12 साल से पाली को इंतज़ार अब भी नहीं मिली दिल्ली रात्रिकालीन ट्रेन - जागरवाल

**मोहम्मद यासीन**

पाली (रॉयल पत्रिका)। राजीव गांधी पंचायती राज संगठन एवं भारतीय किसान यूनियन पाली के जिलाध्यक्ष मदन सिंह जागरवाल ने भारत सरकार के रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, पाली सांसद पी.पी. चौधरी, एवं राज्यसभा सदस्य मदन राठौड़ से लम्बे समय से पाली की जनता की मांग पर पाली से दिल्ली के लिए रात्रिकालीन रेल सेवा प्रारंभ करने की मांग की है। जागरवाल ने बताया कि पाली सांसद पी.पी. चौधरी ने लोकसभा में पाली–हेमावास–नाडोल–चारभुजा सड़क निर्माण का मुद्दा उठाया,जबकि भारत के परिवहन मंत्री नितिन गडकरी जी द्वारा इस सड़क योजना को पूर्व में ही स्वीकृति दी जा चुकी है। इस जटिल समस्या को कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य नीरज डागी ने भी राज्यसभा में कई बार बात रखी थी । लेकिन भाजपा सरकार के कार्यकाल में सांसद पीपी चौधरी ने लोकसभा में एक बार भी पाली से दिल्ली तक की रेल का मुद्दा नहीं उठाया



ओर ना ही रेल मंत्री से आज दिन तक रेल चलाने की स्वीकृति दिला सके। जागरवाल ने कहा कि केंद्र में भारतीय जनता पार्टी सरकार के तीसरे कार्यकाल में भी लोकसभा जनप्रतिनिधियों ने अब तक पाली से दिल्ली रात्रिकालीन रेल सेवा का मुद्दा प्राथमिकता से नहीं उठाया। साथ ही राज्य सभा सासंद मदन राठौड़ एवं सासंद पीपी चौधरी रेल मंत्री को ज्ञापन देकर मांग कर इतिश्री कर रहे है। पाली की जनता भाजपा सरकार के तीसरे कार्यकाल में इस महत्वपूर्ण सुविधा का इंतजार कर रही है। इसके साथ ही जागरवाल ने बताया कि तीन बार पाली शहर बाढ़ से डूबने के बाद शुक्रवार को सांसद महोदय को नेशनल हाईवे 162 पर सोजत, नयागांव, सांडेराव एवं ढोला क्षेत्र में जल निकासी की अब याद आईं ओर समाचार पत्र में बताया ,था जबकि मानसून जून माह में आने वाला है, इनकी उदासीनता के कारण फिर पाली शहर पानी में डूबेगा। यही मुद्दा पिछले वर्ष मानसून सत्र में उठाकर कार्य स्वीकृत करवाया होता तो पाली शहर डूबने से बच सकता था अब तो खामियाजा पाली शहर की जनता भुगतेगी पाली सासंद से आग्रह है कि 12 वर्षों के अपने कार्यकाल का ब्यौरा व करवाए गए विकास कार्यों की सूची आम जन के लिए प्रकाशित करे। जागरवाल ने रेल मंत्री अश्वनी कुमार वैष्णव को फैक्स ओर मेल भेज कर जनता की मांग पर पुर जोर मांग की है कि पाली शहर वासियों को रात्रिकालीन पाली से दिल्ली तक एक नई ट्रेन की स्वीकृति प्रदान कर जनता को सुविधा उपलब्ध करवाए।

# महवा में केमिकल टैंकर हादसा: आग लगने से मचा हड़कंप



**शफीक अली**

महवा (रॉयल पत्रिका)। महवा उपखंड के मौजपुर गांव के समीप जयपुर-आगरा राष्ट्रीय राजमार्ग पर शुक्रवार रात 2 बजे एक केमिकल से भरा टैंकर पलट गया, जिससे उसमें आग लग गई। हादसा बालाहेडी थाना से महज 50 मीटर की दूरी पर हुआ, जिससे अफरा-तफरी मच गई। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए बालाहेडी और महवा थाना पुलिस को मौके पर भेजा और फायर ब्रिगेड की गाड़ियां बुलाकर आग पर काबू पाने का प्रयास किया जा रहा है। पुलिस ने भरतपुर से जयपुर की ओर आ रहे वाहनों को रोक दिया है और जयपुर से भरतपुर की ओर जा रहे वाहनों को एक-एक कर निकाला जा रहा है ।टैंकर के चालक पवन कुमार और रामकृपाल राम प्रकाश निवासी बेराटन पुरवा (कानपुर) को हल्की चोटें आई हैं, जिन्हें महवा के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। टैंकर नेपाल से भरकर कानपुर होते हुए जयपुर रिंग रोड के पास किसी फैक्ट्री में जा रहा था।

# केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने किया चूरू भ्रमण

» *ब्रह्मचारियों ने दी पिरामिड की आकर्षक प्रस्तुति*

चूरू (रॉयल पत्रिका)। जिला मुख्यालय पर केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय जयपुर व श्री ऋषिकुलब्रह्मचर्याश्रम चूरू के संयुक्त तत्त्वावधान में गुरूवार को रामनवमी पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों को शहर के प्रमुख दर्शनीय स्थलों का भ्रमण करवाया गया। इस अवसर पर संस्कृतसंस्कृति संवर्द्धन पथ संचलन रैली निकाली गई। यह रैली भानीनाथ आश्रम से प्रारम्भ होकर पिंजरापोल गौशाला, सेठ जयदयाल गोयनका हवेली होते हुए मुख्य मार्गों से श्री ऋषिकुल ब्रह्मचर्याश्रम पहुंची। रैली के बाद आश्रम में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। आश्रम के छात्रों ने स्वागत-भाषण, स्वागत गीत, योगासन और पिरामिड का प्रदर्शन कर केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय (सीएसयू) जयपुर के आचार्यों और शिक्षक-प्रशिक्षकों का स्वागत किया। ब्रह्मचारियों की प्रस्तुतियां देखकर आगंतुक अतिथि भाव-विभोर हो गये। इस अवसर पर आश्रम के प्रबन्धक ईवरसिंह राठौड़ ने गीताप्रेस (गोरखपुर), गीताभवन, गोविन्द भवन कार्यालय और श्रीऋषिकुलब्रह्मचर्याश्रम के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। इस दौरान उन्होंने डॉक्यूमेंट्री के माध्यम से सभी संस्थानों का परिचय करवाया। कार्यक्रम में सीएसयू




के आचार्यों और शिक्षक-छात्रों ने आश्रम के प्राचार्य प्रो. भवानीशंकर शर्मा से संवाद कर अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने बताया कि श्री ऋषिकुल ब्रह्मचर्याश्रम की व्यवस्था देखकर वे अभिभूत हैं। इस अवसर पर सीएसयू के प्रो. गोरांग बाप ने कहा कि हमारा यहां आना सार्थक है। इस अवसर पर प्रो. हरिओम शर्मा, प्रो. मनीष कुमार चांडक, प्रो. रेखा शर्मा, डॉ. प्रवीण कुमार शर्मा, डॉ. मदन सिंह राजपुरोहित, अजय मीणा व डॉ. देवकरण शर्मा ने श्रीऋषिकुलब्रह्मचर्याश्रम की प्रशंसा की। प्रबन्धक ईश्वरसिंह राठौड़ ने आगन्तुकों का धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन उप प्राचार्य प्रो. देव कुमार पुजारी ने किया।

# टीबी मुक्त भारत अभियान में चूरू जिला 6 में से 5 केटेगरी में राज्य स्तर पर हुआ सम्मानित

चूरू (रॉयल पत्रिका)। टीबी मुक्त भारत अभियान में जयपुर में राज्य स्तरीय सम्मान समारोह आयोजित हुआ जिसमें चूरू जिला 6 केटेगरी में से 5 केटेगरी में सम्मानित किया गया जिसमें से 3 केटेगरी में राज्य स्तर पर प्रथम, एक केटेगरी में तीसरे एवं एक में पांचवे स्थान पर रहा।




राज्य स्तरीय सम्मान समारोह में जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. वेद प्रकाश को सम्मानित किया गया। गौरतलब है कि चूरू जिला टीपीटी, डिफरेंस टीबी केयर व एक्स रे में प्रथम, टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान में तृतीय तथा निक्षय पोषण योजना में 5 वें स्थान पर रहा।

## सूचना

**समाचार पत्र में प्रकाशित लेखों में लेखक के अपने विचार हैं, इनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है। समस्त विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।**

# बनेड़ा के दशरथ सिंह दबंग को मिला "समरस श्री काव्य रत्न सम्मान 2026"

**इकबाल मोहम्मद शाह**

बनेड़ा (रॉयल पत्रिका)। बनेड़ा के दशरथ सिंह कानावत को गांधीनगर गुजरात में किया सम्मान जिसमें समरस संस्थान साहित्य सृजन भारत के संस्थापक एवं संयोजक डॉ. मुकेश कुमार व्यास स्नेहील ने बताया कि समरस संस्थान साहित्य सृजन भारत गांधीनगर गुजरात के तत्वाधान में आयोजित विश्व कविता दिवस 2026 के अवसर पर लाइव काव्य प्रतियोगिता में देश के विभिन्न प्रांतो के 65 विख्यात काव्यजनों ने अपनी प्रस्तुति दी जिसमें पंजाब हरियाणा झारखंड बिहार महाराष्ट्र गुजरात मध्य प्रदेश राजस्थान के कवियों के बीच हुए जबरदस्त मुकाबले में बनेड़ा भीलवाड़ा के जाने माने कवि एवं मंच संचालक दशरथ सिंह दबंग को विजेता घोषित किया गया व "समरस श्री काव्य रत्न सम्मान 2026 से नवाजा गया प्रतियोगिता के निर्णय मंच की अध्यक्षा डॉ. शशि जैन



'चंद्रिका' सुप्रसिद्ध गज़लकार सुरेंद्र शर्मा बसर अहमदाबाद व गोविंद गुरु धौलपुर ने सुनाया 11 प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। दबंग की उपलब्धि पर उनके इष्ट मित्र व प्रशंसकों ने शुभकामनाएं प्रेषित की मंच की अध्यक्ष डॉ. शशि जैन व मीडिया प्रभारी प्रभात सिंगल ने प्रतियोगिता की सफलता पर शुभकामनाएं प्रेषित की वह काव्य जनों का आभार व्यक्त किया। दबंग इससे पूर्व भी कई साहित्यिक मंचों पर अपना काव्य जोहर प्रदर्शित कर चुके हैं।

# फिट फ्लेक्स स्पोर्ट्स रिहैब सेंटर एंड फिजियोथैरेपी हब का शुभारंभ राजेंद्र सिंह राठौड़ ने किया

चूरू (रॉयल पत्रिका)। जिला मुख्यालय पर पंखा रोड स्थित आर्यन हॉस्पिटल के पास फिट फ्लेक्स स्पोर्ट्स रिहैब सेंटर एंड फिजियोथैरेपी हब का शुभारंभ फीता काटकर पूर्व प्रतिपक्ष नेता राजेंद्र सिंह राठौड़ के मुख्य आतिथिय में किया गया। वशिष्ठ अतिथि चूरू विधायक हरलाल सहारण एवं भाजपा जिला अध्यक्ष बसंत शर्मा, भाजपा अल्प संख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष अख्तर खान के सानिध्य में हुआ एवं गणमान्यजनों ने फूल मालाओं से अतिथियों का स्वागत किया। रमजान खान जोईया, रंजना कोठारी, मुबारीक खान, गुलाम नबी खा चायल आदि उपस्थित रहे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि राजेंद्र सिंह राठौड़, विधायक हरलाल सहारण, भाजपा जिला अध्यक्ष बसंत शर्मा, अख्तर खान ने संबोधन किया ओर स्वास्थ्य सेवाओं के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में फिजियोथैरेपी सेंटर के संस्थापक



-संचालक डॉक्टर शोएब खान (PT) को शुभकामनाएं दीं और केंद्र के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। डॉक्टर शोएब खान ने कहा हमारे यहां सेंटर पर शारीरिक दर्द से राहत मिलेगी, पीठ, गर्दन, जोड़ो और मांसपेशियों के पुराने दर्द को कम करने के बचाव तेजी से रिकवरी क्रॉनिक स्थितियों में गठिया आदि खेल चोटों के उपचार,



फिजियोथेरेपी एवं आधुनिक रिहैब सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। आए हुए सभी शुभचिंतकों का आभार व्यक्त किया।

## 'प्रकृति से सीखकर बनाता हूं म्यूजिक' - रिकी केज

**» -विश्व विख्यात ग्रैमी विजेता संगीतकार रिकी केज ने किया तालछापर सवन्यजीव अभयारण्य का दौरा**



चूरू (रॉयल पत्रिका)। विश्व विख्यात ग्रैमी विजेता संगीतकार रिकी केज ने शनिवार को तालछापर सवन्यजीव अभयारण्य का दौरा किया। तीन बार के ग्रैमी अवॉर्ड विजेता केज ने यहां विजिट कर काले हिरणों, देसी विदेशी पक्षियों, रेप्टाइल्स और दुर्लभ वनस्पतियों के बारे में जानकारी ली। इस दौरान केज ने कहा कि वन्यजीव हमारी प्रकृति का जरूरी हिस्सा हैं। उन्होंने कहा कि मैने जो भी संगीत बनाया, वह प्रकृति से प्रेरित था। उन्होंने कहा कि मैं जहां भी जाता हूं, वहां की प्रकृति और वन्यजीवों से सीखता हूं। उन्होंने कहा कि सभी को प्रकृति के संरक्षण के लिए प्रयास करने चाहिए। लाडनूं में जैन विश्व भारती के महाश्रमण स्पोर्ट्स ग्राउंड में रविवार को केज का सीरेन सिंफनी कंसर्ट होगा। क्षेत्रीय वन अधिकारी एवं पक्षी विशेषज्ञ उमेश बागोतिया ने उन्हें अभयारण्य के जीवों के बारे में बताया। गौरतलब है कि राम ज्ञान रिकी केज के पिता चूरू के मूल निवासी थे। उनको 2025 में पद्मश्री से भी सम्मानित किया गया था। उन्हें 2023 में संयुक्त राष्ट्र सद्भावना राजदूत भी बनाया गया। केज ने 13944 आदिवासी बच्चों द्वारा भारतीय राष्ट्रगान गायन की रिकॉर्डिंग का रिकॉर्ड भी बनाया है। जो गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज है। एसीएफ क्रान्ति सिंह सहित स्टाफ ने केज का स्वागत किया और अभयारण्य के बारे में जानकारी दी। इस दौरान श्रद्धा गणेश, राकेश कठोतिया, राज सुराना, अभय जैन सहित अन्य मौजूद रहे।

## जगदम्बा कोचिंग क्लासेज के होनहारों ने रचा इतिहास!

**» महवा में कक्षा 10वीं के परिणाम में छात्र-छात्राओं ने दिखाया अपना जलवा**

**शफीक अली**



महवा (रॉयल पत्रिका)। जगदम्बा कोचिंग क्लासेज मण्डावर रोड़ महवा में कक्षा 10वीं के होनहार छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। क्लासेज के निदेशक जे. एस. सैनी और व्यवस्थापक हंसराम जी ने बताया कि खुशबू बानो (खुशी) ने 94.33% अंक प्राप्त कर अपना और क्लासेज का नाम रोशन किया है, जो कि एक बड़ी उपलब्धि है। खुशबू बानो की इस उपलब्धि पर क्लासेज के सभी शिक्षक और छात्र-छात्राएं बेहद खुश हैं। खुशबू ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और शिक्षकों को दिया है। उन्होंने कहा कि उनकी सफलता के पीछे उनके माता-पिता और शिक्षकों की मेहनत और समर्पण है। इसके अलावा कल्पना मीणा ने 92%, भूपेंद्र प्रजापत ने 92.17%, ज्योति प्रजापत ने 92.50% और मानवी शर्मा ने 90% अंक प्राप्त किए हैं। क्लासेज के समस्त छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर क्लासेज का नाम रोशन किया है। निदेशक जे. एस. सैनी ने बताया कि जगदम्बा कोचिंग क्लासेज का उद्देश्य छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि क्लासेज के शिक्षक छात्रों को व्यक्तिगत ध्यान देते हैं और उनकी जरूरतों को पूरा करने के लिए हमेशा तैयार रहते हैं। व्यवस्थापक हंसराम जी ने बताया कि क्लासेज के छात्र-छात्राओं ने हमेशा अच्छा प्रदर्शन किया है और इस बार भी उन्होंने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। उन्होंने कहा कि क्लासेज के सभी शिक्षक और छात्र-छात्राएं इस उपलब्धि के लिए बधाई के पात्र हैं। क्लासेज के शिक्षक और छात्र-छात्राओं ने खुशबू बानो और अन्य होनहार छात्रों को बधाई दी है और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। उन्होंने कहा कि क्लासेज के सभी छात्र-छात्राएं आगे भी इसी तरह सफलता प्राप्त करें और अपने माता-पिता और क्लासेज का नाम रोशन करें।

**जगदम्बा कोचिंग क्लासेज के होनहार छात्रों की सूची:**

- **खुशबू बानो (खुशी) - 94.33%**
- **कल्पना मीणा - 92%**
- **भूपेंद्र प्रजापत - 92.17%**
- **ज्योति प्रजापत - 92.50%**
- **मानवी शर्मा - 90%**

निदेशक जे. एस. सैनी और व्यवस्थापक हंसराम जी ने सभी छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है और उन्हें आगे भी इसी तरह सफलता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया है।

## बीदासर क्षेत्र सहित ग्रामीण क्षेत्रों में रहेगी बिजली कटौती

**» मेंटेनेंस कार्य के चलते बिजली सप्लाई रहेगी बाधित**



बीदासर (रॉयल पत्रिका)। विद्त विभाग द्वारा रख-रखाव कार्य के चलते क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों पर दो दिन बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। सहायक अभियंता मुकेश कुमार कुम्भकार ने बताया की 28 मार्च 2026 शनिवार को प्रातः 08:05 बजे से दोपहर 12:05 बजे तक 132 केवी ग्रिड सब स्टेशन पारेवड़ा व भासीना से निकलने वाले सभी 33 केवी फीडरों की बिजली आपूर्ति बंद रहेगी। इस दौरान पारेवड़ा, ईयारा, ऊंटालड, गुन्दसर, गेडाप, उडवाला, भासीना, करेजड़ा, तेलाप, बाधसरा व नाबासर सहित आसपास के गांव प्रभावित रहेंगे। 29 मार्च 2026 रविवार के प्रातः 07:05 बजे से 10:30 बजे तक 132 केवी ग्रिड सब स्टेशन बीदासर से निकलने वाले सभी 33 केवी फीडरों की बिजली आपूर्ति बंद रहेगी। इस दौरान बीदासर, सांडवा, बेरासर, नाडिया ताल, रामदेवरा, धनेरु, बरजांगसर व ढाणी कालेरान सहित आसपास के क्षेत्रों में बिजली कटौती रहेगी। विभाग ने बताया कि यह कटौती आवश्यक मेंटेनेंस कार्य के कारण की जा रही है। कार्य पूर्ण होते ही आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी।

## दिव्यांग जन ने अपनी समस्याओं को लेकर जिला कलेक्टर को अवगत करवाया

**» जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा ने चैंबर से बाहर आकर सुना दिव्यांग जन को**

**मोहम्मद अली पठान**



चूरू (रॉयल पत्रिका)। जिला मुख्यालय पर रॉयल विकलांग विकास संस्थान चूरू पूर्व प्रदेशाध्यक्ष अख्तर खान रूकनखानी के नेतृत्व में दिव्यांग जनों ने मुख्यमंत्री के नाम जिला कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन। अख्तर खान ने बताया कि पिछले 8 महिनों से दिव्यांग जनों का पालनहार कि राशि बकाया पड़ी है पेंशन 3 महिने से नहीं मिल रही है दिव्यांग जनों के पास रोजगार नहीं है उन्हें रोजगार उपलब्ध कराया जाए क्रॉक्लीयर इम्प्लान्ट के बच्चों को बाल सम्बल योजना में शामिल किया जाए ज्ञापन देने वालों में सफिक कुरैशी मिडिया प्रभारी, जहिर अब्बास, सद्दाम हुसैन, कालू मोहम्मद, प्रमोद शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## चूरू रेल्वे स्टेशन पर स्व. तोलाराम जी कोठारी भामाशाह नेम पट्टिका नहीं हटाने बाबत प्रशासन को दिया ज्ञापन



चूरू (रॉयल पत्रिका)। जिला मुख्यालय पर रेल्वे स्टेशन मुसाफिरखाना स्व. सेठ तोलाराम जी कोठारी की चिरस्मृति में उनके लडकों ने बनवाकर रेल्वे को भेट किया। चूरू स्टेशन पर उक्त निर्माण के पश्चात सेठ के नाम की पट्टिका लगी हुई थी जो आज तक मौजूद हैं। वर्तमान में उक्त भवन का नवीनीकरण अमृत योजना में हो रहा है तो हम चूरू वासी की माग है कि उक्त भवन पर सेठ तोलाराम जी कोठारी के नाम की पट्टिका यथावत रखा जावे ताकि भामाशाहों में किसी प्रकार की निराशा भाव उत्पन न हो और भविष्य में भामाशाह उत्कृष्ट कार्यो में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेते रहे और क्षेत्र के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देते रहे। आशा है कि आप चूरूवासियों की भावनाओं हेतु प्रयास करेगें। यह ज्ञापन भाजपा के पूर्व वक्फ बोर्ड जिला अध्यक्ष बाबू ईस्माईल पूर्व पार्षद, एवं जमरदिन तेली तारानगर , (सचिव)ने भारतीय रेल मंत्री अश्रिवनी वैष्णव भारत सरकार के नाम से पूर्व प्रतिपक्ष नेता राजेंद्र सिंह राठौड़ के माध्यम से एवं मुख्यमंत्री राजस्थान सरकार, जयपुर, जिला कलक्टर चूरू, हरलाल सारण विधायक चूरू, के माध्यम से भारतीय रेल मंत्री के नाम दिया।

## डॉक्टरों ने एडवांस्ड कोलन कैंसर से पीड़ित 86 साल के मरीज़ का सफल इलाज किया

**जबलपुर।** बुजुर्ग मरीजों के कैंसर इलाज में नई सर्जिकल तकनीक कैसे मदद कर रही है, इसका उदाहरण पेश करते हुए, मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, नागपुर के डॉक्टरों ने रोबोट-असिस्टेड सर्जरी से स्टेज 2 कोलन कैंसर से पीड़ित 86 साल की महिला का सफल इलाज किया। सर्जरी के बाद, महिला जल्दी ठीक हो गई और सिर्फ़ पाँच दिनों में घर लौट आई। कोलन कैंसर उम्र बढ़ने के साथ आम होता जा रहा है। लेकिन बुजुर्ग मरीजों का इलाज करना चुनौतीपूर्ण होता है, क्योंकि उनकी शारीरिक क्षमता कम होती है और अक्सर उन्हें कई अन्य बीमारियाँ भी होती हैं। मरीज पिछले एक महीने से पेट दर्द, पेट फूलना, उल्टी और खाने में कठिनाई की शिकायत लेकर मैक्स हॉस्पिटल, नागपुर आईं। जांच में उनके आंत में लगभग टेनिस बॉल के आकार (6×5.5×4 सेंटीमीटर) का ट्यूमर पाया गया, जिससे आंत ब्लॉक हो गई थी और तुरंत सर्जरी की जरूरत थी। सर्जरी की योजना एनेस्थीसिया और क्रिटिकल केयर टीम के साथ चर्चा के बाद बनाई गई। इसके बाद, डॉ. अभिनव देशपांडे, डायरेक्टर – सर्जिकल ऑन्कोलॉजी और रोबोटिक ऑन्कोसर्जरी, मैक्स हॉस्पिटल, नागपुर ने रोबोट-असिस्टेड कोलन सर्जरी करने का निर्णय लिया। इस केस पर टिप्पणी करते हुए डॉ. अभिनव देशपांडे ने कहा, यह केस खासकर चुनौतीपूर्ण था क्योंकि मरीज बहुत बुज़ुर्ग थीं और उनकी सेहत जटिल थी। उन्हें लंबे समय से हाई ब्लड प्रेशर और एट्रियल फिब्रिलेशन की समस्या थी, और पहले दो स्ट्रोक भी आ चुके थे, जिससे उन्हें निगलने और बोलने में दिक्कत कठिनाई होती थी। इस वजह से पारंपरिक ओपन सर्जरी में हृदय या सांस की समस्याओं और ठीक होने में लंबा समय का खतरा बढ़ जाता।

## अब पड़ोसी देशों में महंगा हो गया तेल

**युद्ध के बाद पड़ोसी देशों में लगी कीमतों में आग**



**नई दिल्ली, एजेंसी।** पेट्रोल-डीजल के उपभोक्ताओं के लिए आज भी राहत है। भारत पेट्रोलियम समेत ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल के रेट नहीं बढ़ाए हैं। सरकार ने किसी तरह की किल्लत से इनकार करते हुए लोगों से अफवाहों पर ध्यान नहीं देने की अपील की। ईरान-इजरायल युद्ध के बीच एक बार फिर कच्चे तेल के रेट में आज उबाल हैं। ब्रेंट क्रूड 103.03 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया है। जबकि, क्रूड 91.12 डॉलर प्रति बैरल पर है। पेट्रोल-डीजल के उपभोक्ताओं के लिए आज भी राहत है। भारत पेट्रोलियम समेत ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल के रेट नहीं बढ़ाए हैं। आज 26 मार्च की सुबह छह बजे जारी रेट के मुताबिक दिल्ली में सामान्य पेट्रोल की रिटेल कीमत 94.77 और डीजल 87.67 रुपये लीटर है। जबकि, पेट्रोल 101.89 और एक्सजी डीजल 91.49 रुपये प्रति लीटर है। भारत में सबसे सस्ता तेल पोर्ट ब्लेयर में पेट्रोल 82.46 प्रति लीटर है तो डीजल 78.05 प्रति लीटर। पेट्रोलियम मंत्रालय में संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा कि केंद्र सरकार में देश में पेट्रोलियम पदार्थों की किसी तरह की किल्लत से इनकार करते हुए लोगों से अफवाहों पर ध्यान नहीं देने की अपील की। सरकार का कहना है कि देश में पेट्रोल, डीजल, एलपीजी और पीएनजी की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य है। घबराहट में खरीदारी न करने की अपील : संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा कि देश में सभी तेल रिफाइनरी पूरी क्षमता के साथ काम कर रही हैं। लोगों को विश्वास दिलाते हुए उन्होंने कहा कि देश में पेट्रोल, डीजल और गैस की किसी भी तरह की कमी नहीं है। उन्होंने अपील की कि लोग घबराहट में खरीदारी नहीं करें। म्यांमार में युद्ध के बाद से अबतक पेट्रोल की कीमतों में 55 और डीजल में करीब 77 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। वहीं श्रीलंका में पेट्रोल 33.8 प्रतिशत उछला है और डीजल के दाम में 37.2 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। चीन में पेट्रोल 23.2 और डीजल के दाम में 25 फीसद से अधिक की बढ़ोतरी हुई है। पाकिस्तान में पेट्रोल करीब 25 प्रतिशत और डीजल 21.8 प्रतिशत बढ़ा है। भूटान में पेट्रोल 4.2 प्रतिशत और डीजल 13.6 प्रतिशत महंगा हुआ है। अफगानिस्तान में पेट्रोल 7 और डीजल करीब 9 प्रतिशत महंगा हुआ है। कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों का दबाव तो भारत पर भी पड़ रहा है। इधर देश के 5 राज्यों में चुनाव का भी ऐलान हो चुका है। ऐसे में कई विशेषज्ञों को लगता है कि चुनाव से पहले शायद की पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़े।

## हर शेयर पर 1720 प्रतिशत डिविडेंड बांटने का ऐलान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** टीवीएस ग्रुप की कंपनी टीवीएस होल्डिंग्स ने अपने शेयरधारकों के लिए बड़े तोहफे का ऐलान किया है। टीवीएस होल्डिंग्स ने अपने निवेशकों को हर शेयर पर 1720 पर्सेंट अंतरिम डिविडेंड देने की घोषणा की है। यानी, मल्टीबैगर कंपनी हर शेयर पर 86 रुपये का अंतरिम डिविडेंड देगी। टीवीएस होल्डिंग्स लिमिटेड के शेयर बुधवार को में उछाल के साथ 14086.65 रुपये पर बंद हुए हैं। टीवीएस होल्डिंग्स का मार्केट कैप 25 मार्च को 28,500 करोड़ रुपये के पार पहुंच गया है। टीवीएस होल्डिंग्स लिमिटेड ने एक्सचेंज फाइलिंग में बताया है कि कंपनी के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स ने बुधवार को हुई अपनी मीटिंग में वित्त वर्ष 2026 के लिए 5 रुपये फेस वैल्यू वाले अपने हर शेयर पर 86 रुपये का अंतरिम डिविडेंड घोषित किया है। टीवीएस होल्डिंग्स टोटल 174 करोड़ रुपये का डिविडेंड पेमेंट करेगी। कंपनी अपने 2.02 करोड़ शेयरों पर यह डिविडेंड देगी। टीवीएस होल्डिंग्स लिमिटेड ने अंतरिम डिविडेंड की रिकॉर्ड डेट 2 अप्रैल 2026 फिक्स की है। कंपनी ने घोषणा की है कि अंतरिम डिविडेंड डिक्लेयर करने की तारीख से 30 दिन के भीतर डिविडेंड का भुगतान कर दिया जाएगा। टीवीएस होल्डिंग्स लिमिटेड ने पिछले साल मार्च में अपने शेयरधारकों को 93 रुपये का अंतरिम डिविडेंड दिया था। वहीं, कंपनी ने अप्रैल 2024 में हर शेयर पर 94 रुपये का डिविडेंड बांटा।

## गोदरेज ने 2026 में नए स्मार्ट एसी पोर्टफोलीओ पेश किया

### इस गर्मी 30 प्रतिशत से 40 प्रतिशत वृद्धि का लक्ष्य

**मुंबई, एजेंसी।** जैसे-जैसे देशभर में तापमान बढ़ना शुरू हो रहा है, गोदरेज एंटरप्राइजेज ग्रुप के अप्लायंसेज़ बिज़नेस ने 2026 के लिए अपने अपग्रेड और फ्यूचर रेडी एयर कंडीशनर (एसी) पोर्टफोलियो पेश किया है। भारत में तेजी से बढ़ते एसी ब्रांड्स में शामिल यह कंपनी उपभोक्ताओं को और स्मार्ट, सहज और प्रीमियम कूलिंग समाधान देने की अपनी प्रतिबद्धता जारी रखे हुए है। क्षमता 1 टन से 4 टन तक है, और इसमें खास ध्यान अधिक क्षमता वाले मॉडलों पर दिया गया है। यह रेंज 5 स्टार और 3 स्टार एनर्जी रेटिंग में उपलब्ध है और स्मार्ट एसी पर विशेष फोकस किया गया है। अपने ग्राहक-प्रथम और इनसाइट आधारित दृष्टिकोण के अनुरूप, कंपनी ने अपने स्मार्ट पोर्टफोलियो में एक नई और खास इनोवेशन 'स्मार्ट सिंक टेक्नोलॉजी' पेश की है, जो भारतीय एसी बाजार में अपनी तरह की पहली तकनीक है। स्मार्ट सिंक के साथ, वाई-फाई सक्षम गोदरेज एसी कमरे के पंखे से स्मार्ट तरीके से कनेक्ट होकर उसे नियंत्रित कर सकते हैं, जिससे उपयोगकर्ताओं को रात में पंखा चालू या बंद करने के लिए उठने की जरूरत नहीं पड़ेगी। एसी अपने आप पंखे को नियंत्रित करता है, जिससे लगातार आराम मिलता रहता है। स्मार्ट सिंक के अलावा, आईओटी सक्षम एसी ऊर्जा की निगरानी, फिल्टर-सफाई अलर्ट, प्री-शेड्यूल ऑन/ऑफ और स्मार्ट डायग्नोस्टिक्स जैसी सुविधाएं प्रदान करते हैं। यह पोर्टफोलियो गोदरेज के डिजाइन-आधारित दर्शन को भी मजबूत करता है, जिसमें नई ईयॉन मॅग्नेस श्रृंखला शामिल है। यह ग्लॉस ब्लैक, मैट सिल्वर, शैम्पेन गोल्ड, एलिगेंट व्हाइट और रिफ्लेक्टिव मिरर फिनिश में उपलब्ध है। इसके साथ ही स्लीक ग्रे ईयॉन निंबस और मोनोलिथिक ईयॉन रेगुलिस भी पेश किए गए हैं। गोदरेज एंटरप्राइजेज ग्रुप के बिजनेस हेड - एप्लायंसेज बिजनेस कमल नंदी ने कहा, हमारे हर काम के केंद्र में सार्थक मूल्य देने वाली सोच-समझकर की गई इनोवेशन रहती है। एसी उद्योग के लिए एक चुनौतीपूर्ण वर्ष होने के बावजूद, जिसमें कुल बिक्री में गिरावट देखी गई, गोदरेज एसी ने महत्वपूर्ण वृद्धि हासिल की है। हमारे वैल्यू-ड्रिवन प्रोडक्ट पोर्टफोलियो, पारदर्शी 5-वर्षीय व्यापक वारंटी और रिटेल नेटवर्क के तेजी से विस्तार के दम पर, हम इस गर्मी के मौसम में 30 प्रतिशत से 40 प्रतिशत की वृद्धि का लक्ष्य रख रहे हैं। नए प्रोडक्ट लाइनअप के बारे में बताते हुए, गोदरेज एंटरप्राइजेज ग्रुप के अप्लायंसेज़ बिज़नेस में एयर कंडीशनर्स के प्रोडक्ट ग्रुप हेड सब्यसाची गुप्ता ने कहा, मार्च में ही हीटवेव दर्ज होने के कारण आने वाली गर्मी भी उतनी ही तीव्र रहने की उम्मीद है। हमारे एआई-आधारित एसी शक्तिशाली कूलिंग और ऊर्जा दक्षता दोनों प्रदान करते हैं, जिनमें कम्फर्ट एयर फ्लो (हल्की और आरामदायक ठंडक), 4-वे स्विंग (समान कूलिंग) और कई स्मार्ट सुविधाएं शामिल हैं। हमारी बिना किसी छिपे खर्च वाली 5 साल की व्यापक वारंटी, जिसमें गैस रीफिल, तकनीशियन विजिट और रिमोट रिप्लेसमेंट शामिल हैं, साथ ही चुनिंदा मॉडलों पर सब्सिडी वाला इंस्टॉलेशन, किफायती ईएमआई और जीरो डाउन पेमेंट विकल्प के जरिए हम अपने ग्राहकों को लंबे समय तक मूल्य देने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

**1 अप्रैल से बदलेंगे नियम:**

## इनकम टैक्स से लेकर ट्रेन टिकट रिफंड तक असर

नई दिल्ली (एजेंसी)। 1 अप्रैल से नए वित्त वर्ष के साथ कई अहम बदलाव लागू होने जा रहे हैं, जिनका सीधा असर आम लोगों की जेब पर पड़ेगा। सबसे बड़ा बदलाव इनकम टैक्स एक्ट 2025 का लागू होना है, जो इनकम टैक्स एक्ट 1961 की जगह लेगा। नए कानून में "असेसमेंट ईयर" की जगह "टैक्स ईयर" शब्द इस्तेमाल होगा और प्रक्रिया को आसान बनाया गया है। न्यू टैक्स रिजीम के तहत 12 लाख रुपये तक की आय पर टैक्स छूट मिलेगी, जिससे सेक्शन 87ए के तहत पूरी आय टैक्स फ्री हो सकती है। इसके अलावा फॉर्म 16 और 16A की जगह फॉर्म 130 और 131 लागू होंगे। पैन कार्ड के लिए अब सिर्फ आधार नहीं, बल्कि 10वीं का प्रमाण पत्र या पासपोर्ट भी जरूरी होगा। वहीं भारतीय रेलवे ने टिकट रिफंड नियम बदले हैं, जिनमें कैंसिलेशन समय के अनुसार 25% से 50% तक रिफंड मिलेगा।

## मोबाइल से करते हैं निवेश जान लें सेबी का ये नया नियम, ऑनलाइन ठगी से भी बच जाएंगे



**नई दिल्ली, एजेंसी।** सेबी ने निवेशकों को फर्जी ऐप्स से बचाने के लिए वेरिफाइड ऐप लेबल पहल शुरू की है। इसके तहत प्ले स्टोर पर असली और रजिस्टर्ड ऐप्स को एक खास बैज मिलेगा, जिससे यूजर्स आसानी से सही प्लेटफॉर्म पहचान सकेंगे। यह कदम डिजिटल फ्रॉड को रोकने और निवेशकों का भरोसा बढ़ाने के लिए उठाया गया है। आजकल ज्यादातर लोग शेयर बाजार में निवेश मोबाइल ऐप के जरिए करते हैं, लेकिन इसी के साथ नकली ऐप्स का खतरा भी तेजी से बढ़ा है, जो निवेशकों के पैसे को नुकसान पहुंचा सकते हैं। निवेशकों को ऑनलाइन ठगी से बचाने के लिए ने एक बड़ा कदम उठाया है। चेयरमैन तुहिन कांत पांडे ने वेरिफाइड ऐप लेबल लॉन्च की है, जिसका मकसद फर्जी मोबाइल ऐप्स से लोगों को सुरक्षित रखना है। आइए जरा विस्तार से इसकी डिटेल्स जानते हैं। इस नई पहल के तहत अब रजिस्टर्ड ब्रोकर्स के असली ऐप्स पर गूगल प्ले स्टोर पर एक खास वेरिफाइड बैज दिखाई देगा। इससे यूजर्स आसानी से पहचान सकेंगे कि कौन सा ऐप असली है और कौन नकली। फिलहाल 600 से ज्यादा ऐप्स को यह बैज दिया जा चुका है, और आगे इसे अन्य फाइनेंशियल प्लेटफॉर्म्स तक भी बढ़ाया जाएगा। साफ कहा है कि पहले पहचान करें, फिर निवेश करें, क्योंकि फर्जी ऐप्स सिर्फ पैसे का नुकसान ही नहीं करते, बल्कि लोगों का भरोसा भी तोड़ते हैं। भारत में अब 14 करोड़ से ज्यादा निवेशक हैं।

## वार्ता से कार्रवाई तक: ब्रिक्स सीसीआई डब्लूई समिट 2026 ने नवप्रवर्तन, विज्ञान एवं उद्यमशीलता में महिला नेतृत्व को आगे बढ़ाया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ब्रिक्स सीसीआई डब्लूई (वुमेन एंपावरमेंट) वार्षिक महिला सम्मेलन एवं सम्मान 2026 के छठे संस्करण को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि और खेल एवं युवा मामलों की राज्यमंत्री श्रीमती रक्षा खडसे ने कहा, वर्ष 2047 तक एक विकसित राष्ट बनने के भारत के विजन की जड़ें समावेशी वृद्धि में निहित हैं जिसमें महिला सशक्तिकरण एक महत्वपूर्ण स्तंभ है। भारत के युवा और महिलाएं एक प्रगतिशील राष्ट की रीढ़ हैं। नवप्रवर्तन और उद्यमशीलता में अवसरों के साथ उन्हें सशक्त करना राष्ट निर्माण के लिए महत्वपूर्ण है। स्वागत भाषण देते हुए ब्रिक्स सीसीआई डब्लूई (वुमेन एंपावरमेंट)की अध्यक्ष सुश्री रूबी सिन्हा ने कहा, यह समिट कार्रवाई के लिए एक आह्वान है। मजबूत पारितंत्रों का निर्माण करना, व्यापक पहुंच सुगम बनाना और महिलाओं के नेतृत्व वाले नवप्रवर्तन में निवेश करना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है क्योंकि जब महिलाएं विज्ञान एवं उद्यमशीलता में नेतृत्व करती हैं तो नवप्रवर्तन में तेजी आती है, अर्थव्यवस्थाओं का विस्तार होता है और समाज में बदलाव आता है। अपने विशेष संबोधन में ब्रिक्स सीसीआई के उपाध्यक्ष श्री समीप शास्त्री ने कहा, ब्रिक्स प्लस देश प्रतिभाओं के एक पावरहाउस का प्रतिनिधित्व करते हैं। रणनीतिक नीतिगत हस्तक्षेप से हमारी महिलाएं अब हाईटेक उद्योगों में नेतृत्व करने के लिए सशक्त हो रही हैं जिससे टिकाऊ वृद्धि जो सही मायने में समावेशी है, सुनिश्चित हो रहा है।



## धुरंधर की सफलता के बाद

# सौम्या टंडन

## को चढ़ा घुड़सवारी शौक

अभिनेत्री सौम्या टंडन इन दिनों स्पाई एक्शन फिल्म 'धुरंधरः द रिवेंज' को लेकर सुर्खियों में छाई हैं। इस बीच, अभिनेत्री ने अपने नए शौक का खुलासा किया और बताया कि उन्होंने उसकी ट्रेनिंग भी शुरू कर दी हैं। अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए बताया कि उन्हें घुड़सवारी का काफी शौक था, जिसकी उन्होंने ट्रेनिंग शुरू कर दी है। फिल्म की सफलता के बाद सौम्या अब अपनी नई रुचि पर फोकस कर रही हैं। घुड़सवारी उनके लिए न सिर्फ नया शौक है बल्कि एक सपने को पूरा करने की दिशा में पहला कदम भी है। सौम्या ने कुछ तस्वीरें पोस्ट कीं। सौम्या ने लिखा, 'पहला दिन और पहली घुड़सवारी की क्लास। 'अभिनेत्री ने बताया कि उन्हें बचपन से ही घोड़े बहुत पसंद रहे हैं। उन्होंने लिखा, 'घोड़े बहुत सुंदर और नाजुक जानवर होते हैं। मैं हमेशा उनसे आकर्षित रही हूं। मैं बचपन में एक बड़े फार्म का सपना देखती थी, जहां खूबसूरत घोड़े और कुत्ते हों। मैं खुद उन घोड़ों पर सवारी करते हुए खुद को देखती थी। 'सौम्या ने लिखा, 'पहला दिन थोड़ा मुश्किल रहा, लेकिन मैंने घुड़सवारी सीखना शुरू कर दिया है, तो पहला दिन काफी खतरनाक और थकाऊ था। मेरी पीठ में दर्द हो रहा है, लेकिन इस क्लास में मुझे एक नया दोस्त मिल गया। वह दोस्त है एक सुंदर सफेद घोड़ा, जिसका नाम 'बादशाह' है। ' सौम्या ने मजाकिया अंदाज में बताते हुए लिखा, 'मैंने बादशाह से बहुत बातें कीं। सच कहूं तो वह बहुत अच्छा सुनने वाला था या शायद उसके पास और कोई चारा नहीं था, लेकिन उसने मेरी सारी बातें ध्यान से सुनीं। मुझे लगता है कि हमारे बीच एक खास कनेक्शन बन गया है। हम अच्छे दोस्त बन गए हैं। 'अंत में सौम्या ने लिखा, 'फिर मिलेंगे बादशाह, जल्दी ही। उम्मीद है एक दिन हम साथ में घोड़ी चलाएंगे और तेज दौड़ लगाएंगे। '

## इंतज़ार खत्म! 'नागबंधम' की वर्ल्डवाइड रिलीज डेट आई सामने, 3 जुलाई 2026 को बड़े पर्दे पर दिखेगा असली रोमांच




अभिषेक नामा के निर्देशन में बनी फिल्म 'नागबंधम' 2026 की सबसे चर्चित फिल्मों में से एक है, जिसमें विराट कर्ण, नाभा नतेश, जगपति बाबू और ऋषभ साहनी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। जब से फिल्म 'नागबंधम' का ऐलान हुआ है, यह 2026 की सबसे चर्चित पैन-इंडिया फिल्मों में से एक बन गई है। पौराणिक कथाओं और ड्रामे के अनोखे मेल वाली इस फिल्म में विराट कर्ण, नाभा नतेश, जगपति बाबू और ऋषभ साहनी अहम भूमिकाओं में हैं। दर्शकों के बीच इस फिल्म को लेकर काफी चर्चा है और इसकी रिलीज का बेसब्री से इंतजार किया जा रहा है। इस बढ़ते क्रेज को देखते हुए, टीम ने अब फिल्म की रिलीज डेट फाइनल कर ली है। 'नागबंधम' 3 जुलाई, 2026 को सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए पूरी तरह तैयार है, जो एक शानदार विजुअल और बेहतरीन सिनेमाई अनुभव का वादा करती है। मेकर्स लगातार फिल्म के दिलचस्प कैरेक्टर पोस्टर्स और अपडेट्स जारी करके दर्शकों का उत्साह बढ़ा रहे हैं। हाल ही में उन्होंने फिल्म का टीज़र भी रिलीज किया है, जो एक रहस्यमयी और जादुई दुनिया की शानदार झलक दिखाता है, जिसे बड़े पर्दे पर उतारने का वादा किया गया है। भव्य पौराणिक तत्वों, बेहतरीन ङ्क्स्नङ्ग, दमदार बैकग्राउंड स्कोर और किरदारों के असरदार पलों के मेल के साथ, यह टीज़र सिनेमा प्रेमियों के लिए एक शानदार और भव्य विजुअल ट्रीट होने का वादा करता है। यह फिल्म भारत की समृद्ध ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत से गहराई से जुड़ी हुई है और हमारे देश के गौरवशाली अतीत और स्वर्ण युग से प्रेरित एक कहानी पर आधारित है। इसके अलावा, यह पौराणिक कथाओं के उन अनछुए पहलुओं को सामने लाती है, जो भारतीय सिनेमा में बहुत कम देखने को मिलते हैं, जिससे दर्शकों को एक अनोखा और दिलचस्प अनुभव मिलने वाला है। 'नागबंधम' की कहानी, स्क्रीनप्ले और डायरेक्शन की कमान अभिषेक नामा ने संभाली है। किशोर अन्नपुरेड्डी और निशिता नागिरेड्डी द्वारा प्रोड्यूस की गई यह फिल्म 3 जुलाई, 2026 को पूरे भारत में रिलीज होने के लिए तैयार है।

## सिनेमा में बढ़नी चाहिए महिलाओं की भागीदारी

## अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव

# कंगना रनौत



भारत मंडपम में अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव का आगाज हो चुका है, जो 30 मार्च तक चलेगा। फेस्टिवल के उद्घाटन समारोह में कंगना रनौत, हेमा मालिनी, विक्की कौशल, सान्या माल्होत्रा, सिद्धांत चतुर्वेदी, अनुपम खेर और लॉरेन गॉटलिब जैसे स्टार्स को देखा गया। समारोह में पहुंची भाजपा सांसद और बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत ने सिनेमा में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने की बात की। भाजपा सांसद और अभिनेत्री कंगना रनौत ने मीडिया से बात करते हुए कहा, 'अगर महिलाओं को प्रोत्साहित नहीं किया जाएगा, तो हम उनके दृष्टिकोण को नहीं समझ पाएंगे। इसीलिए महिलाओं को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। धीरे-धीरे, जिस तरह प्रधानमंत्री इसे राजनीति में ला रहे हैं, मुझे लगता है कि फिल्मों को भी महिलाओं के लिए मंच प्रदान करना चाहिए, चाहे वह फिल्म समारोहों के माध्यम से हो, स्टूडियो के समर्थन से हो या उनके संघर्षों को प्रदर्शित करके हो, भले ही वे छोटे ही क्यों न हों। उन्हें किसी भी तरह से प्रोत्साहित करना एक बड़ा कदम होगा। 'समारोह में पहुंचे अभिनेता अरविंद स्वामी ने एआई पर अपने विचार रखे। उन्होंने मीडिया से बात करते हुए कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) की क्षमताओं का दायरा बहुत ही व्यापक होने वाला है। भविष्य में हम बिना किसी की मदद के भी फिल्में बना सकेंगे, यहां तक कि एक व्यक्ति भी पूरी फीचर फिल्म बना सकता है। उपकरण बहुत तेजी से विकसित हो रहे हैं।



## नेहा धूपिया ने खारिज की शो ट्रेटर का हिस्सा बनने की अफवाहें

अभिनेत्री नेहा धूपिया ने करण जौहर के रियलिटी शो ट्रेटर से जुड़े अपने नाम को लेकर चल रही सभी अटकलों पर विराम लगा दिया है। नेहा धूपिया ने सोशल मीडिया पर एक दिलचस्प और हल्का-फुल्का संदेश साझा किया, जिसमें लिखा था, न मैं 'ट्रेटर' हूं और न ही 'मासूम', मैं तो बस डबल डेट में व्यस्त हूं। जल्द आ रहा है, इस तरह उन्होंने सभी अफवाहों को साफ कर दिया। हालांकि उनके इस संदेश ने लोगों के बीच नई उत्सुकता भी पैदा कर दी है। कई लोगों का मानना है कि यह डबल डेट दरअसल उनके अपने आने वाले टॉक शो की ओर इशारा है, जो इंटरनेट मंच पर प्रसारित हो सकता है। पिछले कुछ दिनों में नेहा अपने पति अंगद बेदी के साथ कई चर्चित जोड़ों के साथ नजऱ आई हैं, जिनमें तेजस्वी प्रकाश और करण कुंद्रा, रिया चक्रवर्ती अपने भाई शोविक चक्रवर्ती के साथ, और रकुल प्रीत सिंह एवं जैकी भगनानी शामिल हैं। दिलचस्प बात यह रही कि इन सभी ने डबल डेट का जिक्र किया। नेहा धूपिया के करीबी सूत्र ने बताया कि नेहा का यह संदेश एक स्मार्ट और हल्का तरीका है अफवाहों का जवाब देने का, साथ ही वह जिस नए काम पर काम कर रही हैं, उसके लिए उत्सुकता भी बढ़ा रहा है। 'डबल डेट' कोई संयोग नहीं है, हाल ही में उनके कई चर्चित जोड़ों के साथ दिखने में एक पैटर्न नजऱ आ रहा है। यह उनका अंदाज़ है बिना ज़्यादा बताए एक घोषणा करने का, और इसने लोगों के बीच चर्चा जरूर बढ़ा दी है।



## प्रतिभा रांटा संग रिलेशनशिप में हैं रोहित सराफ

### गुपचुप चल रहा है अफेयर!


बॉलीवुड एक्टर रोहित सराफ इस बार अपनी प्रोफेशनल लाइफ को लेकर नहीं बल्कि पर्सनल लाइफ को लेकर चर्चा में छाए हुए हैं। रिपोर्ट के अनुसार वो लापता लेडीज की जया पर दिल हार बैठे हैं। रोहित सराफ को लेकर कहा जा रहा है कि वो लापता लेडीज फेम प्रतिभा रांटा को गुपचुप तरीके से पिछले एक साल से डेट कर रहे हैं। दोनों की तस्वीरें भी सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रही है। रोहित सराफ और प्रतिभा रांटा को पिछले साल निखिल आडवाणी की दीवाली पार्टी में एक साथ देखा गया था, तभी से दोनों के अफेयर की खबरें सुर्खियों में छा गई थी। इतना ही नहीं रोहित और प्रतिभा को दिवाली पार्टी में एक जैसे कपड़े पहने हुए देखा गया था। फिल्मफेयर की रिपोर्ट के अनुसार रोहित सराफ इन दिनों लापता लेडीज फेम प्रतिभा रांटा को डेट कर रहे हैं। रोहित सराफ और प्रतिभा रांटा को जल्द ही द रिवोल्यूशनरीज वेब शो में देखा जाएगा। रिपोर्ट के अनुसार इसी शो की शूटिंग के दौरान कपल की मुलाकात हुई थी और दोनों की नजदीकियां बढ़ थीं। रिपोर्ट्स में ये भी दावा किया जा रहा है कि रोहित सराफ और प्रतिभा रांटा अभी अपने रिश्ते को कोई नाम नहीं देना चाहते हैं। रोहित और प्रतिभा फिलहाल एक-दूसरे की कंपनी को एंजॉय कर रहे हैं। दोनों के बीच काफी अच्छी दोस्ती है. दोनों को एक साथ टाइम स्पेंड करना काफी अच्छा लगता है।रोहित और प्रतिभा ने अपने रिलेशनशिप को लेकर अभी तक ऑफिशियल तौर पर कुछ भी नहीं कहा है।

## विवेक अग्निहोत्री और भूषण कुमार मिलकर बनाएंगे 'ऑपरेशन सिंदूर'



फिल्ममेकर विवेक अग्निहोत्री और भूषण कुमार ने नए प्रोजेक्ट के लिए हाथ मिलाया है। दरअसल, दोनों मिलकर टेरर अटैक-बेस्ड फिल्म 'ऑपरेशन सिंदूर' लेकर आ रहे हैं। दोनों की यह फिल्म लेफ्टिनेंट जनरल केजेएस ढिल्लों की किताब से प्रेरित है। विवेक अग्निहोत्री ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम पर इस बात की पुष्टि करते हुए लंबा-चौड़ा नोट पोस्ट करते हुए बताया कि उनकी यह फिल्म 'ऑपरेशन सिंदूर' लेफ्टिनेंट जनरल के.जे.एस. 'टाइनी' ढिल्लों की किताब 'ऑपरेशन सिंदूरः द अनटोल्ड स्टोरी ऑफ इंडियाज डीप स्ट्राइक्स इनसाइड पाकिस्तान' पर आधारित है विवेक अपने नोट पर लिखते हैं, 'भूषण कुमार और मैंने ऑपरेशन सिंदूर के लिए हाथ मिलाया है। यह वह कहानी है, जिसने पूरे उपमहाद्वीप की सुरक्षा की परिभाषा ही बदल दी और पाकिस्तानी के परमाणु झूठ को बेनकाब किया है। निर्देशक ने लिखा, 'फिल्म की कहानी पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद की घटनाओं पर आधारित है और इसके लिए भारतीय सशस्त्र बलों के कई हिस्सों के साथ मिलकर गहन रिसर्च की गई है। विवेक रंजन अग्निहोत्री का निर्माण टी-सीरीज और आई एम बुद्धा प्रोडक्शन के जरिए होगा। हालांकि, फिल्म को लेकर बाकी जानकारी अभी सामने नहीं आई है। विवेक रंजन अग्निहोत्री इससे पहले भी गंभीर मुद्दों पर कई फिल्मों का निर्माण कर चुके हैं। वह 'द कश्मीर फाइल्स' फिल्म के जरिए कश्मीरी पंडितों के दर्द को सामने ला चुके हैं। वहीं, 'द बंगाल फाइल्स' के जरिए पश्चिम बंगाल में हिंदू नरसंहार की स्थिति को भी सामने ला चुके हैं।

## नेशनल अवॉर्ड विनिंग फिल्ममेकर अभिजीत मोहन वारंग की संजय दत्त स्टारर फिल्म 'आखरी सवाल' की रिलीज डेट आई सामने!




नीम ट्री एंटरटेनमेंट और निखिल नंदा मोशन पिक्चर्स के बैनर तले निखिल नंदा, धनराज नथवानी और संजय दत्त द्वारा प्रोड्यूस की गई फिल्म 'आखरी सवाल' में संजय दत्त, अमित साध, नमाशी चक्रवर्ती, समीरा रेड्डी, त्रिधा चौधरी और नीतू चंद्रा जैसे सितारों की एक शानदार फौज नजर आएगी !संजय दत्त की फिल्म 'आखरी सवाल' की सिर्फ पहली झलक ही सामने आई थी कि उसने खलबली मचा दी, बढ़ती उत्सुकता के बीच, अब एक नया असरदार पोस्टर जारी किया गया है, जो अपने शानदार विजुअल्स के साथ बहुत कुछ कह रहा है और रिलीज की तारीख 15 मई 2026 का भी खुलासा कर रहा है' आखरी सवाल' का यह पोस्टर वास्तव में उस गंभीरता और विषय की सही झलक है जिसे फिल्म में दिखाया गया है। एक बड़े 'क्वेश्चन मार्क' के बीच संजय दत्त का संजीदा चेहरा इस पोस्टर को काफी दिलचस्प बना रहा है, जिससे फिल्म को लेकर उत्सुकता बढ़ गई है। यह अपने आप में इशारा करता है कि फिल्म एक ऐसे विषय पर आधारित है जिससे भारत लंबे समय से जूझ रहा है। इसके अलावा, 'आखरी सवाल' दर्शकों के सामने भारत के सबसे पुराने और एकजुट संगठनों में से एक, 'राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ' की 100 साल की यात्रा की सच्ची कहानी लेकर आने वाली है, जिसकी स्थापना 1925 में केशव बलिराम हेडगेवार ने की थी। दर्शकों को एक ऐसी महत्वपूर्ण मीटिंग देखने को मिलेगी जिसने भारत के भविष्य को बदल दिया, यह फिल्म इतिहास की उन कहानियों से कहीं आगे जाएगी जो हमारी किताबों में भी नहीं मिलतीं। इस फिल्म में संजय दत्त, अमित साध, नमाशी चक्रवर्ती, समीरा रेड्डी, त्रिधा चौधरी और नीतू चंद्रा जैसे सितारों की एक बेहतरीन कास्ट शामिल है। इतने अनुभवी और टैलेंटेड कलाकारों के साथ, यह फिल्म दर्शकों पर एक गहरा प्रभाव छोड़ने के लिए पूरी तरह तैयार है। अभिजीत मोहन वारंग, जिन्होंने 2021 में मराठी ड्रामा 'पिकासो' के साथ अपने निर्देशन की शुरुआत की थी, उन्हें 67वें नेशनल फिल्म अवार्ड्स में स्पेशल मेंशन मिला था। उन्होंने लगातार मराठी और हिंदी दोनों भाषाओं में शानदार फिल्में दी हैं। उनके कुछ कामों में 'डेजा वू', 'प्रेम प्रथा धूमशान', 'पिकोलो' और शॉर्ट फिल्म 'वर्चुअल रियलिटी' शामिल हैं। नीम ट्री एंटरटेनमेंट और निखिल नंदा मोशन पिक्चर्स के बैनर तले बनी इस फिल्म के मेकर्स हॉटस्टार और अन्य प्लेटफार्मों के लिए कई प्रोजेक्ट्स पहले ही पूरे कर चुके हैं। 'आखरी सवाल' का निर्देशन नेशनल अवॉर्ड विनर फिल्म मेकर अभिजीत मोहन वारंग ने किया है। निखिल नंदा और धनराज नथवानी द्वारा प्रस्तुत इस फिल्म के निर्माता निखिल नंदा और संजय दत्त हैं, जबकि पुनीत नंदा, डॉ. दीपक सिंह, गौरव दुबे और उज्ज्वल आनंद इसके सह-निर्माता हैं। फिल्म की कहानी, स्क्रीनप्ले और डायलॉग उत्कर्ष नैथानी ने लिखे हैं। यह फिल्म 15 मई 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है।

(साभार एजेंसी)

मियामी ओपन

# सबालेंका सेमीफाइनल में, रयबाकिना से होगा महामुकाबला



मियामी (एजेंसी)। मियामी ओपन में वर्ल्ड नंबर-1 सबालेंका ने शानदार प्रदर्शन करते हुए हेली बैप्टिस्ट को 6-4, 6-4 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बना ली है। यह लगातार दूसरा साल है जब सबालेंका मियामी ओपन के सेमीफाइनल में पहुंची हैं। मैच में बैप्टिस्ट ने कड़ी टक्कर दी, लेकिन सबालेंका ने अहम मौकों पर शानदार खेल दिखाया।

**पहले सेट में बचाए ब्रेक पॉइंट-** पहले सेट में बैप्टिस्ट ने अच्छा खेल दिखाया, लेकिन सबालेंका ने तीन ब्रेक पॉइंट बचाकर मैच पर पकड़ बना ली। सेट के अंत में बैप्टिस्ट ने डबल फॉल्ट कर दिया, जिसका फायदा उठाकर सबालेंका ने पहला सेट अपने नाम कर लिया।



- **दूसरे सेट में भी दबाव में टूटी बैप्टिस्ट-** दूसरे सेट में बैप्टिस्ट ने वापसी करते हुए स्कोर 4-4 कर लिया था। लेकिन 5-4 पर सबालेंका की सर्विस के बाद बैप्टिस्ट फिर दबाव में आ गईं और लगातार तीन डबल फॉल्ट कर बैठीं, जिससे सबालेंका को मैच प्वाइंट मिल गया। इसके बाद सबालेंका ने शानदार फोरहैंड विनर लगाकर मैच जीत लिया।
- **सेमीफाइनल में फिर होगी रयबाकिना से भिड़ंत-** अब सेमीफाइनल में सबालेंका का मुकाबला ऐलेना रयबाकिना से होगा। दोनों खिलाड़ियों के बीच अब तक 16 मुकाबले हुए हैं, जिसमें सबालेंका 9-7 से आगे हैं। हाल ही में इंडियन वेल्स फाइनल में भी सबालेंका ने रयबाकिना को हराकर खिताब जीता था।
- **रयबाकिना ने पेगुला को हराकर बनाई जगह-** दूसरी ओर, वर्ल्ड नंबर-2 ऐलेना रयबाकिना ने जेसीका को 2-6, 6-3, 6-4 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। रयबाकिना ने धीमी शुरुआत के बाद शानदार वापसी की और मैच जीत लिया। यह 2026 में उनका दूसरा सेमीफाइनल है। उन्होंने जनवरी में ऑस्ट्रेलियन ओपन का खिताब भी जीता था।
- **मियामी ओपन सेमीफाइनल में शानदार रिकॉर्ड-** रयबाकिना का मियामी ओपन सेमीफाइनल में रिकॉर्ड 2-0 का है। उन्होंने 2023 में पेगुला और 2024 में विक्टोरिया को हराया था, लेकिन दोनों बार फाइनल में उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। 2023 में पेट्रा कोवीटोवा और 2024 में कोलीन्स ने उन्हें फाइनल में हराया था।

## कोहली ने 19 गेंदों में बनाए 45 रन

- कार्तिक बोले- हर साल नया प्लान, इस बार और बेहतर दिखेंगे; 28 को आरसीबी का पहला मैच

बेंगलुरु (एजेंसी)। आईपीएल 2026 के शुरू होने से पहले रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली जबरदस्त फॉर्म में नजर आ रहे हैं। बेंगलुरु में आरसीबी के दूसरे इंट्रा स्क्वाड मैच में विराट



कोहली ने तेज पारी खेलते हुए 19 गेंद में 45 रन बनाए। टीम के मेंटर और बैटिंग कोच दिनेश कार्तिक ने उनकी फॉर्म और इरादे की तारीफ की है इससे पहले सोमवार को खेले गए पहले इंट्रा-स्क्वाड मैच में भी विराट ने 12 गेंदों पर 29 रन बनाए थे।

**कार्तिक बोले- कोहली खुद को बेहतर बना रहे-** मैच के बाद आरसीबी ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर किया है। इसमें दिनेश कार्तिक ने कहा, आज का गेम अच्छा रहा। विराट की क्लास शुरुआत में ही दिख गई थी, उन्होंने कुछ बेहतरीन शॉट्स खेले। विराट की महानता यह है कि वे हर साल एक खास प्लान और इरादे के साथ आते हैं। आपने देखा कि उन्होंने अपनी बल्लेबाजी को किस स्तर पर पहुंचाया है। मुझे लगता है कि इस साल वे और भी बेहतर करने की कोशिश करेंगे।

## लिवरपूल को झटका, सालाह सीजन के आखिर में छोड़ देंगे टीम

लंदन (एजेंसी)। मोहम्मद सालाह ने मंगलवार को घोषणा की कि वह सीजन के आखिर में लिवरपूल एफसी छोड़ देंगे, जिससे एनफील्ड में उनका शानदार समय खत्म हो जाएगा। 33 साल के इस खिलाड़ी ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में इस खबर को कन्फर्म करते हुए कहा, बदकिस्मती से वह दिन आ गया है। यह मेरे फेयरवेल का पहला हिस्सा है, और फिर कहा, मैं सीजन के आखिर में लिवरपूल छोड़ दूंगा।



सालाह ने अप्रैल 2025 में क्लब के साथ दो साल का नया कॉन्ट्रैक्ट साइन किया था, लिवरपूल ने कहा कि दोनों पार्टियों ने उनके भविष्य को लेकर एक एग्रीमेंट कर लिया है जिससे वह फ्री ट्रांसफर पर जा सकते हैं। उनके अपने ऊंचे स्टैंडर्ड के हिसाब से, पिच पर यह एक मुश्किल कैंपेन रहा है। सालाह ने सभी कॉम्पिटिशन में 34 मैचों में 10 गोल किए हैं, जिससे 2017 में क्लब जॉइन करने के बाद से उनका सीज़न का सबसे कम गोल हो गया है।

ऑफ-फील्ड दिक्कतों ने भी इसमें भूमिका निभाई है। दिसंबर में लीड्स के साथ 3-3 के ड्रॉ के बाद सालाह ने कहा कि क्लब ने उन्हें बस के नीचे फेंक दिया था और बताया कि हेड कोच आर्ने स्लॉट के साथ उनका रिश्ता टूट गया था। हालांकि जनवरी में उनके बाहर होने की अटकलें थीं, लेकिन अफ्रीका कप ऑफ नेशंस में शामिल होने के बाद वह टीम में वापस आ गए। यह अभी साफ नहीं है कि सालाह अगले सीजन में कहां खेलेंगे। लिवरपूल ने कहा कि उन्होंने सपोर्टर्स के लिए सम्मान और आभार दिखाने और अपने भविष्य के बारे में साफ जानकारी देने के लिए यह घोषणा जल्दी करने का फैसला किया।

आईपीएल 2026-

# आरसीबी-एसआरएच मैच से पहले बड़ा फैसला

### बीसीसीआई ने रद्द की ओपनिंग सेरेमनी



नईदिल्ली (एजेंसी)। आईपीएल 2026 की शुरुआत से ठीक पहले बीसीसीआई ने बड़ा फैसला लेते हुए ओपनिंग सेरेमनी रद्द कर दी है। यह समारोह 28 मार्च को बेंगलुरु के एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में होना था, लेकिन पिछले साल हुई भगदड़ में 11 लोगों की मौत के सम्मान में यह निर्णय लिया गया। बीसीसीआई के एक अधिकारी ने कहा, पिछले साल 4 जून को हुई दुखद घटना के कारण आईपीएल 2026 के पहले दिन कोई औपचारिक कार्यक्रम नहीं होगा।

**क्लोजिंग सेरेमनी होगी भव्य -** हालांकि ओपनिंग सेरेमनी रद्द कर दी गई है, लेकिन बीसीसीआई टूर्नामेंट के अंत में भव्य समापन समारोह आयोजित करेगा।अधिकारी ने बताया, बीसीसीआई और आईपीएल गवर्निंग काउंसिल फाइनल के दिन 31 मई को एक भव्य मनोरंजन कार्यक्रम की योजना बना रहे हैं।

**आरसीबी और एसआरएच के बीच होगा पहला मैच -** 28 मार्च को डिफेंडिंग चैंपियन आरसीबी और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच मुकाबले के साथ आईपीएल 2026 की शुरुआत होगी। इस मैच में ईशान किशन स्क्वा की कप्तानी करते नजर आएंगे, क्योंकि नियमित कप्तान पैट कमिंस चोट के कारण उपलब्ध नहीं हैं।

### 2019 में भी रद्द हुई थी ओपनिंग सेरेमनी

इससे पहले आईपीएल 2019 में भी ओपनिंग सेरेमनी रद्द की गई थी। उस समय पुलवामा आतंकी हमले में शहीद हुए सीआरपीएफ जवानों के सम्मान में यह फैसला लिया गया था और समारोह का पैसा शहीदों के परिवारों को दिया गया था।

### आरसीबी ने भी दी श्रद्धांजलि

आरसीबी टीम ने भी भगदड़ में जान गंवाने वाले 11 प्रशंसकों को सम्मान देने के लिए खास फैसला लिया है। टीम मैनेजमेंट ने कहा, 11 प्रशंसकों की याद में खिलाड़ी मैच के दिन अभ्यास के दौरान 11 नंबर की जर्सी पहनेंगे और काली पट्टी भी बांधेंगे। उन्होंने आगे कहा, चिन्नास्वामी स्टेडियम में 11 सीटें हमेशा के लिए खाली रखी जाएंगी, ताकि उन प्रशंसकों की याद हमेशा बनी रहे।

## 'लोग मुझ पर हंसते थे', आरसीबी में विजय माल्या की 450 करोड़ की इनवेस्टमेंट बनी 16000 करोड़



बेंगलुरु (एजेंसी)। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के पूर्व मालिक विजय माल्या ने सोशल मीडिया पर फ्रैंचाइज़ी की रिकॉर्ड-तोड़ बिक्री पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि जब उन्होंने आरसीबी का अधिग्रहण किया था तो ज्यादातर लोग मुझ पर हंसते थे। आदित्य बिड़ला ग्रुप के नेतृत्व वाले एक कंसोर्टियम ने 1.78 बिलियन डॉलर (16,000 करोड़ रुपये से ज्यादा) में फ्रैंचाइजी का अधिग्रहण पूरा किया। इस कंसोर्टियम में ब्लैकस्टोन, अमेरिका स्थित निवेशक डेविड ब्लिट्जर की बोल्ट वेंचर्स और टाइम्स ऑफ इंडिया भी शामिल हैं। इस सौदे ने आरसीबी को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के इतिहास की सबसे महंगी फ्रैंचाइजी बना दिया। माल्या ने आरसीबी फ्रैंचाइजी को 450 करोड़ रुपए में खरीदा था और अब इस इनवेस्टमेंट को करीब 16,000 बन गई। माल्या ने एक्स (पहले ट्विटर) पर लिखा, 'मैं आरसीबी के नए मालिकों को दिल से बधाई देना चाहूंगा। मैं उन्हें इस सबसे कीमती आईपीएल फ्रैंचाइजी के साथ सफलता और शुभकामनाएं देता हूं। ' जब मैंने 2008 में 450 करोड़ रुपये में यह फ्रैंचाइजी खरीदी थी, तो ज्यादातर लोगों ने मेरा मजाक उड़ाया था और मेरे निवेश को 'पागलपन' के पीछे रॉयल चैलेंज ब्रांड को खड़ा करने का मकसद था और इसीलिए मैंने फ्रैंचाइजी का नाम आरसीबी रखा। उन्होंने आगे लिखा, यह देखकर बहुत संतोष होता है कि मेरा 450 करोड़ रुपये का निवेश बढ़कर 16,500 करोड़ रुपए हो गया है। आरसीबी हमेशा मेरे डीएनए का हिस्सा रहेगी, जिसमें कई यादगार पल शामिल हैं।

## ओडिशा की युवा तैराक अंजलि मुंडा ने 'खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स' में किया स्वर्ण पदक का इतिहास रचना

रायपुर (एजेंसी)। ओडिशा की 15 वर्षीय तैराक अंजलि मुंडा ने 'खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स' 2026 में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता, जिससे उन्होंने एक नया इतिहास रच दिया। वह इस प्रतियोगिता की पहली महिला स्वर्ण पदक विजेता बनीं। अंजलि की यात्रा प्रेरणा से भरी है। 2022 में, जब वह विद्यालय में थीं, एक खेल शिक्षक ने बच्चों से खेल चुनने को कहा। अंजलि ने तैराकी का चयन किया, क्योंकि वह इससे थोड़ी परिचित थीं। उस समय उन्होंने कभी भी पेशेवर प्रशिक्षण नहीं लिया था और उनके लिए, तैराकी केवल पानी में खेलने जैसा था। जाजपुर जिले के एक छोटे से गाँव की निवासी अंजलि ने 10 वर्ष की आयु में कलिंगा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंस में प्रवेश लिया, जहाँ आदिवासी बच्चों को मुफ्त शिक्षा और आवास की सुविधा मिलती है। प्रारंभ में वह अपनी बड़ी बहन से प्रेरित थीं, जो तीरंदाजी में रुचि रखती थीं, लेकिन बाद में उन्होंने तैराकी को ही अपना लक्ष्य बना लिया। अंजलि ने शुरुआत में आत्मविश्वास की कमी महसूस की, लेकिन एक वर्ष बाद उन्होंने एक स्थानीय प्रतियोगिता में सिल्वर मेडल जीता। यह उनका पहला मेडल था जिसने उनका हौसला बढ़ाया। इसके बाद उन्होंने लगातार




मेहनत की और कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स 2026 में अंजलि ने 200 मीटर फ्रीस्टाइल में 2-39-02 का समय निकालकर स्वर्ण पदक जीता। यदि वह यह जीत नहीं पातीं, तो पहले दिन सभी स्वर्ण पदक कर्नाटक के खिलाड़ियों के खाते में जाते। 15 वर्षीय अंजलि ने कहा, सिल्वर मेडल मेरी जिंदगी का पहला मेडल था और यह बहुत खास है।

पूर्व भारतीय क्रिकेटर शिवरामकृष्णन का बड़ा खुलासा

## कोई अपनी बेटी की शादी मुझसे नहीं करवाना चाहता था

नईदिल्ली (एजेंसी)। पूर्व भारतीय स्पिनर शिवरामकृष्णन ने अपने जीवन के मुश्किल दौर को याद करते हुए बड़ा खुलासा किया। उन्होंने बताया कि बहुत कम उम्र में ही उन पर शराब और ड्रग्स लेने के आरोप लगा दिए गए थे, जिससे उनकी छवि खराब हो गई और उन्हें डिप्रेशन का सामना करना पड़ा। उन्होंने कहा, लोगों ने बुरी बातें फैलाने में मजा आता है। मेरे ज्यादातर टूर 16 से 19 साल की उम्र में हुए। उस उम्र में होटल में मुझे शराब कौन सर्व करता? मैंने जिंदगी में कभी ड्रग्स नहीं लिया।



**शादी के लिए भी नहीं आए रिश्ते -** शिवरामकृष्णन ने बताया कि उनकी खराब छवि का असर उनकी निजी जिंदगी पर भी पड़ा। उनके माता-पिता ने शादी के लिए अखबार में विज्ञापन दिया था, लेकिन कोई रिश्ता नहीं आया। उन्होंने कहा, दो हफ्ते बाद जब पोस्ट बॉक्स खोला तो एक भी जवाब नहीं था। लोगों ने मेरी छवि इतनी खराब कर दी थी कि कोई अपनी बेटी की शादी मुझसे नहीं करना चाहता था।

**भारतीय टीम से बाहर होने का दर्द -** शिवरामकृष्णन ने भारतीय टीम से बाहर होने का किस्सा भी बताया। उन्होंने कहा कि चयनकर्ताओं ने उनसे मीडिया से झूठ बोलने को कहा था। उन्होंने कहा, 1987 वर्ल्ड कप के बाद सिलेक्टर्स ने कहा कि प्रेस से कहो कि तुम फिट नहीं हो। मैंने मना कर दिया। मैंने कहा अगर बाहर करना है तो कर दो, लेकिन मैं झूठ नहीं बोलूंगा।

हर्षित राणा के रिप्लेसमेंट बने

# केकेआर में पेसर नवदीप सैनी की एंट्री

- बुमराह बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस पहुंचे

कोलकाता (एजेंसी)। आईपीएल 2026 से पहले कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने तेज गेंदबाज नवदीप सैनी को टीम में शामिल किया है। वे चोटिल हर्षित राणा की जगह खेलेंगे। हर्षित टी-20 वर्ल्ड कप के प्रैक्टिस मैच में साउथ अफ्रीका के खिलाफ चोटिल हो गए थे।

वहीं भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह वर्कलोड मैनेजमेंट के लिए बेंगलुरु स्थित बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस पहुंचे हैं। यहां वे स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग पर काम कर रहे हैं। कोलकाता अपना पहला मैच मुंबई के खिलाफ 29 मई को वानखेड़े में खेलेगी।

**सैनी ने 2019 में पहला सीजन खेला-** नवदीप सैनी ने आईपीएल करियर की शुरुआत 2019 में आरसीबी के साथ की थी। पहले सीजन में उन्होंने 13 मैच में 11 विकेट लिए थे। इसके बाद वे दो सीजन आरसीबी के साथ रहे और फिर राजस्थान रॉयल्स में शामिल हुए। सैनी ने अब तक आईपीएल में 23 विकेट लिए हैं और भारत के लिए तीनों फॉर्मेट खेल चुके हैं।

### राणा आईपीएल से बाहर

हर्षित राणा आईपीएल 2026 से पूरी तरीके से बाहर हो गए हैं। इससे पहले राणा चोट की वजह से टी-20 वर्ल्ड कप से भी नहीं खेल पाए थे। टीम मैनेजमेंट ने विकल्पों पर चर्चा के बाद सैनी को चुना। इससे पहले चक्रआकाश दीप की जगह सौरभ दुबे को भी टीम में शामिल कर चुका है।



### बुमराह स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग पर काम कर रहे

इधर, भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह वर्कलोड मैनेजमेंट के लिए बेंगलुरु स्थित बीसीसीआई ऑफ एक्सीलेंस पहुंचे हैं। यहां वे स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग पर काम कर रहे हैं। बुमराह आईपीएल 2026 में मुंबई इंडियंस के पहले मैच के लिए उपलब्ध रहेंगे। हाल ही में उन्होंने टी-20 वर्ल्ड कप फाइनल में न्यूजीलैंड के खिलाफ 4 विकेट लेकर भारत की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। मुंबई इंडियंस ने वानखेड़े में अभ्यास भी शुरू कर दिया है।

# दिल्ली के मुख्यमंत्री ने स्कूल आने-जाने में आसानी के लिए छात्राओं को साइकिल वितरित कीं

**नई दिल्ली,(भाषा)।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बृहस्पतिवार को छात्राओं को साइकिल वितरित करते हुए कहा कि इस पहल का उद्देश्य यह है कि उन्हें स्कूल आने-जाने में आसानी हो सके। अपने विधानसभा क्षेत्र शालीमार बाग में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान, गुप्ता ने छात्राओं को साइकिल सौंपते हुए उनसे बातचीत की। उन्होंने पत्रकारों से कहा, "हमने देखा है कि कभी-कभी लड़कियों को घर से स्कूल जाने में दिक्कतें आती है। अब साइकिल की मदद से बिना किसी परेशानी के अपने घर और स्कूल आ जा सकेंगी। गुप्ता ने कहा कि इस पहल से बालिकाओं की शिक्षा में आने वाली बाधाओं को दूर करने में मदद मिलेगी। मुख्यमंत्री ने एक्स पर कहा कि मां के रूप में इन कन्याओं का पूजन केवल एक परंपरा नहीं, बल्कि यह स्मरण है कि जहां बेटियों का सम्मान होता है, वहीं सच्ची समृद्धि का वास होता है।उन्होंने कहा, "इसी श्रद्धा और संकल्प के साथ आज 1100 बेटियों को साइकिल प्रदान की गई। इस वर्ष से हमारी सरकार ने बजट में दिल्ली के सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाली नौवीं कक्षा में उत्तीर्ण 1,30,000 बेटियों को साइकिल प्रदान करने का प्रावधान किया है। इससे उन्हें आने-जाने में सुविधा होगी, पढ़ाई बीच में छोड़ने की दर कम होगी और माता-पिता की चिंता भी कम होगी। मुख्यमंत्री ने कहा, दिल्ली का भविष्य इन बेटियों की उड़ान से ही उज्ज्वल होगा और मां दुर्गा से यही प्रार्थना है, हर बेटी सशक्त बने, हर घर में सुख-समृद्धि आए और यह भक्ति और शक्ति का संगम सदैव बना रहे। दिल्ली सरकार ने 2026-27 के अपने बजट में नौवीं कक्षा की लगभग 1,30,000 छात्राओं को मुफ्त साइकिल उपलब्ध कराने के लिए 90 करोड़ रुपए आवंटित किए हैं।



## राष्ट्रपति मुर्मू ने आंध्र प्रदेश में हुई बस दुर्घटना पर शोक व्यक्त किया



**नई दिल्ली, (भाषा)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बृहस्पतिवार को आंध्र प्रदेश में हुई बस दुर्घटना में लोगों की मौत पर शोक व्यक्त किया और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। पुलिस ने बताया कि बृहस्पतिवार को मार्कापुरम जिले में एक निजी बस के ट्रक से टकराने के बाद उसमें आग लग गई जिसमें कम से कम 14 लोगों की मौत हो गई और 23 अन्य घायल हो गए। मार्कापुरम के पुलिस अधीक्षक वी हर्षवर्धन राजू ने कहा कि यात्री जलते हुए वाहन के अंदर फंस गए थे। मुर्मू ने एक्स पर कहा, "आंध्र प्रदेश के मार्कापुरम जिले में हुई बस दुर्घटना के बारे में जानकर गहरा दुख हुआ। मैं शोक संतप्त परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करती हूं। मेरी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं उनके साथ हैं। मैं घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करती हूं।

# राहुल गांधी के सलाहकारों ने उनके दिमाग पर कब्जा कर लिया है : रीजीजू

**नई दिल्ली,(भाषा)।** केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के सदन में टी-शर्ट पहनकर आने पर सवाल उठाते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि कांग्रेस नेता के दिमाग पर उनके एक्टिविस्ट सलाहकारों ने कब्जा कर लिया है और वह संसद में वही बोलते हैं जो उनके सलाहकार उन्हें बोलने को कहते हैं। रीजीजू ने यहां टाइम्स नाउ समिट में हिस्सा लेते हुए कहा, निजी तौर पर, मुझे राहुल गांधी से कोई दिक्कत नहीं है। हम मिलते हैं, (बैठक) कक्ष में और उसके बाहर एक-दूसरे से बात करते हैं, क्योंकि वह प्रतिपक्ष के नेता हैं। यह कोई दिक्कत नहीं। लेकिन जब आप औपचारिक रूप से सदन के पटल पर बोल रहे होते हैं, तो आपको परंपराओं, नियमों और शिष्टाचार का पालन करना चाहिए। संसदीय लोकतंत्र के बहुत जरूरी हिस्से हैं। उन्होंने कहा, लेकिन राहुल गांधी का दिमाग उनके एक्टिविस्ट सलाहकारों ने हाईजैक कर लिया है। वह वही बोलते हैं जो उनके सलाहकार बोलने को कहते हैं। रीजीजू ने कहा कि जब भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) विपक्ष में थी, तो उसने कुछ मानकों का पालन किया और जोरदार विरोध प्रदर्शन किए, लेकिन उसने कभी अपनी सीमाएं पार नहीं कीं। राहुल गांधी के संसद में अक्सर कैजुअल कपड़ों में आने के बारे में पूछे जाने पर मंत्री ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष के तौर पर, किसी को भी उचित तरीके से व्यवहार करना चाहिए, और पहनावा भी इसी का एक हिस्सा है। मंत्री ने कहा, उन्हें नियमों और शिष्टाचार को समझने में दिक्कत होती है। जब आप नेता प्रतिपक्ष होते हैं, तो आपको एक खास तरीके से व्यवहार करना होता है। शालीन पहनावा भी इसी का एक हिस्सा है। रीजीजू ने कहा कि वरिष्ठ कम्युनिस्ट नेता सोमनाथ चटर्जी लोकसभा अध्यक्ष बनने से पहले ढीली शर्ट और सैंडल पहनते थे। उन्होंने कहा, लेकिन जब वह लोकसभा अध्यक्ष चुने गए, तो वह काफी शालीनता से कपड़े पहनकर आने लगे ताकि वह कुर्सी पर बैठे हुए अच्छे दिखें। इसी तरह, नेता प्रतिपक्ष पूरे विपक्ष के नेता होते हैं और इसलिए, उन्हें इस तरह से कपड़े पहनने चाहिए जो उनके पद की गरिमा के अनुरूप हो। रीजीजू ने कहा, हो सकता है कि मैं उस व्यक्ति का सम्मान न करूं, लेकिन मुझे उस पद का सम्मान करना ही होगा। इसलिए बहुत से लोगों को लगता है कि वह (गांधी) और बेहतर तरीके से व्यवहार कर सकते हैं, जिसमें बेहतर पहनावे की समझ भी शामिल है।



## हरियाणा में 21 आईएएस और 42 एचसीएस अधिकारियों का तबादला

**चंडीगढ़, (भाषा)।** हरियाणा सरकार ने एक बड़े प्रशासनिक फेरबदल में तत्काल प्रभाव से 21 आईएएस और 42 एचसीएस अधिकारियों के तबादलों और पदस्थापन के आदेश जारी किए हैं। एक सरकारी आदेश में यह कहा गया है कि जिन भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारियों का तबादला किया गया है, उनमें हरियाणा सरकार के गृह-प्रथम और गृह-द्वितीय विभाग की सचिव और हरियाणा अनुसूचित जाति, वित्त और विकास निगम की प्रबंध निदेशक गीता भारती को हिसार मंडल का आयुक्त बनाया गया है। वह रवि प्रकाश गुप्ता की जगह लेंगी। बुधवार शाम को जारी आदेश के अनुसार, हरियाणा सरकार के उद्योग एवं वाणिज्य विभाग के आयुक्त एवं सचिव तथा सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग के आयुक्त एवं सचिव अमित कुमार अग्रवाल अपने वर्तमान कर्तव्यों के अतिरिक्त कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड, कुरुक्षेत्र के सदस्य सचिव का कार्यभार भी संभालेंगे। हरियाणा सरकार के शहरी संपदा विभाग के सचिव और हिसार मंडल के आयुक्त रवि प्रकाश गुप्ता अब गुरुग्राम मंडल के आयुक्त होंगे। गुप्ता हरियाणा सरकार के शहरी संपदा विभाग में सचिव के पद पर बने रहेंगे। हरियाणा में कौशल विकास और औद्योगिक प्रशिक्षण की निदेशक वंदना दिसोदिया का तबादला कर उन्हें गृह-प्रथम और गृह-द्वितीय विभाग में अतिरिक्त सचिव और हरियाणा अनुसूचित जाति, वित्त और विकास निगम की प्रबंध निदेशक के पद पर तैनात किया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### अहमदाबाद के बहुमंजिला आवासीय इमारत में लगी भीषण आग, कोई हताहत नहीं

**अहमदाबाद, (भाषा)।** अहमदाबाद के शेला इलाके में स्थित बहुमंजिला आवासीय इमारत स्काईसिटी रिवेरा एलीट की तीसरी मंजिल पर एक फ्लैट में बृहस्पतिवार सुबह भीषण आग लग गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि इस घटना में किसे के हताहत होने की खबर नहीं है। उन्होंने बताया कि तीसरी मंजिल और उससे ऊपर के फ्लैट के सभी निवासियों को समय रहते सुरक्षित रूप से छत पर पहुंचा दिया गया।अतिरिक्त मुख्य अग्निशमन अधिकारी जएश खडिय़ा ने बताया कि आग पर काबू पाने के लिए दमकल की 12 से अधिक गाडिय़ां मौके पर भेजी गईं। फ्लैट में लकड़ी का सामान होने के कारण आग तेजी से फैल गई जिससे सामान पूरी तरह से नष्ट हो गया। अधिकारी के अनुसार, तीसरी मंजिल पर जिस फ्लैट में आग लगी उसके आस पास के दो फ्लैट भी आंशिक रूप से प्रभावित हुए हैं। खडिय़ा ने बताया, बोपल, थलतेज और प्रह्लादनगर अग्निशमन केंद्रों से दमकल की गाडिय़ां मौके पर भेजी गईं। एक टीम ने आग बुझाने का काम किया और दूसरी टीम ने तीसरी से ऊपरी मंजिल तक सभी प्रभावित निवासियों को सुरक्षित छत पर पहुंचाया। उन्होंने कहा कि आग पर लगभग ढाई घंटे बाद काबू पा लिया गया और फिर निवासियों को अपने-अपने फ्लैट में लौटने की अनुमति दे दी गई।

### अलवर जिले में पुलिस कांस्टेबल सहित दो लोग रिश्वत लेते गिरफ्तार

**जयपुर, (भाषा)।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की टीम ने बुधवार को अलवर जिले में एक पुलिस कांस्टेबल सहित दो लोगों को 20,000 रुपए की कथित रिश्वत लेते गिरफ्तार किया। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों के अनुसार अलवर के पुलिस थाना कठूमर में कांस्टेबल रामेश्वर सिंह और निरंजन सिंह नामक एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। ब्यूरो के बयान के अनुसार परिवादी ने शिकायत दी थी कि उसके एक रिश्तेदार के खिलाफ थाना कठूमर में दर्ज मामले की जांच में मदद करने के नाम पर सहायक पुलिस निरीक्षक (एएसआई) नरेन्द्र सिंह, कांस्टेबल रामेश्वर सिंह व निरंजन सिंह नाम के व्यक्ति द्वारा 20,000 रुपए की रिश्वत मांग कर परेशान किया जा रहा है। ब्यूरो की टीम ने शिकायत के सत्यापन के बाद बुधवार को कार्वाई की। इस दौरान कांस्टेबल रामेश्वर व निरंजन परिवादी से रिश्वत की रकम लेते पाए गए। इस मामले में आरोपी एएसआई नरेन्द्र सिंह की गिरफ्तारी होनी अभी बाकी है। मामले में आगे की जांच व कार्वाई जारी है।

### आतंकवाद मामले में जम्मू-कश्मीर पुलिस ने तीन जिलों में कई स्थानों पर छापे मारे

**श्रीनगर, (भाषा)।** जम्मू-कश्मीर पुलिस की काउंटर इंटेलिजेंस शाखा ने आतंकवाद के एक मामले की जांच के सिलसिले में बृहस्पतिवार को घाटी में कई स्थानों पर छापे मारे। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि काउंटर इंटेलिजेंस कश्मीर (सीआईके) ने घाटी के तीन जिलों में छापे मारे। अधिकारियों ने कहा, श्रीनगर, शोपियां और गांदरबल जिलों में छापेमारी की जा रही है। उन्होंने बताया कि यह कार्वाई सीआईके द्वारा हाल में दर्ज किए गए आतंकवाद के एक मामले की जांच के तहत की जा रही है। अधिकारियों ने कहा, हाल में सीआईके थाने में दर्ज आतंकवाद संबंधी एक मामले की जांच के तहत अदालत द्वारा जारी तलाशी वारंट के आधार पर छापेमारी की जा रही है।

### मप्र के ग्वालियर में रास्ता देने के विवाद में गोलीबारी, महिला घायल

**ग्वालियर, (भाषा)।** मध्यप्रदेश के ग्वालियर जिले में सड़क पर रास्ता देने को लेकर हुए विवाद में अज्ञात बदमाशों द्वारा की गई गोलीबारी में एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। यह घटना बुधवार रात करीब 10.30 बजे बेहट थाना क्षेत्र के रंगावां गांव के पास हुई, जब महिला अपने बेटे के साथ ग्वालियर में मंदिर दर्शन के बाद उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ स्थित घर लौट रही थी। महिला का बेटा वाहन चला रहा था। पुलिस के अनुसार रास्ते में एक संकरी सड़क पर एक कार बीच में खड़ी थी। शिकायतकर्ता ने रास्ता देने के लिए पहले हॉर्न बजाया, लेकिन कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। इसके बाद उसने हूटर बजाया, जिससे अन्य कार में सवार युवक नाराज हो गए। शिकायतकर्ता भीम गौतम शर्मा ने पुलिस को बताया कि आरोपियों ने पहले तो उन्हें कुछ दूर तक जाने दिया और फिर उनका पीछा किया तथा उन पर गोलीबारी की। गोली कार का शीशा तोड़ते हुए युवक की मां विमला देवी शर्मा (60) की गर्दन में जा लगी। उप संभागीय पुलिस अधिकारी (एसडीपीओ) मनीष यादव ने पीटीआई-वीडियो को बताया कि हमलावर घटना के बाद भिंड की ओर फरार हो गए। घायल महिला को तुरंत एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है।

## श्रीनगर के रघुनाथ मंदिर में 36 साल बाद राम नवमी पूजा, हिंदू-मुस्लिम एकता की मिसाल

**श्रीनगर, (भाषा)।** श्रीनगर के हब्बा कदल इलाके में स्थित रघुनाथ मंदिर बृहस्पतिवार को एक ऐतिहासिक पल का गवाह बना, जब 36 वर्ष बाद इस सौ साल पुराने मंदिर में राम नवमी की पहली पूजा आयोजित की। इस खास अवसर पर न सिर्फ हिंदू श्रद्धालु जुटे, बल्कि उनके मुस्लिम पड़ोसी भी साथ खड़े नजर आए, जिससे माहौल भाईचारे और सौहार्द से भर उठा। हालांकि, मंदिर में अभी मरम्मत और पुनर्निर्माण का काम जारी है, फिर भी मंदिर प्रबंधन समिति ने इस ऐतिहासिक अवसर का जश्न मनाने के लिए पूजा का आयोजन किया। समिति के महासचिव सुनील कुमार ने बताया, 36 साल बाद यहां राम नवमी की पूजा हो रही है। हममें से कुछ लोग जम्मू से आए हैं, लेकिन देश-विदेश से कई लोगों ने दान देकर मंदिर के पुनर्निर्माण में सहयोग किया है। उन्होंने यह भी बताया कि निर्माण कार्य अधूरा होने के कारण अभी मूर्ति स्थापना नहीं हो सकी है। कश्मीरी पंडितों की घाटी में वापसी के सवाल पर सुनील कुमार ने कहा कि यह तब तक संभव नहीं है, जब तक कश्मीरी मुस्लिम समुदाय का सहयोग न मिले। उन्होंने कहा, सरकार हमें एक साल में बसाकर पुनर्वास कर सकती है, लेकिन हमारी वापसी के लिए कश्मीरी मुसलमानों का साथ जरूरी है। इस अवसर पर स्थानीय मुस्लिम निवासी गुलाम हसन भी मंदिर पहुंचे और उत्सव में शामिल हुए। उन्होंने कहा, कश्मीरी पंडित और मुसलमान भाई-भाई हैं। हम दशकों से साथ रहते आए हैं। राम नवमी के अवसर पर शहर के अन्य मंदिरों, जैसे शंकराचार्य मंदिर में भी विशेष पूजा-अर्चना की गई।

## बंगाल में केवल सत्ता परिवर्तन ही न्याय दिला सकता है: आरजी कर मृतका के माता-पिता

**कोलकाता, (भाषा)।** पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस के कुशासन को केवल भारतीय जनता पार्टी 2416(भाजपा) ही समाप्त कर सकती है और उनकी बेटी के लिए न्याय के साथ-साथ राज्य में महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित कर सकती है। आरजी कर अस्पताल में जिस महिला चिकित्सक की हत्या कर दी गई थी, उसकी शोक संतप्त मां ने यह बात कही। अगस्त 2024 में राज्य सरकार के आरजी कर अस्पताल के एक बंद सेमिनार कक्ष में 26 वर्षीय महिला चिकित्सक की दुष्कर्म के बाद निर्मम हत्या कर दी गई थी। दिवंगत चिकित्सक की मां रत्ना देबनाथ को भाजपा ने उत्तर 24 परगना जिले के पनिहाटी निर्वाचन क्षेत्र से उम्मीदवार बनाया है, जिसे तृणमूल का गढ़ माना जाता है। इस मुद्दे को लेकर देशव्यापी आक्रोश और महीनों तक अस्पताल परिसर व चिकित्सा संस्थानों में विरोध प्रदर्शन हुए।

## अगर मतदाता सूची में 30 लाख नाम शामिल होते हैं तो इसका श्रेय तृणमूल कांग्रेस को मिलेगा : ममता बनर्जी

**दुबराजपुर (प. बंगाल), (भाषा)।** तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी ने बृहस्पतिवार को दावा किया कि अगर विचाराधीन 60 लाख से अधिक लोगों के नामों में से लगभग 30 लाख नाम मतदाता सूची में शामिल हो जाते हैं तो इसका श्रेय उनकी पार्टी को मिलेगा। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री बनर्जी ने बीरभूम जिले में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि तृणमूल कांग्रेस उन सभी लोगों के लिए कानूनी उपाय सुनिश्चित करेगी जिनके नाम मतदाता सूचियों से हटा दिए गए हैं। उन्होंने कहा, अगर विचाराधीन 60 लाख से अधिक नामों में से 29 से 30 लाख नाम मतदाता सूची में शामिल हो जाते हैं तो यह हमारी उपलब्धि है। हमारे अभियान और संघर्ष के कारण ही ये नाम सूची में आ पाए हैं, लेकिन मैं चाहती हूं कि सूची में 100 प्रतिशत नाम हों क्योंकि वे सभी वास्तविक मतदाता हैं। निर्वाचन आयोग ने सोमवार को विचाराधीन मतदाताओं की पहली पूरक सूची जारी की, लेकिन उस सूची में हटाए गए नामों की संख्या या निपटाए गए मामलों की सटीक संख्या का आधिकारिक तौर पर खुलासा नहीं किया। रैली को संबोधित करते हुए बनर्जी ने कहा कि तृणमूल कांग्रेस के वकील उन लोगों की मदद करेंगे जिनका नाम मतदाता सूची में नहीं है, ताकि वे इस उद्देश्य से गठित न्यायाधिकरणों के समक्ष अपना पक्ष रख सकें। उन्होंने भाजपा पर मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के जरिए लोगों को परेशान करने का आरोप लगाया।



## राहुल गांधी अनुभव से नहीं सीखते वह भाजपा की बी-टीम हैं : विजयन



**कोच्चि, (भाषा)।** केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर बृहस्पतिवार को निशाना साधते हुए कहा कि राष्ट्रीय स्तर की राजनीतिक हस्ती होने के बावजूद वह अनुभव से सीखते नहीं हैं। विजयन ने गांधी एवं उनकी पार्टी पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की बी-टीम होने का आरोप लगाया।मुख्यमंत्री ने यह टिप्पणी ऐसे समय की है जब एक दिन पहले बुधवार को गांधी ने आरोप लगाया था कि केरल के मुख्यमंत्री के खिलाफ भ्रष्टाचार के विभिन्न मामलों में केंद्रीय एजेंसियों की कथित निष्क्रियता वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) और भाजपा के बीच साठगांठ का सबूत है।विजयन ने कांग्रेस नेता के आरोप को लेकर यहां कोठमंगलम में संवाददाता सम्मेलन के दौरान पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए कहा, भले ही वह (राहुल) एक राष्ट्रीय नेता हैं लेकिन सच्चाई यह है कि उनमें क्षेत्रीय नेता जैसी समझ भी नहीं है। वह किसी भी बात को स्पष्ट रूप से समझने की कोशिश नहीं करते। वह अनुभव से सीखते नहीं हैं। उन्होंने कहा, ए किसी राजनीतिक नेता को शोभा देने वाली बात नहीं हैं।

### खरगे का रीजीजू को पत्र

## महिला आरक्षण पर सरकार जल्दबाजी में क्यों, चुनाव बाद बुलाए सर्वदलीय बैठक

**नई दिल्ली, (भाषा)।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बृहस्पतिवार को सरकार से महिला आरक्षण अधिनियम में संशोधन के विषय पर सर्वदलीय बैठक बाद में बुलाने का आग्रह एक बार फिर किया और कहा कि जब राजनीतिक दल चुनाव में व्यस्त हैं तो फिर वह बहुत जल्दबाजी में क्यों नजर आ रही है।खरगे ने संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू को लिखे पत्र में यह भी कहा कि सरकार को 29 अप्रैल, 2026 को पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के अंतिम चरण का मतदान संपन्न होने के बाद सर्वदलीय बैठक बुलानी चाहिए।बीते मंगलवार को विपक्षी दलों ने रीजीजू को पत्र लिखकर आग्रह किया था कि वह चार राज्यों एवं एक केंद्रशासित प्रदेश में विधानसभा चुनाव संपन्न होने के बाद महिला आरक्षण अधिनियम में संशोधन के विषय पर सर्वदलीय बैठक बुलाए। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आम सहमति बनाने के लिए बीते सोमवार को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के कुछ घटक दलों और विपक्ष के कुछ क्षेत्रीय दलों के नेताओं के साथ अलग-अलग बैठकें कीं। लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने के प्रावधान के लिए नारी शक्ति वंदन अधिनियम, 2023 पारित किया गया था, हालांकि उसे परिसीमन की प्रक्रिया के बाद ही लागू किया जा सकता है।



## दयालपुर में किशोर की चाकू घोंपकर हत्या, तीन नाबालिग पकड़े गए

**नई दिल्ली, (भाषा)।** उत्तर पूर्वी दिल्ली के दयालपुर इलाके में 16 वर्षीय लड़के की उसके घर के पास कथित रूप से चाकू घोंपकर इसलिए हत्या कर दी गई, क्योंकि वह एक आरोपी को तंग किया करता था। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि हत्या के संबंध में तीन नाबालिगों को पकड़ा गया है। उनके मुताबिक, यह घटना बुधवार को तब हुई जब कुछ लोगों ने पीड़ित को घर के बाहर बुलाया। अधिकारियों ने बताया कि इसके कुछ देर बाद वह अपने परिवार को घर के पास बेहोश मिला और उसे फौरन जगप्रवेश चंद अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## शहरों में 25 दिन, गांवों में 45 दिन के भीतर एलपीजी रिफिल की ऑनलाइन बुकिंग के निर्देश

**रायपुर,(भाषा)।** छत्तीसगढ़ शासन ने शहरी क्षेत्रों में 25 दिनों तथा ग्रामीण क्षेत्रों में 45 दिनों के भीतर रसोई गैस (एलपीजी) रिफिल की ऑनलाइन बुकिंग सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं, ताकि उपभोक्ताओं को समय पर गैस मिल सके। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि राज्य में रसोई गैस की उपलब्धता और वितरण प्रणाली के संबंध में तेल कंपनियों के क्षेत्रीय प्रबंधकों के साथ खाद्य विभाग की सचिव रीना बाबा साहब कंगाले ने समीक्षा बैठक की। उन्होंने बताया कि बैठक में एलपीजी की उपलब्धता, वितरण प्रणाली और उपभोक्ता संस्थानों को प्राथमिकता के आधार पर गैस आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। अधिकारियों ने बताया कि बैठक में निर्णय लिया गया कि वाणिज्यिक एलपीजी उपभोक्ता संस्थानों और प्रतिष्ठानों को पिछले माह की कुल खपत के अधिकतम 20 प्रतिशत तक ही एलपीजी प्रदान किया जाएगा। इसके साथ ही शहरी क्षेत्रों में 25 दिनों तथा ग्रामीण क्षेत्रों में 45 दिनों के भीतर एलपीजी रिफिल की ऑनलाइन बुकिंग सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं, जिससे उपभोक्ताओं को समय पर गैस मिल सके। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन को सभी एलपीजी वितरकों के कार्यालय और गोदामों में पुलिस तथा होमगार्ड के माध्यम से सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि भीड़भाड़ और अव्यवस्था की स्थिति न बने। साथ ही वितरकों को अपने दूरभाष नंबर सक्रिय रखने तथा उपभोक्ताओं की शिकायतों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश भी दिए गए हैं। अधिकारियों ने बताया कि उपलब्ध भंडार को ध्यान में रखते हुए विभिन्न संस्थानों के लिए प्राथमिकता श्रेणियां निर्धारित की गई हैं। इनमें शैक्षणिक संस्थान तथा चिकित्सालय, सैन्य और अर्द्धसैन्य शिविर, जेल, होटल, समाज कल्याण विभाग के संस्थान, रेलवे तथा हवाई अड्डा कैंटीन, शासकीय कार्यालय, गेस्ट हाउस, पशु आहार उत्पादक इकाइयां और रेस्टोरेंट शामिल हैं।



## अंतरराष्ट्रीय आतंकवादी मॉड्यूल मामले में जम्मू-कश्मीर पुलिस के सीआईके ने तीन जिलों में छापे मारे

**श्रीनगर, (भाषा)।** जम्मू कश्मीर पुलिस की काउंटर इंटेलिजेंस शाखा ने पाकिस्तान और बांग्लादेश से संचालित लश्कर-ए-तैयबा के एक अंतरराष्ट्रीय आतंकवादी मॉड्यूल की जांच के तहत घाटी में कई स्थानों पर बृहस्पतिवार को छापेमारी की। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।अधिकारियों ने बताया कि काउंटर इंटेलिजेंस कश्मीर (सीआईके) ने घाटी के तीन जिलों में 10 स्थानों पर छापे मारे।अधिकारियों ने कहा, श्रीनगर, शोपियां और गांदरबल जिलों में छापेमारी जारी है। उन्होंने कहा कि यह कार्वाई सीआईके द्वारा हाल में दर्ज किए गए आतंकवाद के एक मामले की जांच के तहत की जा रही है। अधिकारियों ने कहा, हाल में सीआईके थाने में दर्ज आतंकवाद संबंधी एक मामले की जांच के तहत अदालत द्वारा जारी तलाशी वारंट के आधार पर छापेमारी की जा रही है। उन्होंने कहा, सीआईके की जांच उस आतंकवादी मॉड्यूल से संबंधित है जिसका संचालन बांग्लादेश में रह रहा कश्मीरी मूल का लश्कर-ए-तैयबा का आतंकवादी शब्बीर अहमद लोन कर रहा है। उन्होंने कहा कि लोन मध्य कश्मीर के गांदरबल जिले के कंगन इलाके का रहने वाला है और फिलहाल बांग्लादेश से मॉड्यूल को संचालित कर रहा है।अधिकारियों ने कहा, यह जांच पाकिस्तान के आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े एक अंतरराष्ट्रीय आतंकी मॉड्यूल मामले से संबंधित है, क्योंकि ऐसी जानकारी है कि इस मॉड्यूल को बांग्लादेश और पाकिस्तान में स्थित लश्कर के आकाओं से निर्देश मिल रहे थे।

मुद्रक, प्रकाशक व स्वत्वाधिकारी आरपी न्यूज़ नेटवर्क प्राईवेट लिमिटेड के लिये श्रीराम ऑफसेट, 14, शॉपिंग सेंटर, ज़ोरावरसिंह गेट के बाहर, आमेर रोड, जयपुर से मुद्रित तथा रॉयल पत्रिका कार्यालय: 4312, मोहल्ला नायकान, नाहरवाड़ा, जगन्नाथ शाह का रास्ता, रामगंज, जयपुर से प्रकाशित। पीआरबी एक्ट के अनुसार खबरों के चयन के लिए उत्तरदायित्व संपादक मुन्ना खान मोबाइल नंबर 9772552446, 8058969180 ई-मेल: rpnewsnetworkpvt.ltd@gmail.com